*  ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

13 अप्रैल, 2024
चैत्र, शुक्ल पक्ष, पंचमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 172

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही







## जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा मिलेगा: मोदी

- पीएम की उधमपुर और बाड़मेर में सभा, लालू-गांधी परिवार पर कसा तंज

आजाद सिपाही संवाददाता



**उधमपुर/बाड़मेर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर 10 साल के अंदर-अंदर पूरी तरह बदल चुका है। सड़क, बिजली, पानी, यात्रा, प्रवास ये सब तो है ही, लेकिन सबसे बड़ी बात है, जम्मू कश्मीर का मन बदला है। निराशा से आशा की ओर बढ़े हैं। वह समय दूर नहीं, जब जम्मू-कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव होंगे। इसे वापस राज्य का दर्जा मिलेगा। प्रधानमंत्री शुक्रवार को जम्मू में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

मोदी ने राहुल गांधी और लालू परिवार पर बिना नाम लिये निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये लोग सावन के महीने में मटन बनाते हैं, इसका वीडियो भी बनाते हैं और जारी करते हैं। देश का कानून किसी को भी कुछ भी खाने से नहीं रोकता, ना ही ये मोदी किसी को रोकता है। नवरात्र में नॉनवेज खाने का वीडियो दिखा कर मुगल मानसिकता के द्वारा लोगों को चिढ़ाना चाहते हैं। उधर, मोदी ने शुक्रवार को ही राजस्थान के बाड़मेर में कहा कि इंडी गठबंधन के दल देश से परमाणु हथियार खत्म करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, मैं पूछना चाहता हूं कि आप किसके इशारे पर काम कर रहे हैं, जो भारत को शक्तिहीन करना चाहता है। आखिर किसके दबाव में आपका गठबंधन हमारी परमाणु ताकत को खत्म करना चाहता है। मोदी ने कहा कि ये 400 सीट की बात इसलिए हो रही है, क्योंकि आपने दस साल अच्छे काम करने से मुझे रोकने की कोशिश की है। देश आपको सजा देना चाहता है।

## इडी, सीबीआइ और आइटी केंद्र के राजनीतिक हथियार : राहुल गांधी

आजाद सिपाही संवाददाता



**तिरुनेलवेली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में चुनावी सभा की। राहुल ने कहा कि भारत में विचारधारा की लड़ाई चल रही है। एक तरफ न्याय, स्वतंत्रता और समानता है। दूसरी तरफ आरएसएस, पीएम मोदी और उनकी सरकार है। उन्होंने कहा कि आज केंद्र सरकार इडी, सीबीआइ और आइटी का राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है। विपक्षी नेताओं को धमकी दी जा रही है।राहुल ने कहा कि भारत में कई भाषाएं, संस्कृति और इतिहास है। हमारे लिए सब बराबर और जरूरी है। हालांकि, मोदी कहते हैं कि एक देश, एक नेता और एक भाषा होनी चाहिए। लड़ाई इसी बात की है।

## सोरेन परिवार ने राज्य को केवल लूटा है: बाबूलाल



### राजद नेता हरदेव साहू भाजपा में शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर सोरेन परिवार पर हमला बोला। कहा कि सोरेन परिवार ने राज्य को केवल लूटने का काम किया। यही वजह है कि हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री रहते हुए जेल जाना पड़ा। बाबूलाल शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में राजद के झारखंड प्रदेश के महामंत्री हरदेव साहू के भाजपा में शामिल कराने के मौके पर बोल रहे थे। बाबूलाल ने हरदेव साहू को उनके समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता दिलायी। इस मिलन समारोह में सांसद संजय सेठ समेत अन्य लोग मौजूद थे। बाबूलाल ने कहा कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का सिलसिला शुरू हो गया है। हर रोज विपक्ष की पार्टी को छोड़ कर लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने के लिए कमर कस ली है। इस मौके पर हरदेव साहू ने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विचारधारा से प्रभावित होकर उन्होंने पार्टी का दामन थामा। झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीत तय है।

## रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में बंगाल से दो गिरफ्तार

**बेंगलुरु/कोलकाता।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) को बेंगलुरू के रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में शुक्रवार को बड़ी सफलता हाथ लगी। एजेंसी ने साजिश के मास्टरमाइंड समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एनआइए के मुताबिक, मुसाविर हुसैन शाजिब और अदबुल मथीन अहमद ताहा को कोलकाता के पास से गिरफ्तार किया गया। दोनों यहां अपना ठिकाना बना कर छिपे हुए थे। वहीं, प बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक चुनावी सभा में कहा कि हमारे कारण बेंगलुरु कैफे ब्लास्ट के दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी हुई। उन्होंने कहा कि भाजपा के एक नेता ने कहा है कि बंगाल सुरक्षित नहीं है, जबकि बंगाल पुलिस के एक्शन के कारण ही आरोपियों को दो घंटे के भीतर गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपी बंगाल के रहनेवाले नहीं हैं। वे यहां छिपे हुए थे। भाजपा बंगाल के बारे में अफवाह फैलाती है। उन राज्यों के बारे में क्या जहां आप (भाजपा) सत्ता में हैं? क्या उत्तरप्रदेश, राजस्थान, बिहार और गुजरात सुरक्षित है? बंगाल में शांति है तो भाजपा इसे बर्दाश्त नहीं कर सकती।

## कल्पना ने जारी किया एजेंडा भाजपा पर दागे तीखे तीर

### 21 अप्रैल को न्याय उलगुलान महारैली

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची के प्रभात तारा मैदान में 21 अप्रैल को झामुमो की न्याय उलगुलान महारैली होगी। इसे लेकर पार्टी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। महारैली को सफल बनाने में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन खुद जुटी हुई हैं। उन्होंने इंडी गठबंधन की तमाम पार्टियों को महारैली में शामिल होने का न्यौता दिया है। वहीं शुक्रवार को कल्पना सोरेन ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के सोशल मीडिया अकाउंट पर न्याय उलगुलान महारैली को लेकर एजेंडा जारी कर दिया है।

कल्पना ने लिखा तानाशाही के खिलाफ, चंदा चोरों, इलेक्टोरल बांड महालूट, जल, जंगल, जमीन लूटनेवाले, आदिवासी, दलित और पिछड़ा वर्ग विरोधियों, अल्पसंख्यक विरोधियों, महिला, युवा, किसान और मजदूर विरोधियों, सरकारी संपत्तियों को बेचने वालों, बेरोजगारी और महंगाई के खिलाफ बिगुल फूंका जायेगा। उन्होंने कहा, पूरा देश कह रहा है उलगुलान उलगुलान! उलगुलान! अपनी आवाज बुलंद करने को, उलगुलान शुरू करने को, रांची चलो -झारखंड झुकेगा नहीं! इंडिया रुकेगा नहीं!







# झारखंड के संसदीय चुनाव में विधायकों को तरजीह

## ■ भाजपा-झामुमो के तीन-तीन विधायक हैं इस बार मैदान में

## ■ कांग्रेस और भाकपा माले के भी एक-एक विधायक रेस में

## ■ बड़ा सवाल : पार्टियों के पास सांसद बनने लायक प्रत्याशियों की कमी क्यों हो गयी

**आजाद सिपाही विशेष**

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के राजनीतिक नक्शे पर 15 नवंबर, 2000 को 28वें राज्य के रूप में उभरे झारखंड को कई अवसरों पर 'राजनीति की प्रयोगशाला' कहा जाता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि झारखंड में अभिनव राजनीतिक प्रयोग होते रहते हैं। अभी, जब झारखंड समेत पूरा देश लोकसभा चुनावों की गहमा-गहमी में व्यस्त है, तो भी खनिज संपदाओं से भरपूर इस प्रदेश में एक नये किस्म का राजनीतिक प्रयोग किया जा रहा है। यह प्रयोग है विधायकों को संसदीय चुनाव के अखाड़े में उतारने का। वैसे तो यह प्रयोग भारत के चुनावी इतिहास में पहले भी हो चुके हैं, लेकिन इतने बड़े पैमाने पर विधायकों को संसदीय चुनावों में उतारने की शायद यह पहली घटना है। झारखंड की 14 संसदीय सीटों में से दो ऐसी हैं, जहां इस बार विधायकों के बीच मुकाबला होगा। इनमें संथाल परगना का मुख्यालय और राज्य की उप राजधानी दुमका और उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल का मुख्यालय हजारीबाग शामिल है। इसके अलावा चाइबासा, कोडरमा, धनबाद और गिरिडीह में भी राजनीतिक दलों ने विधायकों को संसदीय चुनाव में उतारा है। इनमें अभी धनबाद के अलावा रांची, जमशेदपुर, गोड्डा, पलामू और चतरा में इंडी गठबंधन की तरफ से प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की गयी है। झारखंड में इतनी बड़ी संख्या में विधायकों के संसदीय चुनाव में प्रत्याशी बनाये जाने का कारण क्या है, यह गंभीर विवेचना का विषय है, लेकिन एक बात तय है कि यहां के राजनीतिक दलों में अब नेता बनाने की क्षमता नहीं रही, बल्कि यह काम सत्ता ने संभाल लिया है। क्या है विधायकों को लोकसभा चुनाव में टिकट दिये जाने के मतलब और इसका क्या हो सकता है असर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

पूरे देश के साथ झारखंड में भी संसदीय चुनाव का संग्राम उफान की ओर बढ़ रहा है। चाहे भाजपा हो या कांग्रेस-झामुमो, देश की संसद के निचले सदन, यानी लोकसभा में अपना संख्या बल बढ़ाने और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की सत्ता पर अधिकार जमाने के लिए जोर-आजमाइश कर रहे हैं। राजनीतिक दल बहुत सोच-समझ कर उम्मीदवारों का चयन कर रहे हैं।

जहां तक झारखंड की बात है, तो यहां के संदर्भ में एक बात गौर करने लायक है और वह है राजनीतिक दलों द्वारा बड़ी संख्या में विधायकों को लोकसभा चुनाव के अखाड़े में उतारने का फैसला करना।

### झारखंड की आठ सीटों पर तस्वीर साफ

झारखंड में लोकसभा की 14 सीटें हैं। इन सीटों पर जीत हासिल करने के लिए भाजपा और इंडी गठबंधन के घटक दलों, झामुमो-कांग्रेस-राजद-भाकपा माले के बीच मुकाबला होना तय है। राज्य की आठ सीटों पर मुकाबले की तस्वीर साफ हो गयी है, यानी चुनावी मुकाबले में उतरने वाले प्रत्याशियों के नामों का एलान हो गया है। राज्य की छह सीटें ऐसी हैं, जहां इंडी अलायंस की तरफ से उम्मीदवारों के नाम का एलान नहीं किया गया है। झारखंड की जिन सीटों पर मुकाबले की तस्वीर साफ हो गयी है, उनमें हजारीबाग, दुमका, राजमहल, कोडरमा, खूंटी, लोहरदगा, सिंहभूम और गिरिडीह शामिल हैं। अभी रांची, धनबाद, गोड्डा, जमशेदपुर, चतरा और पलामू में मुकाबले की तस्वीर साफ होनी बाकी है। अभी यहां पर इंडी अलायंस की तरफ से उम्मीदवार की घाषणा नहीं की गयी है।

### अब तक आठ विधायकों को टिकट

झारखंड में लोकसभा चुनाव के मुकाबले में उतरनेवाले उम्मीदवारों में से आठ राज्य की वर्तमान विधानसभा के सदस्य हैं। इनमें भाजपा और झामुमो ने तीन-तीन विधायकों को मैदान में उतारा है, जबकि कांग्रेस और भाकपा माले ने एक-एक विधायक को टिकट दिया है।



मनीष जयसवाल (हजारीबाग-भाजपा)



सीता सोरेन (दुमका-भाजपा)



ढुल्लू महतो (धनबाद-भाजपा)



मथुरा महतो (गिरिडीह-झामुमो)



नलिन सोरेन (दुमका-झामुमो)



जोबा मांझी (सिंहभूम-झामुमो)



जयप्रकाश भाई पटेल (हजारीबाग-कांग्रेस)



विनोद कुमार सिंह (कोडरमा-भाकपा माले)

### किन विधायकों को मिला है टिकट

भाजपा ने जिन तीन विधायकों को टिकट दिया है, उनमें हजारीबाग से मनीष जायसवाल, धनबाद से ढुल्लू महतो और दुमका से सीता सोरेन शामिल हैं। झामुमो के जिन तीन विधायकों को टिकट मिला है, उनमें दुमका से नलिन सोरेन, सिंहभूम से जोबा मांझी और गिरिडीह से मथुरा महतो शामिल हैं। कांग्रेस ने मांडू के विधायक जयप्रकाश भाई पटेल को हजारीबाग से टिकट दिया है, जबकि भाकपा माले ने अपने एकमात्र विधायक विनोद सिंह को कोडरमा से मैदान में उतारा है। इन विधायकों में सीता सोरेन दुमका संसदीय क्षेत्र के तहत जामा से झामुमो की विधायक थीं और हाल ही में भाजपा में शामिल हुई हैं। इसी तरह जयप्रकाश भाई पटेल भाजपा के टिकट पर मांडू से चुने गये थे, लेकिन कांग्रेस में शामिल होने के बाद उन्हें लोकसभा चुनाव का टिकट मिल गया।

### दुमका-हजारीबाग में दो विधायकों में संसद के लिए जंग

इस तरह झारखंड में दो लोकसभा सीटें ऐसी हैं, जहां विधायकों में संसद के लिए जंग होगी। ये सीटें हैं हजारीबाग और दुमका। इन दोनों सीटों पर मुकाबला इसलिए रोचक है, क्योंकि यहां लोकसभा चुनाव के प्रतिद्वंद्वी विधानसभा में एक ही पार्टी का प्रतिनिधित्व करते थे। ऐसे में चर्चा यह हो रही है कि क्या झारखंड के राजनीतिक दलों के पास जन नेताओं की कमी हो गयी है, जिसके कारण पुराने चेहरों पर दांव खेला जा रहा है।

### राजनीति में महत्वाकांक्षी होना गलत नहीं

इतनी बड़ी संख्या में विधायकों को लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरने के बारे में जानकार कहते हैं कि राजनीति में अगर विधायक, सांसद बनने की तमन्ना रखते हैं, तो उसमें कोई गलत नहीं है, लेकिन यह भी तय है कि सभी की इच्छाएं पूरी नहीं होंगी। इसलिए नैतिकता का तकाजा है कि लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरने से पहले विधायकों को विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देना चाहिए।

### झारखंड के दलों में नेताओं का टोटा

इतनी बड़ी संख्या में विधायकों को लोकसभा चुनाव का प्रत्याशी बनाये जाने के पीछे एक और कारण यह है कि झारखंड की राजनीति पिछले 23 साल में सत्ता केंद्रित हो गयी है। यानी यहां अब पार्टी संगठन नेपथ्य में चला गया है। दूसरे शब्दों में कहा जाये, तो झारखंड की पार्टियों में नेता बनाने की क्षमता खत्म हो गयी है। झारखंड बनने से पहले देखा जाता था कि पार्टी संगठन ही प्रत्याशियों, मंत्रियों और यहां तक कि मुख्यमंत्री का नाम भी तय करता था। लेकिन झारखंड बनने के बाद से यह परिपाटी खत्म हो गयी। यहां की राजनीति सत्ता के इर्द-गिर्द सिमट कर रह गयी। मंत्री और चुनावों में प्रत्याशियों के चयन में संगठन की कोई भूमिका नहीं रह गयी। पार्टी का हर फैसला सत्ता पर बैठा नेता ही करने लगा।

इसका परिणाम यह हुआ कि नेताओं को केवल सत्ता से मतलब रहने लगा। कोई भी नेता संगठन के काम को दोयम दर्जे का समझने लगा।

पार्टी संगठन के सत्ता केंद्रित होने का खामियाजा 2019 में भाजपा को भुगतना भी पड़ा, जब विधानसभा चुनाव में उसे झारखंड की सत्ता से हटना पड़ा। इसका एक प्रमुख कारण पार्टी संगठन पर सत्ता की लगाम कसना था।

इसके बाद कांग्रेस और झामुमो समेत दूसरे दल भी इसी बीमारी का शिकार होते गये।

### झारखंड के लिए अच्छा संकेत नहीं

लोकसभा चुनावों में विधायकों को उतारने का फैसला भले ही राजनीतिक दलों के लिए फायदेमंद साबित हो, लेकिन यह झारखंड की सियासी सेहत के लिए अच्छा संकेत नहीं है। राजनीतिक नेतृत्व को हमेशा बदलाव की धार से गुजरते रहना चाहिए, अन्यथा यह ठहर कर बदबूदार हो सकता है। यही खतरा इस समय भी मंडरा रहा है।

---

# प्रकृति पर्व सरहुल के जुलूस में दिखा आदिवासियों का आक्रोश, हमारी गारंटी जल, जंगल बचाने की: सुप्रियो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रकृति पर्व सरहुल के जुलूस के दौरान एक आपत्तिजनक झांकी निकालने पर 26 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। केंद्रीय सरना समिति की ओर से निकाली गयी झांकी के मामले में जिला प्रशासन की ओर से रांची के कोतवाली थाने में आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है। मजिस्ट्रेट विनय कुमार के बयान पर कोतवाली थाना में केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष समेत कई लोगों के खिलाफ



प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। इस पर शुक्रवार को जेएमएम के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि इस बार सरहुल विशिष्ट रूप से सामने आया था। रांची की सड़कों पर आदिवासी समाज के लोगों का पूंजीपतियों के खिलाफ आक्रोश देखने को मिला। वन कानून संशोधन के खिलाफ लोगों ने सरहुल का त्योहार मनाया। देश में पेड़ों को काटा जा रहा है। जंगलों को समाप्त किया जा रहा है। आदिवासी हैं तभी जल और जंगल हैं। उन्होंने कहा कि झांकी में यही आक्रोश देखने को मिला।

**सरना धर्म कोड पर बीजेपी की क्या है मंशा :** असुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा, आदिवासी/सरना धर्म कोड विस से पारित कर राजभवन भेजा गया। लेकिन उसे वापस भेज दिया गया। केंद्र सरकार और भाजपा बताये, मंशा क्या है। पहले महाराष्ट्र के जंगल को समाप्त किया गया और अब झारखंड के सारंडा पर नजर है। लोग पूछ रहे हैं कि यह चंदा चोर कौन है। आम आदमी को पैसा निकालने में आधा घंटा लगता है, लेकिन चंदा चोरों का का तुरंत निकल जाता है।

### सरहुल में झाकियों के माध्यम से जल, जंगल बचाने का दिया संदेश

सुप्रियो ने कहा, सरहुल में झाकियों के माध्यम से दिखा कि किस तरह से जंगल को बचाने का संदेश दे रहे हैं। बीजेपी को इस पर जवाब देना होगा। 21 को असली सरना वाले आ रहे हैं। यही सनातनी हैं। अब समय आ गया है कि लोग बतायेंगे कि गारंटी क्या होती है। हम जल, जंगल और जानवर को बचाने की गारंटी दे रहे हैं।

---

## भाजपा ने इंडी गठबंधन और झारखंड मुक्ति मोर्चा पर बोला हमला

# इंडी अलायंस की रैली उलगुलान नहीं भ्रष्टाचारियों का जुटान है: प्रतुल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा ने शुक्रवार को इंडी गठबंधन और झारखंड मुक्ति मोर्चा पर बड़ा हमला बोलते हुए 21 अप्रैल की रैली को उलगुलान रैली की जगह भ्रष्टाचार जुटान रैली कहा। प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि 21 अप्रैल को एक ही मंच पर भ्रष्टाचारी, सनातन विरोधी, टुकड़े-टुकड़े गैंग के लोग और परिवारवादी राजकुमार दिखेंगे। प्रतुल ने कहा कि रैली का नाम उलगुलान रखना भगवान बिरसा मुंडा सहित झारखंड के अमर शहीदों का अपमान है। उन्होंने उलगुलान का आह्वान अंग्रेजों के अत्याचार के खिलाफ किया था। उलगुलान शब्द आदिवासी अस्मिता से और आदिवासी सम्मान से जुड़ा है। ऐसे भ्रष्टाचारी जुटान का नाम उलगुलान देकर इन्होंने पूरे देश के आदिवासियों का अपमान किया है।

प्रतुल ने कहा कि सोरेन परिवार के घर की बड़ी बहू सीता सोरेन ने भी अपने साथ परिवार के भीतर हुए अन्याय के खिलाफ उलगुलान का एलान किया है। उन्होंने बताया कि किस तरीके से उनको अपनी बेटियों की परवरिश करने के लिए परिवार के भीतर अकेला छोड़ दिया। विषम



परिस्थितियों में उन्होंने बच्चियों को पाला पोसा था। परिवार में उन्हें तिरस्कृत किया गया। सीता सोरेन ने अपने आंदोलनकारी पति दुर्गा सोरेन की मौत को साजिश बताते हुए जांच की मांग की पर सरकार ने उसे ठंडे बस्ती में डाल दिया। इस उलगुलान के मुद्दे पर झारखंड मुक्ति मोर्चा खामोश क्यों है?

प्रतुल ने कहा ऐसी ही खामोशी झारखंड मुक्ति मोर्चा ने लोबिन हेंब्रम के द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ, स्थानीय नीति और 1932 की स्थानीय नीति को लागू करने के लिए किये गये उलगुलान पर भी चुप्पी साध ली है। उल्टे उन पर प्रश्न उठाने के लिए झामुमो के नेताओं द्वारा लगातार टारगेट किया जा रहा है

प्रतुल ने कहा विपक्षी गठबंधन झारखंड में पूरे तरीके से खंडित दिख रहा है। चतरा, पलामू में फ्रेंडली फाइट की बात हो रही है। अब चुनाव में फ्रेंडली फाइट क्या होता है? लोहरदगा, राजमहल और कोडरमा में भी इनके बागी उम्मीदवार भी ताल ठोक रहे हैं

प्रतुल ने कहा कि 21 अप्रैल को कांग्रेस के बड़े नेता भी मंच पर आयेंगे जिनके सांसद डीके शिवाकुमार दक्षिण भारत को अलग देश बनाने की मांग कर रहे थे। आगामी चुनाव में जनता इन देश विरोधी, सनातन विरोधियों के खिलाफ इवीएम से उलगुलान करेगी।

---

# व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला चला तो कई चेहरे होंगे बेनकाब: राजेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गोड्डा लोकसभा से बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे प्रदीप यादव पर न्यायालय में चल रहे यौन शोषण के मामले पर लगातार अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पोस्ट कर विधायक प्रदीप यादव के साथ कांग्रेस पर चुटकी ले रहे है। वहीं, अब इस मामले में झारखंड प्रदेश कांग्रेस गंभीर हुई है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने निशिकांत दुबे पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि निशिकांत दुबे चरित्र और नैतिकता की बात न करें। ये उनके मुंह से शोभा नहीं देता है। अगर प्रदीप यादव पर कोई मामला है और उन पर कोई आरोप है, तो वे उस पर जजमेंट देनेवाले कौन हैं। न्यायालय अपना काम कर रहा है। न्यायालय को अपना काम करने दीजिए।

**जिस समय हुई यह घटना प्रदीप यादव के नेता थे बाबूलाल : राजेश ठाकुर :** प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जिस समय यह बात आयी थी, उस समय बाबूलाल मरांडी उनके नेता हुआ करते थे। उन्होंने कहा कि उस समय भी बाबूलाल चुप थे। आज जब निशिकांत दुबे बोल रहे हैं, तो फिर बाबूलाल मरांडी चुप हैं। बाबूलाल मरांडी जी को आगे आना चाहिए और बताना चाहिए कि सच्चाई क्या है? उन्हें गलत तरीके से फंसाया गया है। हमें लगता है कि बाबूलाल मरांडी जी को संजीदगी के साथ अपने पार्टी के लोगों को कहना चाहिए कि व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप से ऊपर उठ कर के जनता के मुद्दों पर चुनाव लड़ें, वरना व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला जारी रहा, तो कई लोगों के चेहरे बेनकाब होंगे। यहां बता दें कि यौन शोषण के आरोप के मामले में ही बाबूलाल मरांडी ने प्रदीप यादव को सस्पेंड किया था।



### इस तरह के बयान से जनता का ध्यान भटका रही बीजेपी : प्रदेश अध्यक्ष

श्री ठाकुर ने कहा कि चूंकि पिछले 10 वर्षों में जनता के लिए कोई काम नहीं हुआ है, इसलिए मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए इस तरह की अनर्गल बयानबाजी कर जनता का ध्यान भटका कर सुर्खियों में बने रहना चाहते हैं । कांग्रेस का कोई भी प्रत्याशी हो, निशिकांत दूबे की हार निश्चित है।

### विधायक प्रदीप यादव पर क्या है आरोप

दरअसल, देवघर की एक महिला ने 20 अप्रैल 2019 को तत्कालीन जेवीएम विधायक (अब कांग्रेस में) पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव पर छेड़खानी का आरोप लगाया था। देवघर थाना में दुष्कर्म के प्रयास समेत सात धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। हालांकि, केस होने के दो माह के बाद विधायक को हाइकोर्ट से जमानत मिल गयी और अभी इस मामला का दुमका एमपी-एमएलए कोर्ट में ट्रायल चल रहा है।

# युवाओं को लुभाने के लिए दिग्गजों के कैसे-कैसे दांव

**शंकर**

## चुनावी दांव-पेंच

लोकसभा चुनाव को लेकर बीजेपी, कांग्रेस समेत अन्य राजनीतिक दल प्रचार में जुटे हुए हैं। बीजेपी की तरफ पीएम मोदी तो कांग्रेस की तरफ से राहुल गांधी प्रमुखता से मोर्चा संभाल रहे हैं। इस बार आम चुनाव में 96.8 करोड़ लोग वोट डालेंगे। वोटर लिस्ट के अनुसार कुल मतदाताओं में 49.7 करोड़ पुरुष मतदाता और 47.1 करोड़ महिला मतदाता शामिल हैं। यह देश की आबादी का 66.8% है। खास बात है कि इसमें 21.6 करोड़ वोटर 18-29 वर्ष की आयु वर्ग के हैं। ये युवा मतदाता देश के मतदाताओं का 22% से अधिक हैं। ऐसे में सभी दलों की नजरें युवाओं पर टिकी हुई हैं। राहुल गांधी ने हाल ही में कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर युवाओं से बातचीत की। दूसरी तरफ पीएम मोदी ने भी देश के टॉप गेमिंग क्रिएटर्स के साथ मुलाकात की। पीएम मोदी ने इस मुलाकात के जरिये यह संदेश देने की कोशिश की कि वे युवाओं से कनेक्ट करने में कितने सहज हैं।





अब सवाल उठता है कि आखिर इस बार के आम चुनाव में युवा किस दल को तरजीह देते हैं।

### राहुल का यूथ कनेक्ट का प्वाइंट

पिछले दिनों कांग्रेस की तरफ से राहुल गांधी ने युवाओं से पार्टी के घोषणापत्र के लेकर सुझाव मांगे थे। इस पर उनके पास बड़ी संख्या में इमेल के जरिये सुझाव भी मिले। पार्टी के घोषणापत्र में उन बातों को शामिल भी किया गया। इस मुद्दे पर राहुल ने युवाओं के सवालों के जवाब दिए। कांग्रेस की तरफ से इसका एक वीडियो जारी किया गया। वीडियो में राहुल युवाओं के संदर्भ में अग्निवीर योजना का जिक्र किया। कांग्रेस ने सत्ता में आने पर अग्निवीर योजना को हटाने का वादा किया है। राहुल ने वीडियो में युवाओं के लिए अप्रेंटिसशिप कानून का जिक्र किया। इसके तहत हर ग्रेजुएट और डिप्लोमा होल्डर युवा को साल में एक लाख रुपये अप्रेंटिसशिप के दौरान मिलेंगे। कांग्रेस नेता ने जॉब विद ग्रोथ की बात कही। पार्टी ने युवाओं को लुभाने के लिए युवा न्याय का वादा किया है। इसमें केंद्र सरकार में विभिन्न पदों पर 30 लाख रिक्त पदों को भरने का वादा किया है। कांग्रेस ने सरकारी परीक्षाओं और सरकारी पदों पर आवेदन के लिए शुल्क समाप्त करने का भी वादा किया है। कांग्रेस ने स्टार्टअप के लिए फंड ऑफ फंड की बात कही है। इसके तहत 5 हजार करोड़ रुपये देश के सभी जिलों में समान रूप से आवंटित किए जाएंगे। इतना ही नहीं, 21 साल से कम उम्र के प्रतिशाली और उभरते खिलाड़ियों के लिए प्रतिमाह 10 हजार रुपये की खेल स्कॉलरशिप दी जायेगी।

### पीएम ने गेमर्स से किया कनेक्ट

लोकसभा चुनाव के पहले चरण की तारीख नजदीक आ रही है। पीएम मोदी देश के अलग-अलग हिस्से में लगातार रैलियां कर रहे हैं। इस बीच इन सब से समय निकालकर पीएम मोदी ने कई प्रमुख गेमिंग क्रिएटर्स से हाल ही में मुलाकात की। पीएम ने ना सिर्फ गेमिंग क्रिएटर्स के साथ खुलकर बातचीत की बल्कि उनके साथ गेम भी खेला। पीएम ने इसके जरिये यूथ को एक संदेश भी दिया। पीएम ने जिस तरह से गेमिंग क्रिएटर्स से बातचीत इसका उन लोगों पर प्रभाव साफ दिखा। गेमिंग क्रिएटर्स ने कहा कि पीएम से मुलाकात उनके जीवन का सबसे ज्यादा खुशी का क्षण था। एक गेमिंग क्रिएटर पायल धरे ने इस मुलाकात के बारे में बताया कि हम जब पीएम मोदी से मिले तो हमें लगा ही नहीं कि हमारी उम्र में इतना अंतर है। पीएम मोदी के बारे में गेमिंग क्रिएटर्स ने कहा कि उनसे मिलकर लगा ही नहीं कि पीएम से हमारी मुलाकात हुई है। हमें लगा कि हम अपने परिवार के सदस्य से मिल रहे हैं।

# सारण से पहली बार मैदान में लालू की बेटी

## बिहार का रणक्षेत्र





**विद्यासागर**

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को अपनी किडनी देकर नया जीवन देने वाली बेटी रोहिणी आचार्य अब पिता का गढ़ सारण जीत कर सियासी विरासत लौटाना चाहती हैं। लालू पहली बार सारण से ही चुनाव जीत कर संसद पहुंचे थे। रोहिणी पिता की सीट सारण से अपने सियासी जीवन की शुरुआत करने मैदान में हैं। पिछले दो बार से यह सीट भाजपा के पास है और फिलहाल राजीव प्रताप रूडी यहां से सांसद हैं। 2008 के परिसीमन के बाद से सारण सीट को छपरा के नाम से भी जाना जाता है। यहां पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होना है। सारण लालू का गढ़ रहा है और यहां के ग्रामीण क्षेत्र में उनके समर्थकों की बड़ी संख्या है। यही कारण है कि जब रोहिणी पहली बार क्षेत्र के दौरे पर गयीं, तो भरी धूप में भी भीड़ उमड़ी। अब देखना यह है कि दर्शन को जमा हुई भीड़ वोट में तब्दील हो संसद का रास्ता तय करवायेगी या गांवों की खस्ताहाल सड़क की तरह रोहिणी का सपना ध्वस्त होगा।

### सारण में हार चुके हैं लालू यादव, पत्नी और समधी

लालू प्रसाद खुद 1996 में सारण सीट राजीव प्रताप रूडी से हार चुके हैं। इसके बाद 2014 में पत्नी राबड़ी देवी और 2019 में समधी चंद्रिका राय सारण से सांसदी का चुनाव हार चुके हैं। रूडी का मुकाबला हर बार लालू के परिजनों से हुआ है। ऐसे में दो बार के केंद्रीय मंत्री को यहां से हराना रोहिणी के लिए बड़ी चुनौती होगा।

### जातीय समीकरण: यादव वोट सबसे अधिक

सारण में यादवों की आबादी 25 फीसदी है, जबकि राजपूत 23 फीसदी हैं। इनके अलावा सारण में वैश्य वोटर 20 प्रतिशत, मुस्लिम 13 प्रतिशत और दलित 12 प्रतिशत हैं।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

ई-निविदा सूचना सं. ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-सोलर-1-24-25, दिनांक 10.04.2024; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी)/राँची, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिसे दिनांक 03.05.2024 को अपराह्न 4.00 बजे अथवा उसके उपरांत खोला जाएगा। **कार्य का संक्षिप्त विवरण/नाम:** राँची: राँची मंडल के क्षेत्राधिकार में सौर ऊर्जा संयंत्र की आपूर्ति, स्थापना एवं संरचना। **निविदा मूल्य:** रु.1,49,32,084.68; **ईएमडी/बोली सुरक्षा:** रु. 2,24,700; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 03.05.2024 को अपराह्न 4.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** https://www.ireps.gov.in/ निविदा का विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। (PR-28)

# ऐसे हुई चुनाव चिह्न की शुरुआत

**सुनील**

## चुनावी जिज्ञासा




चुनावों में पार्टियों और उम्मीदवारों की सबसे बड़ी पहचान होते हैं चुनाव चिह्न। इनके बनने और इन्हें बनाने वाले, दोनों की कहानी बड़ी दिलचस्प है। साल 1951-52 में जब देश पहले आम चुनाव की तैयारी कर रहा था, तब सबसे बड़ी बाधा थी उम्मीदवारों और दलों के पहचान की। उस समय भारत की साक्षरता दर थी 16% से भी कम। चुनाव आयोग के सामने संकट था कि जो वोटर पढ़े-लिखे नहीं हैं, वे अपनी पसंद के कैंडिडेट को कैसे वोट देंगे? काफी मंथन के बाद बैलेट पेपर का तरीका निकाला गया।

### हर उम्मीदवार के लिए अलग बैलेट बॉक्स

हर उम्मीदवार के लिए एक अलग बैलेट बॉक्स बना, अलग रंग का। साथ ही, उम्मीदवारों को ऐसे चुनाव चिह्न अलॉट किए गए, जो रोजमर्रा के जीवन से जुड़े थे और जिन्हें आसानी से पहचाना जा सकता था। उम्मीदवारों के बैलेट बॉक्स पर उनका चुनाव चिह्न भी बनाया गया।

### हर चिह्न पर चर्चा

पहले आम चुनाव में प्रत्याशियों को जो सिंबल मिले, उसके पीछे एक शख्स की मेहनत बहुत ज्यादा थी। उनका नाम था एमएस सेठी। उनकी नियुक्ति 1950 में हुई थी, चुनाव आयोग में ड्राफ्टमैन के रूप में। उनका काम था चुनाव चिह्न के स्केच बनाना।

# पद्मश्री से सम्मानित दामोदरन प्रचार के लिए बेच रहे सब्जियां

**अक्षय**

## कैसे-कैसे प्रत्याशी



लोकसभा चुनाव शुरू होने में कुछ ही दिन बचे हैं। ऐसे में पार्टियों के नेता, उम्मीदवार से लेकर कार्यकर्ता तक सब अपनी चुनावी अभियान में ताकत झोंक रहे हैं। प्रचार अभियान के चलते राजनीतिक दल सुर्खियां बंटोर रहे हैं। वहीं पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित हो चुके एस दामोदरन भी काफी चर्चा में हैं। उनके सुर्खियों में होने की वजह उनके प्रचार करने का तरीका है।

तिरुचिरापल्ली लोकसभा क्षेत्र में एक निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे दामोदरन सब्जी विक्रेताओं के साथ बातचीत कर-के, फूल माला बनाकर और सब्जियां बेचकर प्रचार कर रहे हैं। 62 वर्षीय नेता का चुनावी चिह्न गैस स्टोव है। उन्होंने गांधी मार्केट में आए लोगों और सब्जी बेचने वालों से बात करके वोट मांगा।

उन्होंने कहा, मैं तिरुचिरापल्ली लोकसभा क्षेत्र से एक निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में खड़ा हुआ हूं। मैं धरती का बेटा हूं। मैं त्रिची शहर से जुड़ा हुआ हूं। मैंने 40 साल से ज्यादा समय तक सैनिटेशन सेंटर में एसोसिएट सर्विस स्वयंसेवक के रूप में काम किया है। मैंने 21 साल की उम्र से काम करना शुरू कर दिया था। अब मैं 62 साल का हो गया हूं। सैनिटेशन सेंटर में काम करने के लिए मुझे तत्कालीन राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद से पद्म श्री पुरस्कार मिला। उन्होंने कहा, मैंने 21 साल की उम्र पर ही सामाजिक काम करना शुरू कर दिया था। तब राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे। मैंने नौ प्रधानमंत्रियों के कार्यकाल के दौरान सेवा की थी। इस दौरान मैंने शहर और ग्रामीण इलाकों में कई स्वच्छता से जुड़े काम किए। मैंने केंद्र प्रायोजित सभी ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रमों के तहत काम किया और हर गांव को आदर्श गांव बनाया। अपने चुनावी अभियान के बारे में दामोदरन ने कहा, मैंने आज से अपना प्रचार अभियान शुरू किया है। इसलिए मैं गांधी मार्केट गया था। ये मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आता है। मैं जहां भी जाता हूं मेरा शानदार स्वागत हो रहा है। सत्ता में आने पर तिरुचिरापल्ली में महत्वपूर्ण परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के बारे में पूछे जाने पर दामोदरन ने कहा, हमें त्रिची को एक स्वच्छ और हरित शहर बनाने के लिए काम करने की जरूरत है। लोग शहर के लिए रिंग रोड की मांग कर रहे हैं क्योंकि यह केंद्र में स्थित है और कई बसें और परिवहन वाहन त्रिची को पार कर रहे हैं। हम त्रिची शहर में महत्वपूर्ण क्षेत्रों में फ्लाईओवर पर भी काम कर रहे हैं।

# जब ताऊ देवीलाल के लिए लग गयी विमानों की लाइन

## चुनावी किस्से



**राजवीर**

चौधरी देवीलाल 1989 के लोकसभा चुनाव के समय न सिर्फ विपक्ष की एकता की धुरी बन चुके थे, बल्कि कांग्रेस के खिलाफ स्टार प्रचारक की भूमिका में आ चुके थे। यही वजह थी कि देश की कई हस्तियों ने चुनाव प्रचार के लिए उन्हें विमान और हेलीकॉप्टर देने की पेशकश की थी। हरियाणा के हर क्षेत्र में उनकी डिमांड इतनी ज्यादा बढ़ गयी थी कि जनता पार्टी ने उनके लिए खास वाहन 'रथम' तैयार करवाया था, जिसमें वातानुकूलित कमरा बनाया गया था। हालांकि इस चुनाव में देवीलाल ने कांग्रेस के कद्दावर नेता बलराम जाखड़ के खिलाफ ताल ठोकने के बावजूद अपने लिए सुरक्षित सीट के रूप में रोहतक को चुना और जनता पार्टी प्रत्याशी के रूप में पर्चा दाखिल किया था। 1989 के लोकसभा चुनाव को देश की राजनीति का टर्निंग प्वाइंट माना जा सकता है। उस चुनाव में देश की राजनीति में किसान नेता के रूप में चौधरी देवीलाल का प्रादुर्भाव हुआ और विपक्ष के सभी नेता उन्हें सम्मानपूर्वक 'ताऊ' कह कर बुलाने लगे थे। एक तरह से केंद्रीय राजनीति में भी हरियाणा के किसानों और जाटों की राजनीति करने वाले नेता की बड़ी भूमिका तय हो रही थी। चौधरी देवीलाल विपक्षी एकता से बने जनता दल के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष थे। इस लिहाज से प्रचार के लिए दौरा करने वालों में उनका पहला नंबर हो गया था। ऐसे लोकप्रिय नेता की डिमांड को पूरा करने के लिए उनके कई शुभचिंतकों ने अपने व्यक्तिगत छोटे विमान देने की पेशकश की थी। लेकिन, चौधरी साहब को पसंद आयी थी पंजाब विधानसभा के तत्कालीन अध्यक्ष रवि इंदर सिंह की पेशकश। उन्होंने अपना चार सीट वाला सेसला विमान दिया था, जिस पर सवार होकर ताऊ ने धुआंधार प्रचार शुरू कर दिया था। 1989 के चुनाव में हरियाणा में मतदान 22 नवंबर को हुआ था।

### इंदिरा के खास ब्रह्मचारी ने भी की ताऊ से पेशकश

प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और कांग्रेस नेता संजय गांधी के बेहद करीबी माने जाने वाले योगाचार्य धीरेंद्र ब्रह्मचारी भी देश की सियासत में किसान नेता के रूप में उभरे चौधरी देवीलाल के कायल हो गये थे। उनकी ओर से भी प्रचार के लिए ताऊ को अपना व्यक्तिगत विमान देने की पेशकश की गयी थी। उस समय ब्रह्मचारी का ऑफिस गुड़गांव में हुआ करता था।

### ग्रामीणों में चर्चा का केंद्र बना था ताऊ का 'रथम'

हरियाणा के हर क्षेत्र में मतदाताओं तक पहुंचने के लिए चौधरी देवीलाल ने खास वाहन 'रथम' तैयार करवाया था। इसमें उनके लिए खास वातानुकूलित कमरा, मीटिंग हॉल, रसोई घर और टॉयलेट की सुविधा थी। इसे गुड़गांव स्थित हरियाणा सड़क परिवहन इंजीनियरिंग वर्कशॉप में बनवाने की बात सामने आयी थी। इसमें खास लिफ्ट पर एक कुर्सी सजायी गयी थी, जिसका बटन दबाते ही ताऊ वाहन की छत से ऊपर आ जाते थे और वहीं से समर्थकों को संबोधित करते थे। चूंकि उस समय देवीलाल मुख्यमंत्री थे, इसलिए इस वाहन में उनका स्टाफ और सुरक्षाकर्मी समेत 20-22 लोग बैठ सकते थे।

# बसपा: 2019 में जीते पांच सांसदों ने छोड़ी हाथी की सवारी

**प्रशांत**

## पार्टियों की सेहत

लोकसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच नेताओं का दलबदल जारी है। उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी को एक और बड़ा झटका लगा है। पार्टी सांसद मलूक नागर बसपा छोड़ कर राष्ट्रीय लोकदल में शामिल हो गये हैं। बसपा सांसद जयंत चौधरी के आवास पर पहुंचे और रालोद की सदस्यता ग्रहण की। जयंत चौधरी के एनडीए में जाने के बाद और चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिये जाने के बाद नागर जयंत चौधरी को मुबारकबाद देने भी गये थे। इसके बाद से ही कयास लगाये जा रहे थे कि वह रालोद में शामिल हो सकते हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने 10 सीटें जीती थीं। बीते कुछ वक्त में मलूक नागर बसपा के पांचवें सांसद हैं, जिन्होंने पार्टी का साथ छोड़ दिया है।



### 2019 में बसपा से कौन से उम्मीदवार जीते

543 सदस्यीय लोकसभा में सबसे ज्यादा 80 सीटें उत्तरप्रदेश से आती हैं। पिछली बार मायावती की पार्टी ने यूपी में सपा के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में बसपा के 10 उम्मीदवार जीत कर लोकसभा पहुंचे थे। गाजीपुर सीट से अफजाल अंसारी, लालगंज से संगीता आजाद, नगीना (एससी) से गिरीश चंद्र, अमरोहा से दानिश अली, बिजनौर से मलूक नागर, अंबेडकरनगर से रीतेश पांडे, घोसी से अतुल राय, सहारनपुर से हाजी फजलुर्रहमान, श्रावस्ती से राम शिरोमणि वर्मा और जौनपुर से श्याम सिंह यादव इनमें शामिल थे।

### 2019 चुनाव के बाद में कितने लोगों ने पाला बदला लिया

अब तक पार्टी के पांच सांसद दूसरे दलों में शामिल हो चुके हैं। आजमगढ़ जिले की लालगंज सीट से सांसद संगीता आजाद, अंबेडकर नगर सीट से सांसद रितेश पांडेय भाजपा में शामिल हो चुके हैं। रितेश पांडेय को भाजपा ने इस बार अंबेडकर नगर सीट से उम्मीदवार भी बना दिया है। अमरोहा सांसद दानिश अली कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं। कांग्रेस ने दानिश को यहां से अपना उम्मीदवार बनाया है। इससे पहले बसपा ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते दानिश को पार्टी से निकाल दिया था। मुख्तार अंसारी के भाई अफजाल अंसारी बसपा का साथ छोड़ कर फिर से समाजवादी पार्टी में शामिल हो गये हैं। इसके बाद उन्हें गाजीपुर संसदीय सीट से सपा ने अपना प्रत्याशी भी घोषित कर दिया। पार्टी छोड़ने वालों में सबसे ताजा नाम मलूक नागर का है। बिजनौर सांसद मलूक नागर बसपा छोड़ कर राष्ट्रीय लोक दल में शामिल हो गये हैं। हालांकि, रालोद पहले ही बिजनौर लोकसभा सीट पर विधायक चंदन चौहान को अपना उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। वहीं, बसपा ने यहां चौधरी विजेंद्र सिंह को प्रत्याशी घोषित करके जाट वोट बैंक को साधने की कोशिश की है।

### श्रावस्ती सांसद को पार्टी से निकाला

बसपा ने श्रावस्ती सांसद राम शिरोमणि वर्मा को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। अनुशासनहीनता का आरोप लगाते हुए यह कार्रवाई की गयी। पिछले कुछ समय से उनके दलबदल करने को लेकर अटकलें थीं। हालांकि, सांसद ने इसे मनगढ़ंत बताया था। इस बीच, बसपा ने अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में सांसद को पार्टी से बाहर कर दिया।

### इन सांसदों के काटे टिकट

सहारनपुर संसदीय सीट से सांसद हाजी फजलुर्रहमान भी इस बार बसपा के उम्मीदवार नहीं हैं। पार्टी ने यहां से माजिद अली को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। खबरें थीं कि बसपा हाइकमान के साथ उनके रिश्ते कुछ ठीक नहीं चल रहे हैं। फजलुर्रहमान चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन पार्टी ने लोकसभा क्षेत्र प्रभारी माजिद पर दांव खेला। माजिद अली सियासत में पुराने हैं लेकिन लोकसभा चुनाव में पहली बार मैदान में हैं। वह बसपा की टिकट पर 2017 में विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। वर्तमान में वार्ड 32 से जिला पंचायत सदस्य हैं। उनकी पत्नी तस्मीम बानो 2016 में जिला पंचायत अध्यक्ष निर्वाचित हुई थीं। जौनपुर से सांसद श्याम सिंह यादव को भी बसपा ने इस बार टिकट नहीं दिया है। उनके कांग्रेस में शामिल होने की भी अटकलें थीं जब उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मुलाकात की थी। इससे पहले 2022 में श्याम सिंह कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में गये थे और वहां राहुल से मुलाकात की थी। घोसी से सांसद अतुल राय का टिकट भी इस बार कट गया है। मौजूदा बसपा सांसद अतुल राय ने अपना अधिकांश कार्यकाल संसद के बजाय जेल में बिताया है। बसपा ने घोसी में अतुल की जगह बालकृष्ण चौहान को अपना उम्मीदवार बनाया है। पूर्व सांसद बालकृष्ण हाल ही में कांग्रेस छोड़ कर बसपा में आये थे।

### मायावती के करीबी सांसद को मिला टिकट

गिरीश चंद्र बसपा के इकलौते सांसद हैं, जो 2019 के बाद 2024 में भी पार्टी के टिकट पर उम्मीदवार हैं। गिरीश चंद्र वर्तमान में नगीना लोकसभा सीट से सांसद हैं। हालांकि, अबकी बार उन्हें बुलंदशहर से लड़ाया गया है। पार्टी ने नगीना से सांसद गिरीश चंद्र की जगह सुरेंद्र पाल सिंह को मैदान में उतारा है। उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 में मिली हार के बाद बसपा सुप्रीमो मायावती ने गिरीश चंद्र जाटव को लोकसभा में पार्टी का नेता बनाया था। इससे पहले यह जिम्मेदारी रितेश पांडेय के पास थी, जो अब भाजपा के साथ आ चुके हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW


सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 68,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 88,000 रु./प्रति किलो |

# भू-माफियाओं पर हाइकोर्ट सख्त, राज्य सरकार से मांगी केस के ट्रायल की स्थिति

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** दुमका में स्पेनिश बोलने वाली ब्राजील निवासी महिला के साथ गैंग रेप एवं सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्ति जज (स्वर्गीय) एमवाई इकबाल के रांची स्थित जमीन की बाउंड्री वॉल तोड़ कर जमीन पर कब्जे की कोशिश मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में हाइकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार से भू-माफियाओं पर की जा रही कार्रवाई के संबंध में पूछा। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद एवं अधिवक्ता शहबाज अख्तर ने कोर्ट को बताया कि राजधानी रांची में वर्ष 2021 से 2023 तक के बीच 273 भू-माफियाओं को चिह्नित किया गया है।

इनमें से 214 भू-माफियाओं के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल कर दी गयी है। 50 भू-माफियाओं को पुलिस ने 41ए का नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने सरकार से जानना चाहा कि वैसे भू-माफिया, जिनके खिलाफ पांच या उससे ज्यादा केस हैं, उनमें से कितने को अदालत से जमानत मिली है और कितने को मिली जमानत को अदालतों में चुनौती दी गयी है। चार्जशीटेड 214 भू-माफियाओ के ट्रायल की क्या स्थिति है? कोर्ट ने यह भी सरकार से पूछा कि वर्ष 2023 में भू-माफियाओं के केस की मॉनिटरिंग के लिए बनायी गयी एसआइटी ने अब तक क्या-क्या एक्शन लिया है? इस पर सरकार की ओर से बताया गया कि एसआइटी ने 59 भू-माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन पर सीसीए लगाया है। 27 को सर्विलांस में डाला गया है।

वहीं, दो भू-माफियाओं के खिलाफ प्रीवेंटिव डिटेंशन किया गया है। सीआरपीसी की धारा 107 के तहत 137 भू-माफियाओं पर कार्रवाई की गयी है, 28 भू-माफियाओं को गुंडा रजिस्टर में रखा गया है। कोर्ट ने राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा है कि एसआइटी ने कितने भू-माफियाओं को अदालत से मिली जमानत को एग्जामिन किया है।। वैसे भू-माफियाओं, जिनके खिलाफ पांच या उससे ज्यादा केस हैं, उनमें से कितने आरोपी जेल में हैं और कितने को जमानत मिल चुकी है। निचली अदालत में इन भू-माफियाओं के ट्रायल की क्या स्थिति है? कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 24 अप्रैल निर्धारित की है।

# मंडा पूजा में आग में चलकर लोगों ने दिया आस्था का परिचय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार को फुलखुंदी का आयोजन हुआ। सबसे पहले स्वर्णरेखा नदी पर स्थित दादुल घाट पहुंच, वहां पर मिट्टी की ढकनी को भोक्ता गण बालू से बने शिवलिंग पर हाथों से फोड़ते हैं जिससे भोक्ता का ढकनी फूट गया उसकी तपस्या सफल हुआ और जिस भोक्ता का ढकनी नहीं टुटा उसे पंडित जी द्वारा दंड दिया जाता है। इस अनुष्ठान के बाद सभी भोक्ता गण नगर भ्रमण किये। शाम में फुलखुंदी के लिए भोक्ता गण चुटिया के मुख्य मार्ग के घरों से लकड़ी लेकर आते हैं लकड़ी जमा कर के फिर दूसरे अनुष्ठान में चले जाते हैं। यहां अनुष्ठान को लोटन सेवा कहते हैं। इसमें सभी भक्तों एक दूसरे को आपसी भाईचारा का परिचय देते हुए 21 बार गले मिलते हैं फिर लपरा भांजने (धुंवासी) का समय आता है इस समय भोक्ताओं को एक खुटा में उल्टा लटकाकर अग्निकुंड में आस्था का परिचय दिलाया जाता है फिर समय आता है निशा पानी लाने का अनुष्ठान। पाटभोक्ता निशा पानी एक घड़े में लाने के लिए हटिया तलाव जाता है। इस दौरान पाट भोक्ता को पीछे मुड़कर नहीं देखना होता है। निशा पानी मंदिर में पहुंचने के बाद बकरे की बलि भी दी जाती है। इसके बाद बाद अंतिम अनुष्ठान भोक्ताओं को लहलहाते आग के अंगारों के ऊपर नंगे पांव चल कर अपनी भक्ति और शक्ति का परिचय देते हैं।

**रमेश सिंह ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया**

**इससे पूर्व चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष व भाजपा नेता रमेश सिंह के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हटिया विधायक नवीन जयसवाल, निवर्तमान उप महापौर संजीव विजयवर्गीय, मुनचुन राय, कुणाल अजमानी, नेपाल महतो, दिलीप स्वर्णकार, अशोक साहू, अरविंद साहू, जितेंद्र सिंह पटेल सहित झारखंड के विभिन्न मंडप पूजा कमेटी के अध्यक्ष शामिल हुए।**

**मंडा पूजा को सफल बनाने में इनकी रही है भागीदारी :** राजकुमार महतो, प्रमोद गोप, राधेश्याम केसरी, छत्रधारी महतो, लालो महतो, मनोज गोप, रवि गोप, दिलीप साहू, धनंजय ठाकुर, अनूप ठाकुर, गुल्लू गोप, चुन्नू गोप, गौतम महतो, राजू गोप, विक्रम साहू, मक्खन केसरी, अंकित केसरी, सुमित महतो, बादल महतो, आयुष कुमार, उदय कुमार, रणजीत राम, रविंद्र महतो, सरवन महतो, महावीर रजक, तपन महतो, शिवम केशरी, प्रतीक चौधरी, सुरेश मुंडा, शिवम गोप, अमन केसरी।

# सुनील यादव और भगवान भगत को बेल देने से हाइकोर्ट का इनकार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोपी भगवान भगत और सुनील यादव को झारखंड हाइकोर्ट ने बेल देने से इनकार कर दिया है। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई के दौरान दोनों आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी। पिछली सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की तरफ से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। भगवान भगत और सुनील यादव के खिलाफ रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने आरोप भी गठित कर दिया है। दोनों सभी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के सहयोगी हैं। इन पर पंकज मिश्रा के सहयोग से साहिबगंज में पत्थर का अवैध खनन और ढुलाई कर कारोबार करने का आरोप है। भगवान भगत और सुनील यादव फिलहाल जेल में बंद हैं।

**सीबीआइ की जांच में सामने आया नींबू पहाड़ पर पांच लाख घन मीटर अवैध खनन का मामला**



**रांची (आजाद सिपाही)। अवैध खनन मामले की जांच के लिए सीबीआई की टीम शुक्रवार को फिर से साहिबगंज स्थित नींबू पहाड़ पहुंची है। सूत्रों के मुताबिक, सीबीआइ जांच में नींबू पहाड़ पर पांच लाख घन मीटर के अवैध खनन का मामला सामने आया है। नींबू पहाड़ पर दो हिस्सों में अवैध खनन हुआ है। एक हिस्से में पानी है। जांच में पता चला कि यहां 2016 से अवैध खनन हो रहा है। दूसरे हिस्से में पानी नहीं है, जिसे लोग साल 2021 से अवैध खनन कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि अवैध खनन के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी और राजस्व की वसूली भी की जायेगी। बुधवार (10 अप्रैल) देर शाम छह सदस्यीय सीबीआइ टीम साहिबगंज पहुंची थी। गुरुवार को टीम ने मामले की जांच की। टीम दो-तीन घंटे के लिए नींबू पहाड़ भी गयी और जांच के बाद दो बजे लौट आयी। शुक्रवार को एक बार फिर टीम नींबू पहाड़ गयी। सीबीआइ टीम डीएमओ कृष्णकांत किस्कू को लेकर मौक पर पहुंची थी। उसके बाद देर शाम सर्किट हाउस में बुला कर आवश्यक जानकारी ली गयी। फिर कार्यालय खुलवा कर जरूरी दस्तावेज भी जुटाये गये।**

# केंद्रीय समिति श्री महावीर मंडल रांची का शिष्टमंडल ट्रैफिक एसपी से मिला

**रामनवमी शोभा यात्रा के लिए वाहन उपलब्ध कराने का किया आग्रह**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** केंद्रीय समिति श्री महावीर मंडल, रांची का एक शिष्टमंडल अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू के साथ ट्रैफिक एसपी से मिला। इस वर्ष भी श्री रामनवमी महोत्सव पर विभिन्न संस्थाओं के द्वारा, अखाड़ाधारियों के द्वारा, श्रृंगार समितियों के द्वारा महाष्टमी, नवमी व दशमी को निकली जाने वाली झांकियों सहित शोभायात्रा के लिए टेलर सहित बड़ी और छोटी गाड़ियां उपलब्ध कराने का आग्रह किया। श्री महावीर मंडल के सर्वोच्च सलाहकार समिति के सदस्य व सभी अखड़ाधारियों को गाड़ी उपलब्ध कराने के प्रमुख वाहन प्रभारी रामधन बर्मन ने ट्रैफिक एसपी को बताया कि पूर्व से प्रशासन की मदद से श्री रामनवमी महोत्सव के तीन दिन पहले से बड़े टेलर, बड़ी गाड़ियां, छोटी गाड़ियां, ट्रेक्टर सहित खुली जीप लगभग 100 की संख्या में उपलब्ध करायी जाती है। इन गाड़ियों को श्री रामनवमी महोत्सव के लिए छोटी, बड़ी गाड़ियों की व्यवस्था शहर के विभिन्न थानों की मदद के माध्यम से दिलवाने का आग्रह किया गया। रवि कुमार पिंकू ने ट्रैफिक एसपी से आग्रह किया कि महाष्टमी के पूर्व 15,16, एवं 17 को 100 से अधिक छोटे और बड़े वाहन विभिन्न थाना की मदद से दिलवायें। इस अवसर पर सभी अखाड़ाधारियों, झांकी निकालने वाली समितियों और शोभायात्रा में विभिन्न संस्थाओं को जितनी गाड़ियों की जरूरत है की लिस्ट उपलब्ध करायी गयी। जिससे रामनवमी के उत्सव पर विभिन्न मंडल के द्वारा निकाले जाने वाली शोभायात्रा को झांकी के प्रदर्शन के लिए गाड़ियां समय पर उपलब्ध करायी जा सके। 18 अप्रैल को श्री चैती दुर्गा पूजा समिति के जुलूस व शोभायात्रा पर भी दो टेलर और 10 हाफ डाला गाड़ी के साथ दो ट्रैक्टर और दो छोटी गाड़ियां उपलब्ध कराने का आग्रह किया। इस अवसर पर श्री महावीर मंडल की ओर से अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू, सर्वोच्च सलाहकार समिति के सदस्य रामधन बर्मन एवं सदस्य दिनेश सोनी ने ट्रैफिक एसएसपी को अंग वस्त्र, मोमेंटो सहित श्री हनुमान चालीसा देकर उनका अभिनंदन और स्वागत किया।

# महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने स्टेशनों का किया निरीक्षण




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश द्वारा शुक्रवार को दानापुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों का गहन निरीक्षण किया गया। महाप्रबंधक ने पहले आरा स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान महाप्रबंधक ने आरा स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया, प्रतीक्षालय, बुकिंग/रिजर्वेशन काउंटर, प्लेटफॉर्म, डिस्प्ले बोर्ड, कैटरिंग स्टॉल, पैदल ऊपरगामी पुल, पैनल रूम सहित यात्री सुविधा/संरक्षा से जुड़े पहलुओं का जायजा लिया। इसी क्रम में महाप्रबंधक द्वारा बिहिया, रघुनाथपुर एवं बक्सर स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं का भी मुआयना किया। इसके बाद महाप्रबंधक ने दिलदार नगर जंक्शन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं का भी गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने यात्री सुविधा/संरक्षा के साथ-साथ रेल विकास से जुड़े कार्यों को भी देखा। महाप्रबंधक स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य की प्रगति से अवगत हुए तथा निर्माण कार्य को उच्च गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## छात्र-छात्राओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र बांटा

# मानव सेवा, दृढ़ता, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण की शपथ ली

**महादेवी बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड क्लीनिकल टेक्नोलॉजी में हुआ कार्यक्रम**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** महादेवी बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड क्लीनिकल टेक्नोलॉजी (सरला बिरला यूनिवर्सिटी) रांची में प्रशिक्षणरत बीएससी नर्सिंग द्वितीय बैच का लैंप लाइटिंग और जीएनएम 11वें बैच के छात्र-छात्राओं के दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक, कुलसचिव डॉ विजय कुमार सिंह, डीन डॉ नीलिमा पाठक, प्राचार्य डॉ सुबानी बाड़ा और संस्थान के प्रशासक आशुतोष द्विवेदी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर और फ्लोरेंस नाइटिंगल को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रो गोपाल पाठक ने छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिये। डीन डॉ नीलिमा पाठक ने विद्याथियों को सेवा भाव रखते हुए अपना काम ईमानदारी से करने की बात कही। प्राचार्य डॉ सुबानी बाड़ा और नर्सिंग और योग विभाग प्रशासक आशुतोष द्विवेदी ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किये। छात्राओं ने कैंडल जला कर मानव सेवा, दृढ़ता ,कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण की भावना रखने की शपथ ली। इसके बाद विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। गणमान्य अतिथियों द्वारा जीएनएम 11वें बैच के छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं शैक्षिक उपलब्धियों के प्रमाण पत्र दिये गये। झारखंड नर्सेज रजिस्ट्रेशन काउंसिल द्वारा नर्सिंग 2022 के परीक्षाफल में एमबीआइएनसीटी की जीएनएम तृतीय वर्ष की छात्रा विभाबारी सिंह ने पूरे राज्य में प्रथम स्थान, सुचिता महतो ने द्वितीय स्थान और जीएनएम द्वितीय वर्ष की छात्रा मानसी दत्ता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मेधावी छात्राओं को इस समारोह में पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा छात्राओं को विभिन्न पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एमबीआइ एनसीटी के प्राचार्य डॉ सुबानी बाड़ा, उप प्राचार्य मीनल श्वेता समेत अन्यान्य शिक्षकगण और छात्र-छात्राओं के अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

इस आयोजन के लिए विवि के कुलाधिपति विजय कुमार दलान और मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप वर्मा ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## हाइकोर्ट में छवि रंजन की जमानत पर हुई सुनवाई

**रांची (आजाद सिपाही)। बरियातू स्थित चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की गलत तरीके से खरीद-बिक्री करने के आरोपी रांची के पूर्व डीसी और निलंबित आइएएस छवि रंजन की जमानत याचिका पर शुक्रवार को झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान इडी की ओर से बहस के लिए समय देने का आग्रह किया गया, जिसे हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने स्वीकार कर लिया और अगली सुनवाई के लिए 19 अप्रैल की तारीख निर्धारित कर दी। छवि रंजन की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और अभिषेक चौधरी ने बहस की। वहीं इडी की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जेनरल अनिल कुमार ने बहस की। यह केस इडी के कांड संख्या इसीआईआर 5/2023 से जुड़ा हुआ है। फिलहाल छवि रंजन न्यायिक हिरासत में हैं।**

# फर्जी केंद्रीय सरना समिति बना कर राजनीतिक स्वार्थ साध रहेः फूलचंद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय कार्यालय में शुक्रवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। सरहुल शोभा यात्रा के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष फूलचंद तिर्की एवं तमाम पदाधिकारी जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार के द्वारा कोतवाली थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। इसके विरोध में केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि फर्जी केंद्रीय सरना समिति बना कर कुछ लोग समाज को बदनाम कर रहे हैं निजी स्वार्थ की खातिर समाज को राजनीति कर बदनाम कर दिये हैं। केंद्रीय सरना समिति का गठन बाबा कार्तिक उरांव के द्वारा 1970 में किया गया था, जिसका उद्देश्य सरना समाज को धार्मिक, सामाजिक-सांस्कृतिक एवं एकजुट करना था, परंतु फर्जी केंद्रीय सरना समितियों के द्वारा बराबर बाबा कार्तिक उरांव के आदर्शों को चकनाचूर कर दिया जा रहा है। 11 अप्रैल को फर्जी केंद्रीय सरना समिति भारत के द्वारा नारायण उरांव के नेतृत्व में आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए राजनीतिक झांकी निकाली गयी थी, जिसमें झामुमो के हेमंत सोरेन को जेल के अंदर दिखलाया गया था एवं स्लोगन भी लिखा था, जेल का ताला टूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा। इसको लेकर केंद्रीय सरना समिति 13 आरआइटी बिल्डिंग कचहरी रांची के अध्यक्ष फूलचंद तिर्की, उपाध्यक्ष प्रशांत, प्रमोद, निर्मल पाहन, महासचिव संजय तिर्की, विनय उरांव, अनूप मुंडा को आदर्श आचार संहिता के विरुद्ध प्राथमिक भी दर्ज की गयी है। उन्होंने मीडिया को बताया कि 11 अप्रैल को केंद्रीय सरना समिति 13 आरआइटी बिल्डिंग परिसर रांची की ओर से अल्बर्ट चौक के पास स्वागत मंच लगाया गया था।

# एचइसी ने महसूल वसूली का काम सौंपा, पर करने नहीं देते स्थानीय दबंग, थानों का चक्कर काट रहे राघवेंद्र सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**रांची।** रांची के धुर्वा क्षेत्र के रहनेवाले राघवेंद्र कुमार सिंह जगह-जगह पर अपनी गुहार लेकर भटक रहे हैं। कभी वह थाना जाते हैं तो कभी किसी बड़े अफसर के पास। कभी वह धुर्वा थाने के चक्कर लगाते हैं तो कभी जगरनाथपुर थाने का, लेकिन उनकी पुकार सुनने वाला कोई नहीं है। दरअसल मामला महसूल वसूली का है। राघवेंद्र की कंपनी मैसर्स राज फन 'एन' आर्ट को धुर्वा बस स्टैंड डेली मार्केट, सेक्टर-3 शालीमार बाजार एवं सेक्टर-2 स्थित सप्ताहिक बाजार में महसूल वसूलने का टेंडर एचइसी की तरफ से मिला है। लेकिन कुछ स्थानीय आपराधिक किस्म के लोग राघवेंद्र को महसूल वसूली करने से रोक रहे हैं।

**फर्जी कागज बना कर गुंडई से वसूल रहे महसूलः** राघवेंद्र ने बताया है कि वेद प्रकाश सिंह (फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष), आनंद मूर्ति, धीरज सिंह, उमेश यादव, संतोष कुमार, जयंती कुमारी फर्जी कागज के सहारे जोर जबरदस्ती मसहूल वसूल रहे हैं। इन्होंने वसूली करने के लिए फर्जी यूनियन भी बना ली है, जिसका नाम एचइसी फुटपाथ विक्रेता संघ रखा गया है। राघवेंद्र के अनुसार स्थानीय प्रशासन उन लोगों के ऊपर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। इस कारण राघवेंद्र एचइसी के द्वारा निर्धारित राशि को जमा करने में असमर्थ हैं, जिस कारण मेरे ऊपर कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है।

**कर्मचारी के साथ मारपीट की जा रही**

**राघवेंद्र सिंह ने बताया है कि वह इसके लिए 20 फरवरी 2024 को स्थानीय थाना धुर्वा में शिकायत कर चुके हैं। लेकिन इस केस में नामजद आरोपी वेद प्रकाश सिंह, आनंद मूर्ति, धीरज सिंह, उमेश यादव पर स्थानीय थाना कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। जिस कारण राघवेंद्र और उनका परिवार दहशत में है। जोर-जबरदस्ती महसूल वसूलनेवालों का मनोबल बढ़ रहा है तथा ये लोग बाजार के लोगों को महसूल नहीं देने के लिए लोगों को बहका रहे हैं। गौरतलब है कि राघवेंद्र के कर्मचारी महसूल वसूल करने के लिए जाते हैं तो उन्हें मारपीट एवं गाली गलौज करके भगा दिया जाता है।**

# झारखंड पार्टी (एनोस) छह सीटों पर लड़ेगी चुनाव

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड पार्टी (एनोस) झारखंड में छह लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसमें से तीन लोकसभा सीट के लिए पार्टी ने शुक्रवार को प्रत्याशी का एलान कर दिया है। चाइबासा से चित्रसेन सिंकू, चतरा से दर्शन गंजू और हजारीबाग से राजकुमार कुशवाहा पार्टी प्रत्याशी होंगे। यह घोषणा पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का और पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव अशोक कुमार भगत ने संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद आयोजित एक पत्रकार सम्मेलन में की। अशोक कुमार भगत ने बताया कि तीन और सीट खूंटी, लोहरदगा और राजमहल से पार्टी चुनाव लड़ेगी। खूंटी लोकसभा के लिए शुक्रवार की रात को निर्णय लिया जायेगा। इसके लिए सभी संभावित प्रत्याशियों को बुलाया गया है। लोहरदगा और राजमहल से पार्टी अभी इंतजार करेगी। राजमहल से पार्टी लोबिन हेंब्रम और लोहरदगा से चमरा लिंडा को समर्थन दे सकती है, यदि ये दोनों चुनाव लड़ते हैं तब। क्योंकि इन दोनों नेताओं की विचारधारा और लड़ाई झारखंड पार्टी से मेल खाती है।

**भाजपा जुमलेबाज पार्टी, हेमंत ने चार साल में झारखंड को लूटा :** पत्रकार सम्मेलन में झारखंड पार्टी (एनोस) के नेताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जुमलेबाजी में माहिर हैं। इन लोगों ने देश को बर्बाद करके रख दिया। महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। साथ ही कहा, राज्य में महागठबंधन की सरकार और उसके मुखिया रहे हेमंत सोरेन ने झारखंड को चार साल में सिर्फ लूटने का काम किया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 32.4 °c | 18.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.08 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.30 बजे |

# पंजाब नैशनल बैंक का स्थापना दिवस मना



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पंजाब नैशनल बैंक के रांची मंडल के मंडल प्रमुख प्रवीण कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में मंडल कार्यालय रांची तथा इसके अंतर्गत आने वाली सभी शाखाओं में शुक्रवार को बैंक का 130वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैंक के संस्थापक लाला लाजपत राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मंडल प्रमुख ने कहा कि बैंक ने अपनी स्थापना के पश्चात सफलतापूर्वक दृढ़ता के साथ 129वर्षों का लंबी सफर तय किया है और इस महान संस्था को आगे बढ़ाने में अपने ग्राहकों को उनके योगदान के लिए आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर मंडल कार्यालय में ग्राहकों और स्टाफ सदस्यों के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन भी किया गया।

# श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब ने सभी अखाड़ाधारियों को सम्मानित किया





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब रांची के द्वारा श्री रामनवमी मोहत्सव 2024 के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शुक्रवार को श्री महावीर मंडल के पदाधिकारियों ने रांची के सभी अखाड़ाधारियों, नेतृत्वकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को सम्मानित किया। सम्मान समारोह में मुख्य रूप से तपोवन मंदिर के महंत ओम प्रकाश शरण, श्री महावीर मंडल रांची के वरिष्ठ सदस्य यदुनाथ पांडेय, वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह, हीरालाल साहू, किशोर साहू, अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू, औद्योगिक महावीर मंडल धुर्वा के अध्यक्ष वेद सिंह, श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष शंकर दुबे, महामंत्री गोपाल पारीक, समाजसेवी प्रणय कुमार, अर्जुन राम, सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के अकील उर रहमान, वरिष्ठ समाजसेवी साहेब अली उपस्थित थे। समारोह का नेतृत्व श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब रांची के संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा ने किया एवं स्वागत मंडल के अध्यक्ष राम अनुज सिंह एवं कार्यकारी अध्यक्ष रमेश केडिया ने किया। समारोह का संचालन राहुल सिन्हा चंकी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन ललित ओझा ने दिया। इस मौके पर सभी अखाड़ाधारियों एवं नेतृत्वकर्ताओं का स्वागत श्री महावीर मंडल के पदाधिकारियों ने श्री राम नाम का पट्टा एवं माला पहनाकर किया। इस समारोह में सभी अखाड़ाधारियों एवं नेतृत्वकर्ताओं के द्वारा एक स्वर से श्री रामनवमी मोहत्सव 2024 के अवसर पर विशाल शोभायात्रा में भव्य रूप से मर्यादित तरीके से शामिल होने का निर्णय लिया गया। समारोह के दौरान सभी अखाड़ाधारियों ने अपनी अपनी परेशानियों एवं समस्याओं से श्री महावीर मंडल को अवगत कराया एवं मंडल के द्वारा सभी समस्याओं को जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार तक पहुंचाने का निर्णय लिया। इस अवसर पर राजीव रंजन मिश्रा ने सभी राम भक्तों से कहा कि श्री रामनवमी महोत्सव 2024 के अवसर पर विशाल और भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। आप सभी राम भक्त शोभायात्रा की तैयारी करें।

सम्मान समारोह में श्री महावीर मंडल रांची के वरिष्ठ सदस्य राकेश सिंह, सुभाष साहू, शंकर साहू, विशुनदेव प्रसाद लीलू, श्री महावीर मंडल रांची, मंत्री-दीपक ओझा, राज किशोर, राहुल सिन्हा चंकी, प्रकाश चंद्र सिन्हा अमित सोनी सहित सभी श्री महावीर मंडल डोरंडा -बजरंग प्रसाद गुप्ता, श्री महावीर मंडल हिनू - मुन्ना अग्रवाल, श्री चैती दुगार्पूजा महासमिति- गोपाल पारीक, श्री युवा रामनवमी पूजा महासमिति- नंद किशोर सिंह चंदेल, श्री महावीर मंडल बरियातू - राज किशोर, श्री महावीर मंडल लोवाडीह- प्रदीप कुमार साहू, श्री महावीर मंडल बडगाईं से डॉ जीवधन प्रसाद, नीरज सिंह, श्री महावीर मंडल पुनदाग से अमरदीप साहू, श्री महावीर मंडल चुटिया से बाबूलाल ठाकुर, श्री महावीर मंडल हिंदपीढ़ी से लंकेश सिंह, श्री महावीर मंडल कोकर से युवराज पासवान, श्री महावीर मंडल रातू रोड से अमित सोनी, श्री महावीर मंडल कांके रोड से नकुल तिर्की, श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब रांची के प्रकाश पाल, श्री महावीर मंडल मलहा टोली से शेखर प्रसाद, श्री महावीर मंडल इंद्रा गांधी चौक के अध्यक्ष कृष्णा साहू, श्री महावीर मंडल हाउसिंग कॉलोनी रणधीर सिंह, श्री महावीर मंडल जोड़ा तालाब बरियातू, श्री महावीर मंडल दिवाकर नगर, श्री महावीर मंडल मोरहाबादी, श्री जय दुर्गा महावीर मंडल हिंदपीढ़ी, श्री प्रगति मंडल लेक रोड से इंदर सिंह, सहित 256 अखाड़ों के पदाधिकारी शामिल हुए।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए समय लाभप्रद रहेगा प्रियजनों का आवागमन।

**वृष** सुख-सुविधा के साधन बनेंगे। आर्थिक लाभ, व्यापारिक यात्रा लाभप्रद सिद्ध होगी।

**मिथुन** धन लाभ,मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति, विरोधियों पर विजय मिलेगा।

**कर्क** माता पिता का सहयोग, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा, मन प्रसन्न रहेगा।

**सिंह** पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा, विद्यार्थियों को परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता, मनोकामनाएं पूरी होंगी।

**कन्या** विगड़ा काम बनेगा, व्यवसाय में आशातीत लाभ, सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।

**तुला** नौकरी में उल्लास, दांपत्य जीवन सुखद रहेगा, स्वास्थ्य ठीक रहेगा, भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।

**वृश्चिक** पारिवारिक दायित्व निर्वहन में खर्च अधिक करना पड़ेगा। मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा।

**धनु** आर्थिक लाभ, सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा, मित्र-कुटुंबियों का सहयोग, जमीन-जायदाद संबंधी कार्य सफल होगा।

**मकर** सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।

**कुंभ** विरोधियों पर विजय, सामाजिक-राजनीतिक संपर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा।

**मीन** विना-विचारें कोई काम न करें, चितनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in


# झारखंड सिख फेडरेशन की महिला शाखा ने बांटी मिठाई




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सिख फेडरेशन की महिला शाखा द्वारा गुरु नानक होम हैंडिकैप्ड में जाकर वहां इलाजरत बच्चों के साथ सिख धर्म के सृजन दिवस बैसाखी के पूर्व संध्या पर मिठाई का डिब्बा का वितरण किया। कार्यक्रम कार्यक्रम की शुरुआत में बच्चों ने प्रार्थना की और संगठन के प्रति धन्यवाद किया और संगठन की तरक्की के लिए कामना की। इस अवसर पर झारखंड सिख फेडरेशन महिला शाखा की संयोजक रवि मेहता और शाखा की महिला बहनों ने शामिल होकर खुशियां बांटी।

# नवकला महावीर मंडल के अध्यक्ष बने विष्णु राम वर्मा

रांची (आजाद सिपाही)। नवकला महावीर मंडल की बैठक शुक्रवार को कैलाश बाबू लेन स्थित जगन्नाथ अपार्टमेंट में राजेश गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें पुरानी कमेटी को भंग कर नयी कमेटी का गठन और 2023 का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। इसमें सर्वसम्मति से विगत 50 वर्षों से अध्यक्षता कर रहे विष्णु राम वर्मा को एक बार फिर अध्यक्ष चुना गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया झांकी प्रतियोगिता में भी भाग लिया जायेगा। महानवमी को समाज के प्रतिष्ठित महिला एवं पुरुष को सम्मानित किया जायेगा। इसके बाद महानवमी की शोभायात्रा निश्चित स्थान से होते हुए मेन रोड, अल्बर्ट एक्का चौक होते हुए तपोवन मंदिर की ओर प्रस्थान करेगी। इस बैठक में कार्यकारिणी अध्यक्ष सनी कुमार, वरीय उपाध्यक्ष विश्वरूप दे, शिवम कुमार, उपाध्यक्ष आशीष तिवारी, सौम्या चक्रवर्ती, पवन वर्मा, अमन वर्मा, महासचिव राजेश गुप्ता, सचिन, सुनील, गौरी, संगठन सचिव विकास कुमार, सह सचिव कौशल साहू, उत्कर्ष तिवारी, राज दे, विशाल वर्मा, सचिन वर्मा, बंटी साहू, सह सचिव राज चक्रवर्ती, प्रिंस वर्मा, महामंत्री ओम प्रकाश गुप्ता, मंत्री सुरेंद्र वर्मा, महामंत्री राजकुमार चौरसिया, मुख्य सलाहकार मोनी शंकर दास, सुजय पाल, कोषाध्यक्ष अनिरुद्ध वर्मा, सह कोषाध्यक्ष सनी कुमार, संरक्षक उमाशंकर दास, अजय वर्मा, अमित चक्रवर्ती, आलोक सहाय, राजन सहाय, संदीप शरण, स्वरूप दे, बैजनाथ राम वर्मा, सुरेश साहू, बसंत सिंह, प्रदीप राम, उदय राम वर्मा, विजय गुप्ता, बालक तिवारी, राजेंद्र लाल, आलोक सहाय, अजय प्रसाद, मुकेश गुप्ता, प्रचार मंत्री कन्हाई प्रसाद, मुख्य संरक्षक बीके जायसवाल, सुभाष अग्रवाल, ओम प्रकाश साहू, दिलीप वर्मा, प्रेम वर्मा, विक्रम सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# 28 जिला जज रैंक के न्यायिक पदाधिकारियों का तबादला, डॉ चंदन बने सिविल कोर्ट के नये सीजेएम

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट ने जिला जज रैंक के 28 न्यायिक पदाधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग की है। इसे लेकर नॉटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। ट्रांसफर-पोस्टिंग का नॉटिफिकेशन जारी होने के बाद इन न्यायिक पदाधिकारियों को नये पदस्थापन वाली जगह पर योगदान देने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही 30 सीनियर डिवीजन रैंक के न्यायिक पदाधिकारियों का भी तबादला किया गया है। वहीं अलग-अलग रैंक के करीब 100 न्यायिक पदाधिकारियों का प्रमोशन और ट्रांसफर पोस्टिंग से संबंधित अधिसूचना भी जारी कर दी गयी है। सूची के मुताबिक, रांची सिविल कोर्ट के नये सीजेएम (मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी) डॉ चंदन कुमार को नियुक्त किया गया है।

# अविनाश को मुख्य स्थानिक आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार ने ऊर्जा विभाग में अपर मुख्य सचिव के पद पर पदस्थापित अविनाश कुमार को मुख्य स्थानिक आयुक्त झारखंड भवन, नयी दिल्ली का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। अविनाश कुमार विकास आयुक्त, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक ऊर्जा विकास निगम, प्रबंध निदेशक, झारखंड बिजली वितरण निगम के भी अतिरिक्त प्रभार में हैं। वहीं योजना और विकास विभाग में प्रधान सचिव के पद पर पदस्थापित मस्त राम मीणा को प्रभारी सदस्य राजस्व पर्षद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। कार्मिक विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है।

# कुंदा के जंगल से दो सिलेंडर बम और बम बनाने का सामान बरामद

चतरा (आजाद सिपाही)। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाये जा रहे नक्सली अभियान के दौरान सीआरपीएफ 190 वीं बटालियन को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर केरिपु बल 190 बटालियन, चतरा एवं जिला पुलिस के जवानों की संयुक्त टीम ने सर्च अभियान चलाकर कुंदा थाना क्षेत्र के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र कुजराम के जंगल के पास से लगभग 02 सिलेंडर बम जिसका वजन 05 और 02 किलोग्राम का और बम बनाने का सामान और बिजली का तार बरामद किया। जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव को लेकर नक्सलियों द्वारा जिले में होने वाले चुनाव के दौरान पोलिंग पार्टी और पुलिस पार्टी को नुकसान पहुंचाने और दहशत फैलाने के इरादे से बम लगाकर रखा गया था। सर्च अभियान का नेतृत्व मनीष कुमार सीआरपीएफ 190 वीं बटालियन कर रहे थे।

# टीपीएससी संगठन के चार अपराधी गिरफ्तार

**पुल निर्माण कार्य में लगे मजदूरों को पीटने और 25 लाख रुपये रंगदारी मांगने वाले आरोपियों को पुलिस ने दबोच लिया**

**चार राइफल, 86 गोली सहित कई सामान हुए बरामद**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सिसई थाना अंतर्गत जलका उत्तर कोयल नदी में बन रहे पुल निर्माण को प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के अपराधकर्मियों के द्वारा बीते 4 अप्रैल को बंद कर दिया गया था। इस दौरान अपराधियों ने मजदूरों को बंधक बनाकर पीटा भी था और 25 लाख रुपये रंगदारी की मांग की गयी थी। इसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश यादव के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने उन चार अपराधियों को सिसई के मुरगू से गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को एसपी शंभू कुमार सिंह ने कार्यालय परिसर में प्रेसवार्ता का आयोजन कर पूरे मामले की जानकारी दी।

गिरफ्तार अपराधियों में चोरकाखाड़ निवासी केश्वर लोहरा, फोरी निवासी हीरा उरांव, डुको निवासी नैका उरांव और लखीराम उरांव शामिल हैं। इनके पास से 4 राइफल, 86 गोली, दो मैगजीन, 3 पिट्ठू और 3 मोबाइल बरामद की गयी है। गिरफ्तार अपराधी पूर्व में लूट और रंगदारी के कांड में जेल जा चुके हैं। पुलिस की इस सफलता के पीछे पुलिस अधीक्षक का बेहतर मार्गदर्शन बताया जा रहा है।

## गोला डेली मार्केट के होटल में परोसी जा रही थी शराब, पुलिस ने की छापामारी

# 228 बोतल अंग्रेजी और आठ पेटी देसी शराब जब्त




आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** पुलिस अवैध शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी कर रही है। शुक्रवार को एसपी डॉ बिमल कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गोला पुलिस ने गोला डेली मार्केट में एक छोटे से होटल में भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है।

इस संबंध में एसपी डॉ बिमल कुमार ने बताया कि उन्हें यह सूचना मिली थी कि गोला सुंडी टोला निवासी पिंटू चंद्र पोद्दार पिता जीतू चंद्र पोद्दार के द्वारा अपने घर में भारी मात्रा में अंग्रेजी एवं देसी शराब का भंडारण किया गया है। साथ ही डेली मार्केट के समीप अपने होटल में वह शराब की बिक्री भी करते हैं। पुलिस ने इस मामले में होटल संचालक के खिलाफ अवैध रूप से बिना लाइसेंस के विदेशी शराब का भंडारण करने तथा बिक्री करने के आरोप में प्राथमिक की दर्ज की है।

### होटल पहुंची पुलिस तो जाम लड़ाते मिले ग्राहक:

गोला पुलिस ने जब होटल में छापेमारी की तो वहां जाम लड़ाते लोग दिखे। पुलिस को देखते ही वहां शराब पी रहे लोग और होटल संचालक भाग खड़े हुए। पुलिस ने जब होटल की तलाशी ली तो वहां से बकार्डी लेमन 180 एमएल का 8 बोतल, सिग्नेचर प्रीमियम ग्रीन व्हिस्की 180 एमएल का 5 बोतल, रॉयल स्टैग प्रीमियम व्हिस्की 180 एमएल का 5 बोतल बरामद हुआ।

### पिंटू के घर से भी मिली शराब

पुलिस टीम के द्वारा होटल संचालक पिंटू चंद्र पोद्दार के घर की भी तलाशी ली गयी। तलाशी के क्रम में मैकडॉवेल नंबर वन 375 एमएल की एक पेटी, जिसमें 24 शराब की बोतल, नंबर वन लग्जरी 180 एमएल की दो पेटी जिसमें 48 बोतल, स्टर्लिंग रिजर्व बी7 180 एमएल की 45 पीस, गॉडफादर स्ट्रांग बियर 650 एमएल की 50 बोतल, किंगफिशर स्ट्रांग बियर 650 एमएल की 30 बोतल, 8 पीएम प्रीमियम ब्लैक लाइट व्हिस्की 750 एमएल की 3 बोतल, दिल खुश देसी शराब 600 एमएल की 8 पेटी हर पेटी में 20-20 बोतल बरामद किया गया।

## एसडीपीओ ने की थाना प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक, दिये निर्देश

# वारंटियों को करें गिरफ्तार, लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमेश्वर प्रसाद ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में थाना व ओपी प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। बैठक में वारंटियों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। किसी तरह की भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

बैठक में उन्होंने कहा कि थानों में जितने भी लंबित मामले हैं। इसका निष्पादन अतिशीघ्र करें। रामनवमी का त्योहार और लोकसभा का चुनाव बेहद महत्वपूर्ण है। दोनों महापर्व में पुलिस को 24 घंटे अलर्ट रहने की आवश्यकता है। थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में पेट्रोलिंग और तेज करें। चौक चौराहों पर पुलिस की मौजूदगी बनी रहनी चाहिए। किसी भी स्तर पर विधि व्यवस्था भंग ना हो इसका ख्याल रखना है।

**कौन कौन थे उपस्थित:** बैठक में रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू, रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन कुमार पांडे, यातायात थाना प्रभारी रजत कुमार, मांडू थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव, गोला थाना प्रभारी, बरलंगा थाना प्रभारी अनंत कुमार सिंह, कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडे, वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सदानंद कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### अवैध कारोबार पर कसें नकेल

साथ ही चुनावी भाग दौड़ में अवैध कारोबार करने वाले लोग भी काफी सक्रिय होने की कोशिश कर रहे हैं। जिले में कोयला, लोहा, बालू से जुड़े अवैध कारोबार पर लगाम लगाये रखने का निर्देश दिया गया।

# एनटीपीसी ने मोबाइल मेडिकल यूनिट का किया शुभारंभ



टंडवा (आजाद सिपाही)। एनटीपीसी नार्थ कर्णपुरा ने एक मोबाइल मेडिकल यूनिट एमएमयू का उद्घाटन किया। ताकी परियोजना के प्रभावित गांवों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। एनटीपीसी के कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी सीएसआर पहल के तहत, एमएमयू तीन साल के लिए छह गांवों की सेवा करेगा, जो मृत्यु दर को कम करने के लिए मातृत्व और शिशु स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करेगा। उद्घाटन समारोह में स्वप्नेंदु कुमार पांडा सीजीएम एनकेएसटीपीपी और अजय कुमार शुक्ला सीजीएम-ओ एंड एम जैसे अधिकारी शामिल थे। डॉ शिप्रा रानी सीएमओ-एनकेएसटीपीपी और नार्थ करणपुरा के समर्पित चिकित्सा टीम ने एमएमयू के कार्यान्वयन के लिए एचआइ प्राइड हेल्थकेयर एंबुलेंस प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों के साथ साझेदारी की। एमएमयू गांवों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं, उच्चतर चिकित्सा सेवाओं के लिए रेफरल संबंध, और साक्षरता कार्यक्रमों का संचालन करेगा। जानकारी, शिक्षा, और संचार आइइसी गतिविधियों के माध्यम से, एनटीपीसी का उद्देश्य समुदाय को स्वास्थ्य से संबंधित विषयों पर जागरूक करना है। एनटीपीसी की कम्युनिटी कल्याण और उसके कार्यक्षेत्रों में दीर्घकालिक विकास और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के प्रति समर्पितता को दर्शाता है।

# छापामारी में विभिन्न कंपनियों के 20 गैस सिलेंडर बरामद

कुजू (आजाद सिपाही)। अवैध कुकिंग गैस सिलेंडर भंडारण की सूचना पर शुक्रवार को मांडू प्रभारी एमओ बिमल बेदिया भरेचनगर-सांडी पहुंचे। जहां एमओ ने अग्रसेन डीएवी भरेचनगर स्कूल के ठीक सामने अवैध रूप से बिक्री किये जा रहे गैस कुकिंग गैस सिलेंडर काउंटर में छापेमारी की। इस दौरान काउंटर से विभिन्न कुकिंग गैस कंपनियों के 20 सिलेंडर को पकड़ा। इनमें इंडियन कंपनी का भरा हुआ 4 सिलेंडर, 11 खाली सिलेंडर के अलावा भारत कंपनी का 3 खाली सिलेंडर और इंडियन कंपनी का दो कमर्शियल सिलेंडर पाया। इस संबंध में दुकान संचालक से काउंटर संबंधित कागजात की मांग की। जहां किसी प्रकार का कागजात नहीं प्रस्तुत किया गया। वहीं, संचालक मुकेश कुमार ने विभिन्न गैस एजेंसी से संपर्क कर विभिन्न कंपनियों का कुकिंग गैस सिलेंडर को एक्सचेंज कर ग्राहकों को देने की बात कही। मौके पर एमओ बिमल बेदिया ने बताया कि सांडी में अवैध कुकिंग गैस का भंडारण कर बिक्री होने की सूचना डीसी को मिली। जिसके आलोक में डीएसओ के निर्देश पर छापामारी की गयी है। इस दौरान विभिन्न कंपनियों के 20 सिलेंडर को बिक्री करते पकड़ा गया है। वहीं, जांच रिपोर्ट डीएसओ कार्यालय में जल्द ही जमा कर दिया जायेगा। बताया जाता है कि त्रिकुटा गैस एजेंसी करमा के नाम पर भरेचनगर निवासी मुकेश कुमार द्वारा गैस सिलेंडर को स्कूल के निकट अवैध रूप से सिलेंडर की बिक्री करता है। ग्रामीणों द्वारा डीसी को मिले शिकायत बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए मांडू के प्रभारी एमओ भरेचनगर पहुंचकर भौतिक सत्यापन किया। जिसमें एमओ को सच्चाई सामने आ गयी। इधर, ग्रामीणों ने बताया कि डीएवी भरेचनगर स्कूल के निकट गैस का अवैध व्यापार कभी भी बड़े हादसे को निमंत्रण दे सकती है। ग्रामीणों ने विभागीय पदाधिकारियों से ऐसे अवैध काउंटर को बंद करने की मांग की है।

# चंदवा में धड़ल्ले से काटे जा रहे हैं हाइटेंशन टावर

चंदवा (आजाद सिपाही)। चंदवा के लगभग सभी क्षेत्रों में हाई टेंशन टावर लगाया गया था। परंतु कुछ सालों से देखा जा रहा है कि लगातार कबाड़ी दुकानदार और चोर मिलकर हाई टेंशन टावर काट ले रहे हैं। जमीन के मालिक या आसपास के लोगों को मिलाकर यह अवैध कारोबार किया जा रहा है। सूत्रों से जानकारी मिली कि एक टावर काट कर बेचने में लगभग 5 से 6 लाख रुपये में बिक्री की जाती है। इन दिनों चंदवा प्रखंड में दर्जनों कि संख्या में टावर की कटिंग गैस कटर से काटकर जमीन मालिक के सहयोग से की जा रही है और इसकी सूचना स्थानीय पुलिस प्रशासन को मिलती भी है तो कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। जिससे ग्रामीण चर्चा कर रहे हैं कि चोर के साथ पुलिस कबड्डी दुकानदार और कुछ ग्रामीण के मिली भगत से यह बड़े काम किया जाता है। जानकार बताते हैं कि एक हाई टेंशन टावर लगाने में सरकार के लागत खर्च लगभग 70 लाख रुपये की होती है और यह टावर चोरों के द्वारा 5 से 6 लाख रुपये में आसानी से बेच दिया जाता है। लातेहार जिला प्रशासन यह कार्य को अगर अच्छे तरीके से जांच करायेगी तो इस में शामिल जितने भी लोग हैं वह सलाखें के पीछे नजर आयेंगे।

# चीन का अड़ियल रवैया और भारत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के साथ सीमा विवाद को हल करने की जरूरत बतायी है, जो कि बिल्कुल सही रुख है। दोनों देश पड़ोसी होने के साथ ही दुनिया की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं और ग्रोथ इंजन हैं। इसलिए किसी भी तरह के टकराव से दोनों का ही नुकसान है। ऐसे में पीएम मोदी का यह कहना सही है कि पूरे क्षेत्र और दुनिया के लिए भारत-चीन के बीच स्थिर और शांतिपूर्ण संबंध अहम हैं।

**अड़ियल चीन:** भारत का यह स्टैंड ऐसे समय सामने आया है, जब चीन ने अरुणाचल प्रदेश को लेकर एक बार फिर से अड़ियल रवैया अपनाया है। वह पहले भी अरुणाचल प्रदेश में भारतीय सीमा में कई जगहों के नाम बदल चुका है। चीन इस इलाके पर अपना दावा ठोकता रहा है और इस राज्य को जंगनान बुलाता है।

**परिपक्वता दिखायी:** भारत में इस समय लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार चल रहा है। ऐसे में विपक्ष भी चीन के साथ विवाद का मुद्दा उठा रहा है। विपक्ष का आरोप है कि चीन ने 2020 में हमारे हिस्से की जमीन पर कब्जा कर लिया, जबकि सरकार इसे बेबुनियाद आरोप बताती रही है।

**चीन गाहे-बगाहे भारत की भूमि पर अपना अधिकार जमाने की बात करता ही है। हाल ही में उसने अरुणाचल प्रदेश को लेकर अपना अड़ियल स्टैंड दिखाया था। वहीं भारत ने परिपक्वता दिखाते हुए सीमा विवाद सुलझाने की पहल की है।**

**तल्ख इतिहास:** भारत की पहल के बाद अब गेंद चीन के पाले में है। उसकी तरफ से कोई सकारात्मक कदम उठता दिखना चाहिए। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में चीन का रुख ऐसा नहीं रहा है, जिससे कोई आस बंधे। दोनों मुल्कों के मौजूदा संबंधों की बात करें, तो 2017 में डोकलाम विवाद के बाद से सीमा पर माहौल कभी सामान्य नहीं हो पाया। बल्कि, 2020 में गलवान में हुई झड़प ने स्थिति और बिगाड़ी ही है। भारत का स्पष्ट कहना है कि चीन पहले अपनी सेनाओं को पीछे करे, उसके बाद ही रिश्ते आगे बढ़ेंगे।

**बैर का कारण:** अब सवाल है कि भारत को लेकर चीन इतना आक्रामक क्यों है? बाकी पड़ोसियों के साथ तो उसने सीमा विवाद सुलझा लिया या फिर सुलझाने के करीब है, लेकिन भारत के साथ वह इस विवाद को हाल के वर्षों में और हवा दे रहा है। दरअसल, इसे चीन की विदेश नीति का हिस्सा कह सकते हैं। चीन के बाकी पड़ोसी उसके मुकाबले दुनिया में खड़े होने की हैसियत फिलहाल नहीं रखते, जबकि भारत तेजी से तरक्की कर रहा है।

**जिम्मेदारी चीन पर:** हालांकि, बेहतर यही होगा कि चीन, भारत में शीर्ष स्तर से की गयी इस पहल को स्वीकार कर ले और बातचीत के जरिये आपसी विवाद को सुलझाये। भारत के साथ किसी भी तरह का विवाद दोनों ही देशों के लिए ठीक नहीं होगा। वहीं, अगर दोनों के बीच शांतिपूर्ण संबंध बनते हैं, तो उनकी तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

अभिमत
आजाद सिपाही

**बाल तस्करी एवं बच्चों की खरीद-फरोख्त के अनेक कारण हैं। निःसंतान दंपतियों द्वारा बच्चों को खरीदना एकमात्र कारण नहीं है, बल्कि गरीबी, अशिक्षा, आर्थिक विषमता, सुविधावादी जीवनशैली, भौतिकवाद, बच्चों की अधिक संख्या और बेरोजगारी भी बड़ा कारण है। देश के पूर्वी राज्यों में, जो बाकी हिस्सों से अपेक्षाकृत गरीब हैं, में यह प्रवृत्ति लगातार बढ़ रही है।**

# कानूनी सख्ती के बावजूद पनपती बाल-तस्करी

ललित



**देश** की राजधानी दिल्ली में तमाम जांच एजेंसियों की नाक के नीचे नवजात बच्चों की खरीद-फरोख्त की मंडी चल रही थी, जहां दुधमुंहे एवं मासूम बच्चों को खरीदने-बेचने का धंधा चल रहा था। दिल्ली की 'बच्चा मंडी' के शर्मनाक एवं खौफनाक घटनाक्रम का पर्दाफाश होना, अमानवीयका एवं संवेदनहीनता की चरम पराकाष्ठा है, जिसने अनेक ज्वलंत सवालों को खड़ा किया है। आखिर मनुष्य क्यों बन रहा है इतना क्रूर, अनैतिक एवं अमानवीय? सचमुच पैसे का नशा जब, जहां, जिसके भी सर चढ़ता है, वह इंसान शैतान बन जाता है। दिल्ली के केशवपुरम इलाके में सीबीआइ ने छापेमारी कर ऐसे ही शैतानों के कुकृत्यों का भंडाफोड़ किया और एक महिला समेत सात लोगों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया। इसके साथ ही तीन नवजात शिशुओं को उनके चंगुल से बचाया। आरोपियों में एक अस्सिटेंट लेबर कमिश्नर को इस धंधे का मास्टर माइंड माना जा रहा है। न केवल दिल्ली वालों के लिए, बल्कि देशवासियों के लिए यह खबर चिंता पैदा करने वाली ही नहीं, बल्कि खौफ पैदा करने वाली भी है।

दिल दहला देने वाली इस घटना में सीबीआइ की अब तक की जांच से पता चला है कि आरोपी फेसबुक पेज और व्हाट्सएप ग्रुप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विज्ञापन के माध्यम से बच्चे गोद लेने के इच्छुक निसंतान दंपतियों से जुड़ते थे। आरोपी कथित तौर पर वास्तविक माता-पिता के साथ-साथ सरोगेट माताओं से भी नवजात बच्चे खरीदते थे। इन नवजात बच्चों को चार से छह लाख रुपये में बेच दिया जाता था। जांच से जुड़े सीबीआइ अधिकारियों के अनुसार एजेंसी की गिरफ्त में आये आरोपी बच्चों को गोद लेने से संबंधित फर्जी दस्तावेज तैयार कराते थे। आरोपी कई निःसंतान दंपतियों से लाखों रुपये की ठगी करने में भी संलिप्त हैं। इस गिरोह के तार कहां-कहां हैं, इसकी भी कड़ियां जोड़ी जा रही हैं। यह गिरोह आइवीएफ के माध्यम से युवतियों को गर्भधारण कराता था। फिर इन शिशुओं को बेचता था। गरीब माता-पिता से भी बच्चे खरीदे जाते थे।

**अर्थ की अंधी दौड़ में इंसान कितने क्रूर एवं अमानवीय घटनाओं को अंजाम देने लगा है।**

अर्थ की अंधी दौड़ में इंसान कितने क्रूर एवं अमानवीय घटनाओं को अंजाम देने लगा है कि चेहरे ही नहीं, चरित्र तक अपनी पहचान खोने लगे हैं। नीति एवं निष्ठा के केंद्र बदलने लगे हैं। मानवीयता एवं नैतिकता की नींव कमजोर होने लगी है। आदमी इतना खुदगर्ज बन जाता है कि उसकी सारी संवेदनाएं सूख जाती हैं। बाल तस्करी के खिलाफ कई सख्त कानूनी प्रावधानों के बावजूद भारत में यह समस्या नासूर बनती जा रही है। नवजात बच्चे चुराने वाले गिरोह के पदार्फाश से फिर यह तथ्य उभरा है कि बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों में कानून का कोई खौफ नहीं है। बच्चों की तस्करी पर भारी जुर्माने के साथ उम्रकैद तक का प्रावधान होने के बावजूद यह कड़वी हकीकत है कि ऐसे दस फीसदी से भी कम मामले दोषियों को सजा तक पहुंच पाते हैं। मुकदमों की पैरवी सही तरीके से नहीं होने के कारण अपराधी बच निकलते हैं और वे फिर बाल तस्करी एवं बच्चों की खरीद-फरोख्त में लिप्त हो जाते हैं।

बाल तस्करी एवं बच्चों की खरीद-फरोख्त के अनेक कारण हैं। निःसंतान दंपतियों द्वारा बच्चों को खरीदना एकमात्र कारण नहीं है, बल्कि गरीबी, अशिक्षा, आर्थिक विषमता, सुविधावादी जीवनशैली, भौतिकवाद, बच्चों की अधिक संख्या, बेरोजगारी भी बड़ा कारण है। पैसे की अपसंस्कृति ने अपराधों को अनियंत्रित किया है। पैसे कमाने के लिए कई लोग बाल तस्करी एवं बच्चों की खरीद-फरोख्त के व्यापार में लग गये हैं। वे गरीब लोगों को बहका कर उनके बच्चों को काम दिलवाने का झांसा देकर शहर ले जाते हैं। फिर शहर में जाकर उन बच्चों को बेचा जाता है। फिर शुरू होता है बच्चों के शोषण का अंतहीन सिलसिला। जो बच्चे खो जाते हैं, उनको अपराधी अगवा कर बेच देते हैं। लड़कियों को देह व्यापार के लिए विवश किया जाता है। हजारों बच्चों को फैक्ट्रियों में बंधुआ मजदूर बना दिया जाता है। 16-16 घंटे काम कराके इन को भर पेट खाना भी नसीब नहीं होता। इन सब कारणों से देश का बचपन कराह रहा है।

देश में युवाओं के एक वर्ग की सोच में बदलाव भी परोक्ष रूप से बाल-तस्करी को बढ़ावा दे रहा है। एक सर्वे में खुलासा हुआ था कि भारत के नौ फीसदी युवा शादी तो करना चाहते हैं, लेकिन बच्चे नहीं पैदा करना चाहते। संतान सुख के लिए उन्हें बच्चे खरीदने से परहेज नहीं है। हैरत की बात यह है कि देश के ढाई करोड़ से ज्यादा अनाथ बच्चों में से किसी को गोद लेने का विकल्प होने के बावजूद ऐसे युवा कई बार बाल तस्करी करने वालों से संपर्क तक साध लेते हैं। बाल-तस्करी भारत की एक उभरती एवं ज्वलंत समस्या है। यह केवल भारत की ही नहीं, दुनिया की बड़ी समस्या है। पिछले साल एक एनजीओ की रिपोर्ट में बताया गया था कि 2016 से 2022 के बीच बाल तस्करी के सबसे ज्यादा मामले उत्तर प्रदेश में दर्ज किये गये, जबकि आंध्र प्रदेश और बिहार क्रमशः दूसरे और तीसरे नंबर पर थे। इस अवधि में मध्य प्रदेश, गुजरात, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और तेलंगाना में भी कई मामले दर्ज हुए। कोरोना काल के बाद दिल्ली में बाल तस्करी के मामलों में 68 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गयी थी।

पिछले साल संसद में पेश एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक देश में 2021 में हर दिन औसतन आठ बच्चों की तस्करी हुई। देश के ही भीतर यह तस्करी होती है, लेकिन संगठित गिरोह कुछ बच्चों की खाड़ी और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में भी तस्करी करते हैं। एनसीआरबी के मुताबिक 2019 से 2021 के बीच देश में 18 साल से कम उम्र की 2.51 लाख लड़कियां लापता हुईं। इनमें से ज्यादातर मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और ओडिशा की थीं। बचपन अगर बाल तस्करी के बीच फंसकर रह जाये, तो बच्चा अपने बचपन, क्षमता और मानवीय गरिमा के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक विकास से भी वंचित रह जाता है। गौरतलब है कि बच्चों के घरेलू काम, विभिन्न क्षेत्रों में बाल श्रम, भीख मांगना, अंग तस्करी और व्यावसायिक यौनकर्म जैसी अवैध गतिविधियां बाल तस्करी की कोख से ही जन्म लेती हैं। सरकार और समाज को इससे मिलकर निपटना होगा। इस समस्या की जड़ में गरीबी भी है। इसे ध्यान में रखते हुए ऐसी व्यावहारिक और ठोस नीति बनाई जानी चाहिए कि बाल तस्करी के समूल उन्मूलन की जमीन तैयार हो सके।

इसे देश की विडंबना कहें या दुर्भाग्य कि आज बहुत से अजन्मे मासूम तो मां के गर्भ में आते ही जीवन-मृत्यु से जूझने लगते हैं। जन्म लेने के बाद इस देश में बच्चों को बेच दिया जाता है या ऐसे बच्चों का एक बहुत बड़ा वर्ग चौराहों, रेलवे स्टेशन, गली-मोहल्ले में भीख मांगता मिल जाएगा। बहुत सारे बच्चों का बचपन होटलों पर काम करते या जूठे बर्तन धोते हुए या फिर काल कोठरियों में जीवन बिताते हुए कट जाता है। यों भी कह सकते हैं कि उनका जीवन आज अंधेरे में कट रहा है। दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत का बचपन आर्थिक कारणों से घायल है। बच्चे को बेचे और खरीदे जाने में जितने लोग, जिस तरह शामिल होते थे, वह नये बनते भारत के भाल पर एक बदनुमा दाग है। क्यों कानून का डर ऐसे अपराधियों को नहीं होता? क्यों सरकारी एजेंसियों की सख्ती भी काम नहीं आ रही है और लगातार ऐसी घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। यहां प्रश्न कार्रवाई का नहीं है। प्रश्न है कि ऐसी विकृत एवं अमानवीय सोच क्यों पनप रही है?

**(लेख में व्यक्त विचार निजी हैं।)**

## जमशेदपुर/ रांची की खबरें

# अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान व्यापारियों पर बरसी लाठी



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** शहर में जेएनएसी के उप नगर आयुक्त कृष्णा कुमार के निर्देश पर बीते कई दिनों से शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को बिष्टूपुर थाना अंतर्गत डायगनल रोड में अभियान के दौरान अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। बताया जारहा है जेएनएसी की ओर से सोंथालिया बिल्डिंग के इर्द-गिर्द सड़क से कब्जा हटाने के दौरान कुछ व्यापारियों ने अभियान का विरोध किया। व्यापारियों के अनुसार अभियान के पूर्व हटाने के लिए कोई नोटिस नहीं मिला। बताया जारहा है उन्होंने जेएनएसी के पदाधिकारी के पास दो चार दिनों का समय मांगा और अपने से हटाने की बात कही। वहीं वापस में बाद बिगड़ते ही व्यापारियों पर लाठी तोड़ पिटाई शुरू कर दी गई। जिसकी वीडियो वारेल होने लगा। उधर पुलिसिया तेवर देख व्यापारी भागने लगे। वही व्यापारियों पर पुलिस की इस तरह का तेवर देख अन्य व्यापारी वहां से भाग खड़े हुए। हालांकि कई व्यापारियों लाठी से खूब पिटाई करते हुए गाड़ी में बैठाया गया। उधर अभियान का नेतृत्व कर रहे सिटी मैनेजर रवि भारती से घटना के संबंध जानकारी लेने का प्रयास किया गया। लेकिन उन्होंने टेलीफोन रिसीव नहीं किया। उधर घटना की सूचना मिलते ही शहर की व्यापारी वर्ग गोलबंद होने लगे। घटना की कड़ी निंदा करते हुए जमशेदपुर चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विजय आनंद मुनका ने बताया शहर के व्यापारी वर्ग पर इस तरह से लाठी चार्ज करना दूर भाग है। उन्होंने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। श्री मुनका ने कहा अगर किसी तरह की अतिक्रमण की बात हो तो नोटिस के साथ समय देना चाहिए। इस तरह से अचानक व्यापारियों पर लाठी चार्ज करना दुःखद है। उन्होंने कहा इस संबंध में सभी सूचना एकत्रित की जा रही है। उन्होंने जिले के डीसी से घटना का उच्च स्तरीय जांच करने की मांग की। वहीं जेएनएसी के उप नगर आयुक्त कृष्णा कुमार ने भी फोन में घटना के संबंध में बात करने का प्रयास किया गया लेकिन कोई जानकारी नही मिली।

## हाइकोर्ट ने सीबीआइ से पूछा- सांसदों और विधायकों के आपराधिक मामलों की स्थिति क्या है

रांची(आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट ने सीबीआइ से पूछा है कि झारखंड के विधायक और सांसद से जुड़े केस में सुनवाई में देर क्यों हो रही है। अदालत ने शुक्रवार को सीबीआइ को यह बताने का निर्देश दिया कि राज्य के एमपी-एमएलए के खिलाफ चल रहे मुकदमों में ट्रायल की स्थिति क्या है,साथ ही जिन मामलों में ट्रायल चल रहा है, उसमें देर क्यों हो रही है। अदालत ने यह भी बताने को कहा है कि अब तक राज्य के कितने एमएलए और एमपी के विरुद्ध ट्रायल पूरा हो चुका है और कितनों के विरुद्ध ट्रायल बचा हुआ है। अदालत ने सभी बिंदुओं पर सीबीआइ को 16 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। दरअसल, कुछ वर्ष पूर्व सुप्रीम कोर्ट ने देश के सभी हाइकोर्ट को राजनेताओं के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए दिशा निर्देश दिये थे। सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश के आलोक में झारखंड हाइकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है, जिसे जनहित याचिका में तब्दील कर सुनवाई की जा रही है।

## कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर पहुंचायेंगे गारंटी कार्ड, पावती भी लेंगे

रांची(आजाद सिपाही)। कांग्रेस का गारंटी कार्ड झारखंड प्रदेश मुख्यालय पहुंच गया है। देश में कांग्रेस की सरकार बनने पर कांग्रेस ने पांच न्याय और 25 गारंटी देने का वादा किया है, जो कांग्रेस मुख्यालय पहुंच चुका है। उसे पार्टी कार्यकर्ताओं के माध्यम से घर-घर तक पहुंचाया जायेगा। इनमें युवा, महिला, किसान, श्रमिक और सामाजिक और आर्थिक न्याय के लिए जो कदम उठाये जायेंगे, उनका ब्योरा दिया गया है। कार्यकर्ता जिस व्यक्ति से इस कार्ड को भरवायेंगे, उसका नाम, पता, विधानसभा और मतदान केंद्र, परिवार में मतदाताओं की संख्या और मोबाइल नंबर सहित अन्य विवरण लेंगे, ताकि उनसे आवश्यकता अनुसार संपर्क किया जा सके। वहीं इस पर जानकारी देते हुए प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि हमारी कोशिश है कि राहुल गांधी के इस गारंटी कार्ड को जन-जन तक पहुंचायें और लोगों को बतायें कि किस तरह से देश में मोदी सरकार लोगों के साथ छल कर रही है। धर्म के नाम पर बाट रही है। देश में बेरोजगारी अंतिम चरण पर है। महंगाई हर दिन बढ़ रही है। किसान आत्महत्या करने के लिए मजबूर हैं। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए, पार्टी देश को गारंटी कार्ड के माध्यम से भरोसा दिला रही है।पार्टी ने युवा न्याय के तहत जिन पांच गारंटी की बात की है, उनमें 30 लाख सरकारी नौकरियां देने और युवाओं को एक साल के लिए प्रशिक्षुता कार्यक्रम के तहत एक लाख रुपये देने का वादा शामिल है।

## निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम की पत्नी राजकुमारी और पिता गेंदा राम की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम की पत्नी राजकुमारी देवी एवं वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम की अग्रिम जमानत याचिका पर शुक्रवार को झारखंड हाइकोर्ट ने फैसला सुनाया है। कोर्ट ने राजकुमारी देवी एवं गेंदा राम की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। पूर्व में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शुभाशीष रसिक सोरेन ने पैरवी की। यहां बता दें कि पूर्व में इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने गेंदा राम और राजकुमारी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद इन दोनों की ओर से हाइकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गयी थी। 21 अप्रैल 2023 को वीरेंद्र राम, उनके भाई आलोक रंजन, वीरेंद्र राम की पत्नी राजकुमारी देवी एवं पिता गेंदा राम के खिलाफ इडी की अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया था।

# जमीन का गोरखधंधा करनेवाले विक्की जायसवाल पर दर्ज हैं आधा दर्जन केस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** धोखाधड़ी और फर्जी दस्तावेज पर जमीन की खरीद-बिक्री करने का आरोपी विक्की जायसवाल उर्फ ऋषि रंजन जिला प्रशासन की रडार पर है। विक्की जायसवाल फिलहाल राजधानी रांची के कांके थाना क्षेत्र में सक्रिय है। सूत्र बताते हैं कि विक्की जमीन के गोरखधंधे में लाखों-करोड़ों की कमाई कर पुलिस को मैनेज करता है, ताकि उसके खिलाफ दर्ज मामलों में कोई कार्रवाई न हो। इस कमाई का कुछ हिस्सा वह पुलिसवालों को भी पहुंचाता है, तभी तो पुलिस सब कुछ जानते हुए भी अनजान बनी रहती है। विक्की के कारनामों का मामला संज्ञान में आने के बाद जिला प्रशासन ने उसके खिलाफ सख्ती बरतने का निर्णय लिया है। प्रशासन अब उसे जिला बदर करने की तैयारी में जुटा है। विक्की जायसवाल उर्फ ऋषि रंजन पिछले कुछ वर्षों में तेजी से जमीन के धंधे में शामिल रहा है। उस पर जमीन कब्जा करने, धोखाधड़ी कर गलत दस्तावेज तैयार कर जमीन की खरीद-बिक्री करने के गंभीर आरोप हैं। उसके खिलाफ सिर्फ कांके थाना में पांच प्राथमिकी दर्ज हो चुकी हैं। इसके अलावा रांची के लोअर बाजार थाना में भी विक्की जायसवाल के खिलाफ चेक बाउंस का केस दर्ज है।

## इडी को मिली मो. सद्दाम की चार दिन की रिमांड

रांची (आजाद सिपाही)। पीएमएलए कोर्ट ने शुक्रवार को मो सद्दाम को चार दिन की इडी रिमांड में भेज दिया। इडी ने उससे पूछताछ के लिए पांच दिन की रिमांड मांगी थी। कोर्ट ने चार दिन की रिमांड दी। सद्दाम पर हेमंत सोरेन से जुड़ी जमीन के दस्तावेज में हेर-फेर करने का आरोप है। उसे 9 अप्रैल को इडी ने गिरफ्तार किया था। रांची जमीन घोटाला मामले में यह तीसरी गिरफ्तारी थी।जमीन घोटाला मामले में 9 अप्रैल को इडी ने गिरफ्तार किया था। पीएमएलए कोर्ट ने पहले से जेल में बंद मो सद्दाम की चार दिन की रिमांड इडी को दी थी। शुक्रवार को उसकी रिमांड अवधि पूरी हो रही थी। इसलिए इडी ने एक बार फिर उसे विशेष अदालत में पेश किया और पांच दिन की रिमांड की मांग की।

## बोकारो में निर्माणाधीन पुल के जेसीबी मशीन चालक की नक्सलियों ने की पिटाई

बोकारो(आजाद सिपाही)। चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के नक्सल प्रभावित बड़की सीधावारा पंचायत के खखंडो गांव के समीप बीती रात मोतियानाला में निर्माणाधीन पुल के काम में कार्यरत जेसीबी मशीन के चालक की नक्सलियों ने पिटाई कर दी। बताया जाता है कि गुरुवार रात नक्सलियों का जत्था हथियारों से लैस पुल के पास पहुंचा और मुंशी को खोजने लगा। मुंशी के पुल के पास नहीं रहने पर जेसीबी मशीन चालक वहां पर मौजूद था। नक्सलियों ने उससे मुंशी से बात कराने को कहा और उसे खोजने लगे, तो चालक ने बताया कि मेरे पास मुंशी का नंबर नहीं है और ना मैं जानता हूं। इसी पर नक्सलियों ने उसकी लाठी से पिटाई कर दी। घटना के बाद नक्सली वहां से चेतावनी देते हुए अन्यत्र जगह चले गये। नक्सलियों की संख्या सात-आठ के करीब थी। जानकारी के अनुसार पुल का निर्माण लगभग समाप्ति की ओर है। इस संबंध में बोकारो जिला पुलिस को सूचना मिली तो जिला पुलिस बल के जवान और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान घटनास्थल पर पहुंचे। मामले की जांच-पड़ताल की और उसके बाद नक्सलियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया। इस संबंध में शुक्रवार को बोकारो के एसपी ने कहा है कि पुलिस इस बात का पता लगा रही है कि मारपीट करनेवाले नक्सली थे या कोई और है।

## हेमंत से जेल में मिले बसंत सोरेन चुनाव और पार्टी संगठन पर हुई बात

रांची(आजाद सिपाही। गुरुजी के छोटे पुत्र और मंत्री बसंत सोरेन अपने बड़े भाई हेमंत सोरेन से मिलने होटवार जेल पहुंचे। इस दौरान पार्टी महासचिव विनोद पांडेय भी मौजूद थे। जानकारी के अनुसार, हेमंत और बसंत के बीच झामुमो के प्रत्याशी घोषित होने के बाद उभरी नाराजगी, चुनावी रणनीति, 21 अप्रैल को आयोजित न्याय उलगुलान महारैली, इंडिया गठबंधन के बीच चुनावी रणनीति और सीटों के बंटवारे को लेकर उपज रहे विवाद पर चर्चा हुई। यहां बता दें कि पिछली दफा जब बसंत बड़े भाई हेमंत से मिले थे, तो दो सीटों पर प्रत्याशी की घोषणा हुई थी।

## आरोप से मुक्त नहीं हुए कुंदा के पूर्व सीओ प्रमोद राम

रांची(आजाद सिपाही)। नीलांचल आयरन एंड पावर लि के नाम से 50-50 एकड़ भूमि की अवैध जमाबंदी कराने वाले तत्कालीन अंचल अधिकारी कुंदा, चतरा प्रमोद राम को दिया गया दंड बरकरार है। मुख्यमंत्री सह विभागीय मंत्री चंपाई सोरेन ने उनके अपील अभ्यावेदन को खारिज करते हुए अधिरोपित असंचयात्मक प्रभाव से तीन वेतन वृद्धि रोके जाने के दंड को यथावत रखने का आदेश दिया है। इस संबंध में 6 मार्च 2024 को ही मंत्रिपरिषद की बैठक से भी स्वीकृति ली गयी थी। कार्मिक विभाग ने इसके बाद अधिसूचना जारी कर दी है। दरअसल, तत्कालीन उपायुक्त चतरा ने 16.12.2024 को आरोप पत्र गठित कर सरकार को कार्रवाई की अनुशंसा की थी। यह बात सामने आयी थी कि इनके द्वारा ग्राम डोकवा एवं मौजा-पचंबा की कुल 50-50 एकड़ भूमि की जमाबंनी नीलांचल आयरन एंड पावर लि को अवैध रूप से की गयी है। मामले की जांच हुई, जिसमें आरोप प्रमाणित हुआ। जांच रिपोर्ट में उनकी असंचयात्मक प्रभाव से तीन वेतन वृद्धि रोकने का दंड दिया गया। पूरे मामल में तत्कालीन सीओ कुंदा ने अपील अभ्यावेदन दिया। इसकी समीक्षा में कोई नया तथ्य सामने नहीं आया। इस बात को भी देखा गया कि अधीनस्थ कर्मियों के गलत प्रतिवेदन की वजह से सिर्फ ऐसा है। इसे सरकार ने सही नहीं माना और अधिकारी की संलिप्तता को स्वीकार करते हुए अपील को अस्वीकार कर दिया गया है।

## मेराल में बाइक से तीन लाख बरामद



मेराल (आजाद सिपाही)। आसन्न लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एफएसटी टीम के द्वारा गुरुवार की देर शाम में चलाए जा रहे वाहन जांच अभियान के दौरान एक बाइक से तीन लाख रुपये जब्त किये हैं। सीओ यशवंत नायक तथा थाना प्रभारी विष्णु कांत के नेतृत्व में मेराल थाना गेट के पास वाहन चेकिंग अभियान के दौरान बाइक सवार युवक के पास से बरामद किया गया है। इस संबंध में सीओ यशवंत नायक ने बताया कि बरामद किया गया पैसा मेराल के सीएसपी संचालक धर्मेंद्र कुमार गुप्ता का है। प्रशासन द्वारा बताया गया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान पचास हजार से अधिक नगद राशि लेकर चलना मनाही है। उक्त बरामद राशि को प्रशासन द्वारा गढ़वा ट्रेजरी में जमा कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार धर्मेंद्र अपने सीएसपी में लेनदेन करने के बाद बचा हुआ पैसा मेराल बस स्टैंड स्थित अपने सीएसपी से पूवार्रा टोला अपने घर जा रहा था, इसी दौरान प्रशासन द्वारा जांच में उक्त राशि को जब्त किया गया।

# चिनिया में दो सौ लोगों ने थामा झामुमो का दामन, मंत्री ने बोला मोदी पर हमला

**रंका और चिनियां प्रखंडों के लोग थे इसमें शामिल, मिथिलेश ठाकुर ने किया सभी का स्वागत**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** जिले के रंका व चिनियां प्रखंड के 200 से अधिक भाजपा समर्थकों ने भाजपा छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया। शुक्रवार को सभी लोगों ने गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में चल रही महागठबंधन की सरकार के कार्यों से प्रभावित होकर लोग स्वतः पार्टी से जुड़ रहे हैं। साथ ही पार्टी के नीति एवं सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाने का वचन ले रहे हैं। आज तक राज्य के दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों, उंची जाति के गरीबों, मूलवासियों को सिर्फ छलने का काम किया गया है। झामुमो के नेतृत्व में सभी लोगों को पूरा हक एवं अधिकार मिल रहा है। यही कारण है कि आदिवासी खरवार समाज के लोग जो भाजपा से जुड़े हुए थे आज सैकड़ो की संख्या में झामुमो में शामिल हो रहे हैं। मंत्री ने कहा कि जनता अब पूरी तरह से जागरूक हो चुकी है। मंत्री ने कहा कि अगर 2024 में मोदी पुनः प्रधानमंत्री बन गए तो लोकतंत्र में जनता को वोट देने का अधिकार समाप्त कर देंगे। वे पांच साल के बदले 10 साल में चुनाव करायेंगे। आज लोकतंत्र खतरा में पड़ गया है। बीजेपी अंग्रेजों की नीति फूट डालो, शासन करो के आधार पर काम कर रही है। भाजपा दोहरी नीति की पार्टी है। एक तरफ गौ हत्या बंद करने की बात करती है और दूसरी तरफ गौ मांस विदेशों में भेजने वाले लोगों से चंदा लेती है। भाजपा के शासनकाल में महंगाई चरम पर पहुंच गई है। अपना हक मांग रहे किसानों पर केंद्र सरकार गोली चलवा रही है। समय रहते जनता को चेतना होगा। मौके पर मुख्य रूप से बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष छोटू सिंह खरवार, पप्पू यादव, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र सिन्हा, परेश तिवारी, राजा सिंह, कुमार गुलाब सिंह, राजाराम सिंह सहित काफी संख्या में खरवार समाज के लोग एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पार्टी में शामिल होने वाले लोग

मुख्य रूप से रंका प्रखंड के तेजू सिंह, सुदेश भुईयां, बंधन सिंह, लोभावन भुईयां, विरेंद्र भईयां, गुलाम भुईयां, चतुर्गुन सिंह, अवधेश कुमार, सत्यनारायण चौधरी, गुलाम भुईयां, सुरेंद्र भुईयां, शिलवन्ती देवी, संतोष प्रसाद, सुरेश सिंह, मनोज सिंह, सीताराम सिंह, दलगीर सिंह, भानु प्रताप सिंह, बंशीधर सिंह, सोहराई सिंह, सुखदेव सिंह, रामचंद्र सिंह, नन्दकुमार सिंह, कृष्णा सिंह, रामप्रताप सिंह, शिवशंकर सिंह, लालमोहन सिंह, सुदामा सिंह, जगन परहिया, जीतू सिंह, उदय सिंह, रामचंद्र सिंह, मुकेश साव, सहित रंका और चिनियां प्रखंड के बरवाडीह, डोल, हेताड़कला, सिरोईखूर्द, बीरबांध, बंदुआ आदि गावां के 200 से अधिक लोगां का नाम शामिल है।

## विशुनपुरा में चार वारंटी गिरफ्तार





विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। पुलिस ने गुरुवार की रात छापामारी कर चार वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। विशुनपुरा थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कोर्ट से वारंट निर्गत था। गुप्त सुचना पर वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार वारंटी जगरनाथ प्रजापति, बालेश्वर सिंह, गिरधारी सिंह, अकलेश सिंह सभी विशुनपुरा थाना छेत्र पर विभिन्न मामला दर्ज है। कोर्ट के आदेशानुसार चारो वारंटी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## फरार चल रहा लाल वारंटी गिरफ्तार



धुरकी (आजाद सिपाही)। लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक गढ़वा दीपक कुमार पांडेय के निर्देशानुसार धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के नेतृत्व में धुरकी पुलिस ने समकालीन अभियान के क्रम में करीब वर्षों से फरार चल रहे लाल वारंटी ग्राम फाटपानी के रहने वाले जितेंद्र कोरवा पिता मोती कोरवा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। छापामारी में धुरकी थाना के एएसआई शैलेंद्र कुमार यादव, संजय सिंह और अन्य सशस्त्र बल शामिल थे। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने सभी वारंटी को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि या तो पुलिस के समक्ष समर्पण कर दें या न्यायालय से जमानत कर ले अन्यथा पुलिस कभी भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर सकती है।

## प्लस टू उवि गरदाहा 11वीं कक्षा में नामांकन प्रारंभ

कांडी (आजाद सिपाही)। हाल ही में जमा दो उच्च विद्यालय में अपग्रेड राजकीय कृत महंत श्री रामचंद्रपुरी उच्च विद्यालय गरदाहा में प्रारंभ होने वाले नये सत्र से 11वीं कक्षा में विद्यार्थियों का नामांकन लिया जायेगा। राज्य सरकार के द्वारा इस आशय का निर्देश दिया गया है। सरकार के प्रभारी सचिव स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के संकल्प संख्या 822, 12 मार्च 2024 के तहत गढ़वा जिला के 11 माध्यमिक विद्यालयों के साथ राजकीयकृत महंत श्री रामचंद्रपुरी उच्च विद्यालय गरदाहा को भी जमा दो उच्च विद्यालय (उच्चतर माध्यमिक विद्यालय) में उत्क्रमण की स्वीकृति दी गयी है। इसके आलोक में संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक को आगामी सत्र से विधिवत 11वीं कक्षा में नामांकन कर पठन पाठन कार्य का विधिवत संचालन कराना सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया गया है। सरकार के निर्देश के आलोक में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने के ज्ञापांक 538, 9 अप्रैल 2024 के माध्यम से प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया गया है। प्लस टू हाई स्कूल गरदाहा के प्रधानाध्यापक सूर्यदीप पाल ने विद्यालय के पोषक क्षेत्र में अवस्थित अपग्रेड हाई स्कूल लमारी कला, अपग्रेड हाई स्कूल मोरबे, चंद्रशेखर दुबे उच्च विद्यालय राणाडीह तथा अपग्रेड हाई स्कूल सोहगाड़ा से उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों से जमा दो उवि गरदाहा की ही 11वीं कक्षा में नामांकन कराने की अपील की है।

# दुकान के आगे किसी का भी वाहन लगा पाया तो दुकानदार का कटेगा चालान : थाना प्रभारी

**चालान काटने की धमकी पर व्यवसाइयों सहित वाहन चालकों में आक्रोश**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत मझिआंव मुख्य बाजार सहित ब्लॉक रोड में थाना प्रभारी आकाश कुमार ने पुलिस दल बल के साथ बाजार में लग रहे जाम से निजात दिलाने को लेकर सघन अभियान चलाया। साथ ही सड़क पर दो पहिया और चार पहिया वाहन लगाने वाले लोगों और दुकानदारों दोनों को जमकर फटकार के साथ चेतावनी दी और कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोग जिस दुकान से सामान खरीददारी करते हैं, उसी दुकान के आगे बेतरतीब ढंग से अपना वाहन खड़ा कर देते हैं, जिसके कारण प्रतिदिन जाम की समस्या होती है। जिसको लेकर थाना प्रभारी ने दुकानदारों को समझाते हुए चेताया और कहा कि आप लोग ग्राहकों को समझाइये कि अपना वाहन कहीं और खड़ा करें, अगर हम ग्राहकों का चालान काटते हैं, तो फिर वे मझिआंव समान लेने नहीं आयेंगे, इसलिये उनका चालान नहीं काटेंगे बल्कि जिस दुकान के आगे वाहन खड़ा पाया जाता है, तो उसी दुकानदार का चालान काटा जायेगा।

**थाना प्रभारी द्वारा चालान काटने की धमकी पर व्यावसाइयों सहित वाहन चालकों में आक्रोशः** इधर थाना प्रभारी द्वारा दुकान के आगे वाहन खड़ा पाया जाने पर चालान काटने की धमकी देने पर बाजार के व्यवसाइयों में आक्रोश व्याप्त है। व्यावसाइयों का कहना है कि सड़क के बगल में वाहन खड़ा नही हो इसके लिए नगर पंचायत के द्वारा बाइक पार्किंग की व्यवस्था की जानी चाहिए या इसके लिए पुलिस की ड्यूटी लगायी जानी चाहिए, ताकि लोग सड़क पर वाहन नहीं लगावें, लेकिन पुलिस अपनी ड्यूटी को दुकानदारों पर थोपना चाहती है, जो न्यायसंगत नहीं है।

# टाउनशिप से करमाही के बीच बनी पुलिया ध्वस्त, घटिया निर्माण का अंदेशा

**आजाद सिपाही संवाददाता**


ध्वस्त पुलिया

**भवनाथपुर।** टाउनशिप से करमाही के बीच बनी पुलिया के ध्वस्त होने से घटिया निर्माण की पोल खुल गयी। टाउनशिप से करमाही तक करीब 3.25 किलोमीटर सड़क का निर्माण वर्ष 2016-17 में ग्रामीण विकास विभाग से 1.96 करोड़ की लागत से कराया गया था। सड़क का शिलान्यास विधायक भानु प्रताप शाही ने कराया था, तब संवेदक को चेताया था कि सड़क का निर्माण गुणवत्ता पूर्ण होना चाहिए, लेकिन विभाग और संवेदक की मिली भगत से आठ वर्ष के भीतर ही पुलिया ध्वस्त हो गया, जिससे घटिया निर्माण कार्य से इंकार नहीं किया जा सकता है।

पुलिया के ध्वस्त होने से करमाही, फुलवार के लोगों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। गर्मी के मौसम में आवागमन में असुविधा तो नहीं होगी किंतु जैसे ही बरसात का मौसम आयेगा चारपहिया वाहन को जानें में परेशानी होगी। इस संबंध में कनीय अभियंता संजीव कुमार ने बताया कि ओवरलोड वाहन के गुजरने से पुलिया ध्वस्त हुआ है, साथ ही पुलिया घटिया निर्माण कार्य से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। वैसे निरीक्षण के बाद साफ साफ कह पायेंगे।

## चैती छठ व्रत नहाय-खाय के साथ आरंभ



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। लोकआस्था का महापर्व चैती छठ व्रत का चार दिवसीय अनुष्ठान चैत्र शुक्ल चतुर्थी तिथि शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ आरंभ हो गया। छठ व्रती नदी तलाब में स्नान कर घरों में पूजन करने के बाद अरवा चावल, सेंधा नमक, चने की दाल, लौकी की सब्जी, आंवला की चटनी आदि ग्रहण कर चार दिवसीय अनुष्ठान का संकल्प ली। ज्योतिष आचार्यों के अनुसार, शुक्रवार को रोहिणी नक्षत्र व आयुष्मान योग में नहाय-खाय के साथ पर्व आरंभ हुआ। 13 अप्रैल शनिवार को मृगशिरा नक्षत्र व शोभन योग में व्रती पूरे दिन निराहार रहकर शाम में खरना पूजा कर गुड़ से बनी खीर प्रसाद के रूप में ग्रहण कर 36 घंटे का निर्जला उपवास का संकल्प लिया जाएगा।14 अप्रैल रविवार को आर्द्रा नक्षत्र में व्रती डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगी। वहीं, 15 अप्रैल को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ पारण कर चार दिवसीय महापर्व को पूर्ण करेंगी। धार्मिक मतों के अनुसार खरना का प्रसाद ग्रहण करने से काया निरोग, बौद्धिक क्षमता में वृद्धि होती है। भगवान सूर्य को प्रत्यक्ष देवता माना गया है। सूर्य की कृपा से घरों में सुख-शांति और समृद्धि में वृद्धि होती है।

# सड़क को अतिक्रमण कर खुदाई करने से नाराज ग्रामीणों ने काम को रोकवाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भवनाथपुर।** एलएंडटी कंपनी द्वारा कैलान गांव के बहेरवा टोला जाने के लिए सड़क को अतिक्रमण कर खुदाई करने से नाराज ग्रामीणों ने विरोध करते हुए खुदाई करने से मना कर दिया, जिस कारण एलएनटी कंपनी में मिट्टी भरायी का कार्य रूक गया है। ग्रामीण चलितर महतो, मनकी भुईयां, राजेश्वर यादव, संजय यादव, सोभी भुइया, भुनेरिका भुइया, विजय यादव सहित ग्रामीणों ने बताया कि जिस जमीन पर खुदाई कार्य किया जा रहा है वह जीएम लैंड है, जो कि संवेदक अरविंद कुमार जेसीबी मशीन से खुदाई कार्य कर एल एन टी कंपनी के मिट्टी भराई कार्य कर रहे हैं, कहा कि उक्त भूमि पर सरकारी शौचालय बना था। वहां कई पेड़ थे, जिसे ध्वस्त कर दिया गया, साथ ही बहेरवा टोला जाने के लिए सर्वे की सड़क को भी अतिक्रमित कर दिया गया है। कहा कि 15-20 फिट से अधिक खुदाई करने से बड़ा तालाब का रूप हो गया है, जिसमें बच्चों को गिरने का खतरा बढ़ गया है। संवेदक अरविंद कुमार ने कहा कि जमीन गांव के ही इंद्रदेव भुइया का है। उसकी सहमति से ही मिट्टी खुदाई कार्य किया जा रहा है, जबकी भुस्वामी के पुत्र बाबुलाल ने कहा, जमीन हमारा है खुदाई के लिए हमने सहमति दिया है।

## रीता देवी की सड़क दुर्घटना में मौत

**केतार (आजाद सिपाही)। भाजपा मंडल के जिला एससी मोर्चा कार्य समिति सदस्य मनोज कुमार फौजी की चाची रीता देवी पति विशेश्वर राम उम्र लगभग 48 वर्ष 08 अप्रैल को अपने घर से मोटरसाइकिल से अपने रिश्तेदार बंशीधर नगर जा रहे थे। इसी क्रम में एक्सीडेंट हो गया। सर में अधिक चोट लगने से तत्काल गढ़वा सदर अस्पताल भर्ती कराया गया। बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया था। रिम्स में तीन दिन इलाज चला, लेकिन स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हुआ। 11अप्रैल को शाम 3 बजे उनकी मृत्यु हो गयी। यह खबर सुनते ही पूरे बलीगढ़ पंचायत में मातम छा गया है।**

## दो दिवसीय मेला का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भंडारिया।** भंडरिया गढ़वा- प्रखंड के नौका गांव स्थित परभन देव स्थान दो दिवसीय मेला का आयोजन किया गया है। हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्राकृतिक का पर्व सरहुल। सरहुल पूजा नौका गांव स्थित डाड़ी कुआं से बाजे गाजे के साथ सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष और बच्चे जल लेकर परभन देवस्थान पहुंच साल्य वृक्ष का पूजा अर्चना कर किया। पूजा के उपरांत आयोजन समिति के लोगों के द्वारा पूजा में उपस्थित विभिन्न गांव बिंदा नगनाहां, परो, कंजिया, सरईडीह, मरदा, रामर, गांव के बैगा पाहन देवार को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक आलोक चौरसिया व भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह थे। उन्होंने बताया कि परंपरा के अनुसार यह पर्व पृथ्वी और सूर्य के बीच विवाह का भी प्रतीक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता भंडरिया सदर पंचायत के मुखिया विनय सिंह उपाध्यक्ष बिरजू सिंह संरक्षक ठाकुर प्रसाद महतो, शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह, गंगा सिंह, मंटू सिंह समेत विभिन्न गांव के बैगा पहन थे।

## बीएलओ की लापरवाही से 98 वर्षीय पनबसिया कुंवर का अभी तक नहीं बना मतदाता पहचान पत्र



विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। हुरहि गांव निवासी स्वः रामनारायण की पत्नी पनबशिया कुंवर उम्र 98 वर्ष की पहचान पत्र नहीं बनने के कारण वोट देने से वंचित। बिहार से झारखंड राज्य अलग हुये 23 वर्ष बीत गये। लेकिन वृद्ध पनबशिया का अभी तक पहचान पत्र या आधार कार्ड भी नहीं बना है। जिस कारण वोट देने तथा सरकारी सुविधाओं से वंचित है। वृद्ध पनबशिया को सिर्फ राशन का लाभ मिलता है। इसकी जानकारी मिलते ही विशुनपुरा अंचलाधिकारी संदीप कुमार मद्धेशिया ने शुक्रवार को वृद्ध पनबशिया के घर पहुंच कर मामले की जानकारी लिया। उन्होंने बिएलओ को बुलाकर तत्काल मतदाता पहचान पत्र के लिए परपत्र 6 भरकर वोटर आईडी के लिए रजिस्टेशन करवाया। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह में वोटर आईडी कार्ड बना कर दे दिया जायेगा। उसके बाद वरीय अधिकारी से बात कर आधार कार्ड के लिये आवेदन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड बन जाने के बाद पेंशन सहित सरकारी लाभ दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि वृद्ध अवस्था को देखते हुए घर पर वोट देने की व्यवस्था करवायी जायेगी। वृद्ध पनबशिया के छोटा पुत्र देववंश शर्मा ने बताया कि राशन का लाभ मिलता है। लेकिन आधार या वोटर आईडी कार्ड नहीं बनने से पेंशन का लाभ नही मिलता है। उन्होंने बताया कि राशन कार्ड के अनुसार मां की उम्र 98 वर्ष है, लेकिन वोटर कार्ड नहीं बनने के कारण अभी तक वोट देने से भी वंचित है। मालूम हो कि बिहार से अलग हो कर झारखंड राज्य 2000 ई बी में बना है। झारखंड राज्य बने 23 वर्ष बीत गये। लेकिन अभी तक सासन प्रशासन कुंभकर्णीय निंद्रा में सोयी हुयी थी। 98 वर्षीय वृद्ध महिला का अभी तक आधार या वोटर आईडी कार्ड नहीं बन पाया है। जिस कारण वृद्ध विधवा पनबशिया अभी तक वोट देने से भी वंचित है। पेंशन का भी लाभ नहीं मिल पा रहा है।

# ईश्वर पर संशय करना अनिष्टकारी होता है : संत प्रपन्नाचार्य

**नौ दिवसीय रामकथा महायज्ञ के तीसरे दिन श्रद्धालुओं को उमड़ी भीड़**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** नवरात्रि के अवसर पर स्थानीय नरगीर आश्रम मे चल रहे नौ दिवसीय रामकथा महायज्ञ के तीसरे दिन अयोध्या निवासी पूज्य संत प्रपन्नाचार्य जी ने बालकाण्ड के विभिन्न प्रसंगों का रोचक वर्णन किया। उन्होंने भक्ति की तुलना गन्ने से की। जैसे गन्ना का मिठास ऊपर से नीचे की ओर धीरे धीरे बढ़ता जाता है, ठीक उसी तरह भक्ति क्रमशः स्थूल से सूक्ष्म होते जाता है। भक्ति की पराकाष्ठा ईष्ट और मोक्ष की प्राप्ति है। प्रपन्नाचार्य जी ने कहा कि कथा जब सुनने जाएं तो अपनी तार्किक बुद्धि और अहंकार को बाहर छोड़ कर जाएं। तभी आप कथा का सही लाभ ले पायेंगे। कलियुग मे ईश नाम की बड़ी महिमा है यह आस्था की चीज है। तार्किक बुद्धि भक्ति मे अवरोध उत्पन्न करता है। ईश्वर पर संशय करना अनिष्टकारी होता है। माता सती ने राम के ब्रह्म होने पर संशय किया था, उन्होने रामजी की परीक्षा ली फिर पति से असत्य भी बोला। पति के आज्ञा की अवहेलना करते हुए मैके गयी जिस कारण उन्हें शरीर का त्याग करना पड़ा। सती के शरीर त्याग करने पर प्रलय के देवता शिव अत्यंत क्रोधित हुए। उनके क्रोध से वीरभद्र का आर्विभाव हुआ। वीरभद्र ने भगवान शिव का ध्यान किया और दक्ष की गर्दन मरोड़कर तोड़ डाली। फिर उसके सिर को हवनकुण्ड में भस्म कर दिया। इस तरह से दक्ष का यज्ञ विध्वंस हो गया। विध्वंस इसलिए हुआ क्योंकि ये यज्ञ धर्म की दृष्टी से नहीं था, ये तो शिव जी के अपमान के लिये था। इन्हीं सती का जन्म हिमालय के यहां पार्वती के रुप मे हुआ। इन्होंने भगवान शिव को पति रूप मे पाने के लिए घोर तपस्या की। हजार वर्षों तक कंद मूल खाकर, फिर सैकड़ों वर्षों तक साग पात तथा बाद मे सुखी बिल्व वृक्ष की पत्तियां खाकर उन्होने शिव आराधना की। कई कड़ी परीक्षाओं से गुजरने के बाद अंततः वे शिव जी को वरण करने मे सफल रहीं। प्रपन्नाचार्य जी ने अपनी मधुर आवाज में भजनों को गाकर शिव पार्वती विवाह का रोचक वर्णन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर शिव बारात भी निकाली गयी। विश्वास होने पर कंकर कंकर शंकर हो जाता है। जगत के माता-पिता शिव पार्वती में श्रद्धा विश्वास रखनेवाले सदा उन्नति के अधिकारी होते हैं। रामकथा के अध्यक्ष चंदन जायसवाल ने शिव पार्वती विवाह में शामिल सभी लोगों का आभार जताया तथा अधिक अधिक लोगों को इसमें भाग लेने की अपील की।

# कहीं रासलीला तो कहीं राम कथा से भक्तिमय हुआ मेराल

**प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम मंदिर में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय के प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम मंदिर के चतुर्थ वार्षिकोत्सव को लेकर आयोजित रामचरितमानस नवाह परायण यज्ञ में प्रातः 5 बजे से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगने लगी है। आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय भगत ने बताया कि कई श्रद्धालु मन्नत के अनुसार चिलचिलाती धूप में भी 3 से 5 घंटा का परिक्रमा कर रहे हैं। वही रात्रि में 9 से 12 बजे तक वृंदावन से आये कलाकारों द्वारा श्री कृष्ण लीला का जीवंत मंचन किया जा रहा है, जिसमें युवाओं के साथ बड़ी संख्या में महिलाओं तथा ग्रामीणों की भीड़ उमड रही है।

नवाह पारायण यज्ञ में आचार्य दिनेश पाठक, पंडित कमलेश कुमार वैद्य, पंडित पुरुषोत्तम, पंडित श्रीकांत पांडे, पंडित नरोत्तम मिश्रा, पंडित ओमप्रकाश पाठक शामिल है। गुरुवार की रात्रि में संजू उपाध्याय ने राम कथा के एक प्रसंग के दौरान शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया। कथा के दौरान मानस कोकिला ने लोगों को यथासंभव धर्म कर्म, अपनी संस्कृति तथा संस्कार से जुड़कर रहने के लिए प्रेरित किया।

## सीपीआइ (एम) लोकल कमेटी का तमाड़ में स्थाई कार्यालय खुला

# तमाड़ इलाके में मेहनतकशों के संघर्ष का होगा केंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता





**तमाड़।** तमाड़ थाना रोड में सीपीआई (एम) की लोकल कमेटी के स्थाई कार्यालय का उद्घाटन पार्टी के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने आज किया। उद्घाटन सीपीआई (एम) का लाल झंडा फहरा कर किया गया। इस मौके पर तमाड़ क्षेत्र के पार्टी सदस्यों समेत दर्जनों पार्टी समर्थक मौजूद थे। इस अवसर पर राज्य सचिव ने कहा कि यह कार्यालय इस क्षेत्र के मेहनतकशों के आंदोलनों का जीवंत केंद्र के रूप में काम करेगा। उन्होंने कहा कि पुरे झारखंड में यह धरती जमींदारों और ब्रिटिश शासकों के खिलाफ सदियों से मुंडा विद्रोह की गौरवशाली परंपरा को आगे बढाती आ रही है। आजादी के बाद लाल झंडे के नेतृत्व में संघर्ष की इस विरासत को आगे बढाने का काम सीपीआई (एम) ने ही किया है। जिसके दौरान सैकड़ों किसानों और रैयतों ने महाजनी जुल्म और सामंती शोषण के खिलाफ लड़ते हुए अपने प्राण भी गंवाएं हैं। इस मौके पर बोलते हुए पार्टी के राज्य कमेटी सदस्य व तमाड़ विधानसभा प्रभारी सुरेश मुंडा ने कहा कि यह कार्यालय सातो दिन 24 घंटे आम लोगों की सहायता के लिये उपलब्ध रहेगा। साथ ही इलाके के गरीब लोगों की समस्याओं को हल किए जाने के लिए हमेशा तत्पर रहेगा। सुखनाथ लोहरा ने उपस्थित लोगों का आह्वान किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा की हार सुनिश्चित करने के लिए मैदान में उतर जाएं क्योंकि अभी पार्टी का पहला लक्ष्य है कि केन्द्र में भाजपा को पराजित कर एक धर्मनिरपेक्ष और जन हितैषी लोकतांत्रिक सरकार का गठन करना। अध्यक्षता लोकल कमेटी के सचिव जेहरू लाल मुंडा ने की। मौके पर रामधन मछुआ, किसानसभा के जिला सचिव दिवाकर सिंह मुंडा, रंजीत मोदक, घासी राम मुंडा, मनबोध मुंडा, पुष्कर मुंडा, यदु गोपाल मुंडा, जनवादी महिला समिति की भवानी देवी और रीता स्वांसी समेत पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## आजाद सिपाही में छपी खबर का असर

# आठ किलोग्राम का आइडी बम बरामद



आजाद सिपाही संवाददाता



खूंटी लोकसभा में शांतिपूर्ण चुनाव कराना पुलिस प्रशासन के लिए चुनौती

**तमाड़।** आजाद सिपाही के 4 अप्रैल के अंक में तमाड़ से छपा था कि खूंटी लोकसभा में शांतिपूर्ण चुनाव कराना पुलिस प्रशासन के लिए चुनौती। पुलिस के लिए ये खबर संजीवनी का काम किया और पुलिस अपने कामों में लग कर सर्च अभियान शुरू की। तमाड़ पुलिस व एसएसबी डुगीरडीह पिकेट के जवानों ने तमाड़ थाना क्षेत्र के मानागोडा आकारकोला सड़क पर एक पुलिया के नीचे 10 अप्रैल को आठ किलोग्राम का आइडी बम बरामद किया था। जो एक पेसर कुकर में बंद कर रखा गया था। यह सड़क निमार्णाधीन हैं इसकी सूचना सशस्त्र सीमा बल 26वी वाहिनी इ समवाय डुगीरडीह की टीम तलाशी अभियान चला रही थी जिसमें यह बड़ी सफलता मिली बम को डिफ्युज कर दिया गया। इसके ब्लास्ट होने से बड़ी तबाही होती आजाद सिपाही ने आगाह किया था कि माओवादी जोनल कमांडर अमित मुंडा का दस्ता इस इलाके में सक्रिय है और 25 की संख्या में घुम रहा है पुलिस प्रशासन व नेताओं को सतर्क रहने की जरूरत है।

# प्रधानमंत्री के चार सौ पार के लक्ष्य को पूरा करें कार्यकर्ता: कोचे मुंडा



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** भारतीय जनता पार्टी गोविंदपुर मंडल की कोर कमेटी की बैठक का आयोजन शुक्रवार को मंडल अध्यक्ष रामध्यान सिंह की अध्यक्षता में जम्हार में किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में तोरपा के विधायक और खूंटी लोकसभा संयोजक कोच मुंडा उपस्थित थे। जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, जिला प्रभारी सत्यनारायण सिंह, विधानसभा प्रभारी अरुण चंद्र गुप्ता, विधानसभा संयोजक शशांक शेखर राय, सह संयोजक विनोद भगत, जिला महामंत्री विनोद नाग, जिला उपाध्यक्ष कैलाश महतो, वरिष्ठ जनसंघी भाजपा नेता विनोद सोनी, शिवशंकर मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। विधायक ने कहा अर्जुन मुंडा को भारी मतों से विजयी बनायें।

# अपने कर्तव्यों का जिम्मेवारीपूर्वक निर्वहन करें अधिकारी-कर्मचारी: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के निमित गठित सभी कोषांग के कार्यों की जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त ने गुरुवार को समीक्षा की। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी लोकेश मिश्रा ने प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने कर्तव्यों का जिम्मेवारीपूर्वक निर्वहन करें। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। साथ ही कलस्टर, मतदान केन्द्रवार मूलभत सुविधाएं, मतदान केन्द्रवार रूट चार्ट, मैप, वाहनों की उपलब्धता, कम्युनिकेशन प्लान, मतदान कर्मियों की रहने की सुविधा से



जुड़े से बिंदुओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में सी विजिल कोषांग, ट्रेनिंग कोषांग, मीडिया कोषांग, स्वीप कोषांग, एमसीसी, एमसीएमसी, लॉ एंड ऑर्डर, कंप्लेन मॉनिटरिंग सेल, इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल, आईटी सेल, पोस्टल बैलट, मेटेरियल डिस्ट्रीब्यूशन सेल, कंट्रोल रूम व हेल्पलाइन सेल, ऑब्जर्वर सेल, ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सेल, स्ट्रांग रूम आदि कोषांगों के संबंधित नोडल ऑफिसर से किए जा रह कार्यों की जानकारी ली। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग से उनके कोषांग से संबंधित जारी किए गए मैन्युअल को अच्छी तरह से पढ़ लेने एवं कार्यों के दौरान निर्वाचन आयोग से जारी सभी दिशा निदेशों के अनुपालन का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी कोषांग के कार्यों की समीक्षा की, इनमें कार्मिक कोषांग एवं गठित मेडिकल बोर्ड को आवश्यक निर्देश दिए।

इसके अलावा प्रशिक्षण कोषांग को सेक्टर, मतदान कर्मियों एवं सेक्टर पोलिस पदाधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण मॉड्यूल को लेकर निर्देशित किया गया।

## अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट में रिंकी कुशवाहा का चयन



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित महिला अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए खूंटी जिला अंडर -19 टीम में झारखंड क्रिकेट अकादमी के बुंडू निवासी आजसु रांची जिला समिति के वरीय उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा की पुत्री रिंकी कुशवाहा का चयन होने पर पुरे पांच परगना क्षेत्र में खुशी की लहर है। उनकी अच्छी खेल तथा उज्जवल भविष्य के लिए कामना की एवं उनके कोच प्रवीण कुमार तथा पुरंदर कुमार को बधाई दिया। रिंकी कुशवाहा की खूंटी जिला अंडर -19 टीम में चयन होने पर बुंडु के समाजसेवी शत्रुघ्न महतो, अनुप दत्ता, आजसु पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष हरिहर महतो, खेल प्रभारी मो सेराज, आकाश बीट, मन्टु हल्दार, सनातन महतो, आशुतोष महतो,संजय महतो, आकाश महतो, अभिषेक गोराई नितिश सिंह ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।

## भाजपा अड़की मंडल कार्य समिति की बैठक



**अड़की (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी अड़की मंडल की मंडल कार्य समिति बैठक मंडल अध्यक्ष मोती पातर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मंडल के पदाधिकारी, मंडल कार्य समिति सदस्य, एवं मोर्चा अध्यक्ष और महामंत्री उपस्थित थे। इस बैठक में मुख्य रूप से तमाड़ विधानसभा प्रभारी विनोद सिंह, विधानसभा सह संयोजक अनूप कुमार साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा खूंटी जिला अध्यक्ष संजय मुंडा ने किया व धन्यवाद ज्ञापन मोती पातर ने किया। विनोद सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक बातें पहुंचाने की बातें कहीं और संकल्प के साथ इस बार 400 पर के नारा को बुलंद करने की बातें कहीं। आज की बैठक में परता मुंडा, मनोज साहू समीउल्लाह अंसारी साईनाथ सिंह मुंडा मोहन राम लोहार हेमंत सिंह मुंडा अरुण मुंडा इंद्रजीत सिंह मुंडा रामकृष्ण सिंह मुंडा आदि आदि अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सिल्ली में सड़क हादसे के कारण 10 घंटा लगा रहा जाम

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिल्ली।** सिल्ली के कोकलागाम गांव के रंजित सिंह मुंडा सड़क हादसे के कारण रिम्स में मृत्यु हो गयी। पीड़ित परिवार अपने दो छोटे छोटे बच्चो के साथ लगातार शाम के 7 बजे से लेकर अगले सुबह 3 बजे तक न्याय के लिए रोती रही और कहा की मेरे पति ही पूरे परिवार का भरण पोषण करते थे मेरे घर में दो छोटे छोटे बच्चे, एक बूढ़ी मां पिताजी और एक बेसहारा दादी रहती है। इतने बड़े परिवार को अब मैं कैसे चला पाऊंगी मुझे उचित मुआवजा और रोजमर्रा की जिंदगी चलाने के लिए एक नौकरी साथ ही साथ मेरे बच्चो को उच्च शिक्षा का देने का ब्यवस्था किया जाए। आपको बताते चलें कि विगत 8 अप्रैल को एक चार चक्का वाहन (जेएच 05सीबी 8989) के द्वारा मायसूडीह गांव के पास टक्कर मारा गया था जिसका रिम्स में इलाज के दौरान 11अप्रैल को मृत्यु हो गयी थी। इसको लेकर ग्रामीण थाना जा कर वार्ता करने जा रही थी उसी दरम्यान थाना प्रशासन द्वारा एंबुलेंस और ग्रामीणों को रेलवे ओवरब्रिज के समीप रोक दिया गया। बाद में भिड़ बुंडू रोड पर जाकर रुक गयी और लगभग 10 घंटा रोड जाम रहा। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए राजू महतो लगातार उनके साथ जुड़े रहे। खबर लिखने तक थाना ने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया है की उनको उचित मुआवजा दिलाएंगे।

# खूंटी में देसी पिस्टल के साथ एक अपराधी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता





**खूंटी।** गुप्त सूचना के आधार पर खूंटी थाना की पुलिस ने गुरुवार को शहर के तोरपा रोड स्थित खूंटी टोली बस्ती के पास छापामारी कर संदिग्ध अवस्था में घूम रहे एक युवक को अवैध देसी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक का नाम बिरसा भेंगरा उर्फ एंथोनी भेंगरा है, जो ग्राम गुड़गुड़ चुआं थाना तोरपा का निवासी है। उसके पास से पुलिस ने एक देसी पिस्टल और एक मोबाइल बरामद किया है। यह जानकारी खूंटी एसडीपीओ वरूण रजक ने शुक्रवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी। बताया गया कि गुरुवार को गुप्त सूचना मिली कि एक युवक संदिग्ध अवस्था में खूंटी टोली बस्ती के पास घूम रहा है। संभवतः वह किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में है। इस सूचना पर खूंटी थाना की पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंची और संदिग्ध अवस्था में घूम रहे उक्त युवक को पकड़ कर जब उसकी तलाशी ली, तो उसके कमर में खोंसी अवैध देसी पिस्टल मिली। बताया गया कि गिरफ्तार आरोपित का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। उसके विरुद्ध जिले के तोरपा और मुरहू थाना में हत्या, आर्म्स एक्ट, 17 सीएलए एक्ट सहित अन्य संगीन धाराओं में कुल 17 मामले दर्ज हैं। इनमें से 10 मामले तोरपा थाने में और सात मामले मुरहू थाने में दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## नहाय खाय के साथ चैती छठ पर्व शुरू



**खलारी (आजाद सिपाही)।** नहाए खाय के साथ शुक्रवार से चैती छठ पर्व की शुरूआत हो गयी। चार दिनों तक चलने वाले इस छठ पर्व को लेकर खलारी तथा मैकलुस्कीगंज क्षेत्र के कई घरों में इस बार छठ पर्व किया जा रहा है। शुक्रवार को छठ व्रती कद्दू भात खाकर इसकी शुरूआत कर रही है। क्षेत्र में कई महिलाएं इस छठ व्रत को कर रही हैं। सुबह में व्रतियों ने नहा धोकर कद्दू भात बनाने का काम किया और खाकर इस छठ व्रत की शुरूआत की। छठ व्रत करने वाली महिला व्रतियों ने बताया कि आज से इसकी शुरूआत हो रही है जो चार दिनों तक चलेगा। कल खरना प्रसाद का ग्रहण सभी लोग करेंगे। छठ व्रती ने बताया यह परम पवित्रता का पर्व है और इसमें साफ सफाई का ध्यान दिया जाता है आज कद्दू भात के साथ इसकी शुरूआत हुई है । व्रतियों ने पर्व को लेकर प्रसाद बनाने के लिए गेहूं सुखाया एव फल सामग्री की भी खरीदारी ।

# नहाय-खाय अनुष्ठान के साथ चैती छठ शुरू, सोमवार को होगा महाव्रत का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** चार दिवसीय सूयार्पासना का महापर्व चैती छठ शुक्रवार को नहाय-खाय अनुष्ठान के साथ शुरू हो गया। व्रतियों ने पूरी शुद्धता के साथ अरवा चावल, चने की दाल और कद्दू की सब्जी का प्रसाद ग्रहण किया। चैती छठ हो अथवा कार्तिक मास का छठ, दोनों में महाव्रत की शुरूआत कद्दू भात के साथ ही होता है। यह परंपरा सदियों से चली आ रही है। शनिवार को व्रती दिन भर निर्जला उपवास रहकर शाम को खीर प्रसाद ग्रहण करेंगे। इसे खरना अनुष्ठान कहा जाता है। खरना अनुष्ठान के बाद व्रतियों के 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो जाता है। इस वर्ष रविवार को सूर्यषष्ठी है और उसी दिन नदियों-सरोवरों में अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को पहला अर्घ्य प्रदान किया जायेगा। रविवार के दिन पहला अर्घ्य प्रदान करने को श्रद्धालु काफी शुभ मानते हैं। सोमवार 15 अप्रैल को उदयाचल भगवान सूर्य को दूरसरा अर्घ्य देने के साथ ही महाव्रत का समापन हो जायेगा। हालांकि कार्तिक महीने में होनेवाले छठ व्रत की अपेक्षा चैती छठ करने वालों की संख्या काफी कम है, लेकिन कुछ घरों में ही इसका अनुष्ठान किया जाता है।

# मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बचरा दक्षिणी पंचायत में हुई बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत के पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता केरेडारी बीडीओ अमित कुमार और संचालन मुखिया रीना देवी ने किया। इस बैठक मे केरेडारी सीओ रामरतन वर्णवाल और बीडीओ अमित कुमार सहित कई लोग शामिल हुए। कार्यशाला मे आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के निमित 20 मई को अधिक से अधिक मतदान कराने, न्युनतम वोट प्रतिशत वाले मतदान केन्द्र से संबंधित मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान कराने, लगातार मतदाताओं के बीच जागरुकता कार्यक्रम चलाने, दिव्यांग बुजुर्ग मतदाताओं को चिन्हित करने सहित अन्य विषयो पर चर्चा की गयी, साथ ही उपस्थित लोगो को कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। इस मौके पर केरेडारी सीओ रामरतन वर्णवाल, बीडीओं अमित कुमार, मुखिया रीना देवी, बचरा हाई स्कूल के प्राचार्य महेन्द्र पासवान, सुपरवाइजर अजमेरी खातुन, बीएलओ बाला कुमारी, आशा देवी, शीला देवी, कावित्री देवी, किरण देवी, संगीता देवी, डॉली देवी, रीना देवी, ललीता देवी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## वासंतिक नवरात्र के चौथे दिन भक्तों ने माता कुष्मांडा की पूजा-अर्चना की



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** वासंतिक नवरात्र के चौथे दिन शुक्रवार को माता दुर्गे के चौथे स्वरूप कुष्मांडा देवी की आराधना भक्तों ने की। इस संबंध में दुर्गा मंदिर बाबा आम्रेश्वर धाम के पुजारी पंडित सच्चिदानंद शर्मा बताते हैं कि मां कुष्मांडा आठ भुजाओं वाली दिव्य शक्ति धारण मां परमेश्वरी का स्वरूप हैं। मान्यता है कि सच्चे मन से माता कुष्मांडा की पूजा करने से मनावांछित फल मिलता है। उन्होंने कहा कि देवी पुराण में कहा गया है कि पढ़ने वाले छात्रों को मां कुष्मांडा की पूजा नवरात्र में जरूर करनी चाहिए। इससे बुद्धि का विकास होता है। पुजारी ने बताया कि भगवत पुराण में बताया गया है कि मां दुर्गा के चाथे स्वरूप ने अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड की उत्पति की थी। ऐसी मान्यता है कि सृष्टि के आरंभ में चारों ओर घना अंधियारा था और माता ने अपनी मंद मुस्कान से ही सृष्टि की रचना कर दी।

## नहीं रहे रामनवमी महासमिति खूंटी के पूर्व अध्यक्ष जानकी साहू

**खूंटी।** केंद्रीय रामनवमी महासमिति खूंटी के पूर्व अध्यक्ष और समाजसेवी जानकी प्रसाद साहू (78 वर्ष) का शुक्रवार सुबह लगभग 10 भट्ठी रोड खूंटी स्थित आवास में निधन हो गया। खूंटी की रामनवमी, दुर्गा पूजा सहित शहर के भगत सिंह चौक में होनेवाले सभी प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में हमेशा से अग्रणी भूमिका निभाने वाले जानकी साहू के निधन का समाचार फैलते ही लोगों में शोक की लहर फैल गयी। इस दुखद समाचार को सुनकर कई लोग उनके मकान में पहुंचे और अपनी संवेदना व्यक्त की।

# लोकसभा चुनाव में हमारी बहनों की भूमिका अहम : सुरेंद्र महतो

**प्रत्येक लाभार्थियों से संपर्क करें : जितेंद्र सिंह पटेल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी सिल्ली विधानसभा की कोर कमेटी और महिला मोर्चा अध्यक्ष, संयोजक और सह संयोजक की बैठक पतराहातू में संपन्न हुई। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर विचार-विमर्श किया गया।बैठक में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो शामिल हुए। सुरेंद्र महतो ने कहा कि लोकसभा चुनाव में हमारी बहनों की भूमिका बहुत ही अहम है।महिला मोर्चा पूरी शिद्दत के साथ काम कर रही है।अबकी बार 400 पार के संकल्प के साथ कार्य करना है। विधानसभा प्रभारी जितेन्द्र सिंह पटेल ने कहा कि मोदी सरकार ने कई जनकल्याणकारी योजनाएं महिलाओं के लिए लाएं हैं इसको लेकर जनसंपर्क अभियान चलाना है। आगामी लोकसभा चुनाव में महिला मोर्चा की भूमिका अग्रणी होगी। विधानसभा संयोजक विनय महतो धीरज ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर सभी कमिटी को दुरुस्त कर लें।

अगली बैठक शक्ति केंद्र में आयोजित की जानी है। महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता सुचिता सिंह ने कहा कि मोदी ने 33% आरक्षण बिल महिलाओं के लिए लाकर ऐतिहासिक कार्य किया है जिन्होंने बहनों के बारे में सोचा और उन्हें सशक्त बनाया। मौके पर विधानसभा संयोजक धीरज महतो, ओबीसी प्रदेश महामंत्री चौधरी महतो, जिला अध्यक्ष प्रताप कुशवाहा,सह संयोजक शंकर भगत, विस्तारक मनीष मेहता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य निशी जायसवाल, सुजाता सिंह, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष माधुरी देवी, महामंत्री रेखा देवी, विनोद साहू, सृष्टिधर प्रजापति, विश्वनाथ महतो, भगीरथ महतो, धरणी देवी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रामनवमी की शोभायात्रा में राजनीति से प्रेरित झांकी को शामिल नहीं किया जायेगा

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय रामनवमी महासमिति खूंटी के कार्यकारी महामंत्री मुकेश कुमार जायसवाल ने क्षेत्र की सभी मंडलियों और अखाड़े वालों से अपील की है कि इस बार चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण ऐसी कोई भी झांकी ना बनाएं जो राजनीति से प्रेरित हो। कहा कि श्रीरामनवमी महोत्सव के दौरान चुनाव आचार संहिता का पूरी तरह से अनुपालन किया जायेगा इसलिए राजनीति से प्रेरित झांकी को रामनवमी की शोभायात्रा में सम्मिलित नहीं किया जायेगा। इस संबंध में जारी विज्ञप्ति में उन्होंने सभी मंडलियों और अखाड़े वालों से अपील की है कि वे अविलंब अपना रजिस्ट्रेशन केंद्रीय रामनवमी महासमिति में करा लें, ताकि उनको मिलने वाली सुविधा समय पर मिल सके। उन्होंने कहा है कि 500 वर्षों के बाद अयोध्या जी में प्रभु राम लला पधारे हैं।

# सरहुल गीत गाकर बंधु तिर्की ने लोगों को किया झूमने पर मजबूर



आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** प्रखंड के गुड़गुड़जाड़ी टोंगरी स्कूल मैदान में सरहुल महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की एवं पूर्व मंत्री बंधु तिर्की भी शामिल हुए। इसमें विभिन्न गांवों के खोड़ा पारंपरिक वेशभूषा में अपने नृत्य मंडली के साथ शामिल हुए। सरहुल शोभा यात्रा में विधायक नृत्य मंडली से जुड़ाकर पारंपरिक नृत्य का आनंद उठाया। इससे पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने सरहुल पूजा में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरहुल शोभा यात्रा में हमारे लोग एक जगह शामिल होकर एकता और ताकत का परिचय देते है। यह शोभा यात्रा अलग-अलग दिन में अलग-अलग जगह मनाया जाता है। हम सब प्रकति पूजक है। प्रकृति की पूजा करते है और साल में आदिवासी समाज सरहुल, करमा, सोहराई एवं अन्य आदिवासी पर्व में अलग-अलग पर्व गीत गाते है। आज हमारे समाज के एक-एक लोग को अपनी परंपरिक पूजा पाठ, नेग नियम आदि जानने की जरूरत है। इसके बाद पूर्व मंत्री ने कार्यक्रम में सरहुल गीत गाकर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया।

# जंगली हाथी ने वृद्ध को कुचला, मौके पर मौत



**सिकिदीरी (आजाद सिपाही)।** सुरसू पंचायत के कुतुरलोवा गांव में एक जंगली हाथी ने गुरुवार की शाम 6.30 बजे 63 वर्षीय एक वृद्ध व्यक्ति को कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान दुर्गाचरण बेदिया के रूप में हुई है। इस घटना से क्षेत्र के लोग काफी भयभीत हैं। जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुण्डा ने वन विभाग से हाथी को इस क्षेत्र से अन्यत्र भगावाने की मांग की है। उधर, घटना की सूचना पाकर सिकिदीरी थाना प्रभारी दीपक कुमार सिन्हा व वन विभाग विभाग के वनरक्षी कृष्ण महतो मृतक के गांव कुतुरलोवा पहुंच गए। मृतक की आश्रित पत्नी लखीमनी देवी एवं उनके दो पुत्र को अंतिम संस्कार के लिए तत्काल 50 हजार रुपये की मुआवजा राशि दी। बाकि शेष राशि कागजी प्रक्रिया पूरे होने के बाद भुगतान किए जाने का आश्वासन दिया। वहीं, सिकिदिरी पुलिस ने शव को शव को पोस्टमार्टम के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेज दिया। मौके पर सुरसू मुखिया प्रतिनिधि शयाम बेदिया, टाटी मुखिया रामानंद बेदिया, कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया, ग्राम प्रधान बालेश्वर बेदिया व जयशंकर पहान आदि मौजूद थे।

# हेसातु के सारूबेड़ा गांव में किशोर ने की आत्महत्या

**सिकिदीरी (आजाद सिपाही)।** हेसातु पंचायत के सारूबेड़ा गांव में गुरुवार की देर रात एक किशोर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी पहचान संदीप भोक्ता (17) के रूप में हुई है। वह हेसातु के सारूबेड़ा गांव का रहने वाला था। घर से करीब 600 मीटर दूर स्थित पेड़ के सहारे फंदे से लटकता उसका शव बरामद हुआ। आत्महत्या का कारण पारिवारिक कलह बताई जा रही है। इसकी सूचना पाकर सिकिदीरी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया।

# बेड़ो में नहाय-खाय के साथ चैती छठ शुरू, खरना आज

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में सूर्य उपासना का महापर्व चैती छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान शुक्रवार को नहाय खाय के साथ शुरू हो गया। पहले दिन छठ व्रतियों ने अंतःकरण की शुद्धि के लिए पवित्र जलाशयों में स्नान कर अरवा चावल, चना दाल, कद्दू और सेंधा नमक से बने खाने को प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। इस दौरान व्रतियों के घर दोपहर बाद प्रसाद खाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी थी। शनिवार को खरना पूजा होगी। जिसमें छठव्रती शाम में स्नान करने के बाद पूरे नेम निष्ठा व विधि-विधान से अरवा चावल, दूध और गुड़ से बनी खीर का प्रसाद तैयार करेंगे। इसके बाद भगवान सूर्य की आराधना कर प्रसाद ग्रहण करेंगे। इसके बाद छठव्रतियों का 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू होगा। रविवार को श्रद्धालु अस्ताचलगामी सूर्य को और सोमवार की सुबह उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चैतीछठ का समापन होगा। इधर बेड़ो में घरों की छतों पर सफाई कर अस्थाई तालाब बनाकर छठ करने की तैयारी में लोग जुटे रहे।

## प्राकृतिक पर्व सरहुल पर इटकी में निकली विशाल शोभा यात्रा

# हमारी परंपरा में वैज्ञानिक झलक दिखती है : समीर



इटकी में आयोजित सरहुल शोभा यात्रा में थिरके हजारों लोग।



मंच से समारोह को संबोधित करते भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव।

### पारंपरिक वाद्य यंत्रों की थाप पर जमकर थिरके आदिवासी समाज के लोग

आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** केंद्रीय सरहुल पूजा समिति के तत्वावधान में 12 पड़हा, सात परहा एवं पांच पड़हा से जुडे गांवों के पहाम 1 की ओर से शुक्रवार को विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें शामिल हजारों महिला-पुरुष, युवक-युवतियां ढोल, मादंर, नगाड़ा आदि पारंपरिक वाध्य यत्रों की थाप पर थिरकते नजर आये। इसके पूर्व करीब चार बजे मौसी बाड़ी में साथ एकत्र हुए और विशाल शोभा यात्रा निकाली, जो तिरवीधा गुलजार रोड, इटकी बाजार, महाबीर चौंक होते हुए झखरा सरना स्थल पहुंचे। जहां पहानों ने घड़ा में रखे शुद्ध जल देख अच्छी बारिश की भविष्यवाणी की। पहानों द्वारा सरना स्थल में पूजा अर्चना के बाद चना गुड़ पेयजल का वितरण किया गया। इसके बाद सरहुल शोभा यात्रा जतरा में तब्दील हो गया। समारोह में शामिल भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव ने कहा कि पहान द्वारा घड़ा में पानी रखकर मौसम की भविष्यवाणी करना सरइ सखुआ के फूल की महक से संक्रमण का दूर भागने की बात सामने आता है, जो हमारी परंपरा में वैज्ञानिक झलक दिखती है। जिसे हमारे पूर्वजों ने कितना सोच समझकर धरोहर को जिंदा रखा है। वहीं, राम नारायण भगत, विजय मेहता, जिप सदस्य रीणा देवी, विजय केरकेट्टा आदि ने संबोधित करते अपने पारंपरिक सांस्कृतिक की रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान किया। शोभा यात्रा का नेतृत्व केंद्रीय सरना समिति के संरक्षक भोला उरांव, अध्यक्ष बीरा उरांव, सुका उरांव कर रहे थे। शोभायात्रा में बीडीओ शशि निलिमा डुंगडुंग, सीओ विजय कुमार, उपप्रमुख परवेज राजा, कृष्णा राम तिवारी सहित 24 गांव (परहा) के आदिवासी समाज लोग शामिल थे।

# सरहुल पर्व पर प्रकृति की आराधना कर की सुख-समृद्धि की कामना

आजाद सिपाही संवाददाता



सरनास्थल बेड़ो में सरहुल पर मां सरना की पूजा अर्चना करते ग्रामीण।

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बड़ा व छोटा सरनास्थल में शुक्रवार को ग्रामीण महिला और पुरुषों ने विधि पूर्वक पारंपरिक रीति-रिवाज से सरहुल पर मां सरना की पूजा की। इसके बाद लोगों ने क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि की कामना की। जहां गांव के बुधवा पहान, पंचम पुजार, राकेश भगत व अनिल उरांव ने सरनास्थल पर पारंपरिक तरीके से पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना किया। वहीं सखुआ फूल से पूजा कर नए फल फूल-कटहल, जोकी, डहू, फुटकल आदि को प्रसाद के रूप में सरना मां की चरणों में निवेदित किया। पाहन की अगुवाई में अच्छी वर्षा, अच्छी फसल और आमजनों की कुशलता के लिए प्रार्थना की गई। राकेश भगत ने कहा कि प्रकृति महापर्व सरहुल आदिवासियों का सबसे बड़ा त्योहार है। प्रकृति की हरियाली की तरह लोगों का जीवन भी हरा-भरा बना रहे। लोग इसकी कामना करते हैं। इधर सरहुल पूजा महासमिति के अध्यक्ष सुका उरांव ने बताया कि सरहुल पूजा महासमिति की अगुवाई में सरना स्थल में पूजा अर्चना कर वन विभाग रोड से शनिवार को अपराह्न एक बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

# मोदी जी के नेतृत्व में हो रहा देश का विकास: समीर उरांव

## भव्य कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय यज्ञ की शुरुआत





आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** थाना क्षेत्र के मुड़मा स्थित महावीर मंदिर में पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा रूद्र चंडी यज्ञ एवं मंदिर पुनर्निर्माण की शुरूआत शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ हुई। जिसमें 5100 महिलाओं ने सिर पर कलश उठाया और मंदिर परिसर से निकलते हुए लगभग 5 किलोमीटर दूर रांची-डालटेनगंज मुख्य पथ पर स्थित मल टोटी नदी से जल लेकर पुनः मंदिर स्थित यज्ञ स्थल तक पहुंची। इस दौरान श्रद्धालुओं के साथ लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर और युवा भाजपा नेता सन्नी टोप्पो भी मौजूद थे। आयोजन समिति के अध्यक्ष मनोहर साहू और समाजसेवी बाबू पाठक ने बताया कि यज्ञ स्थल में प्रत्येक दिन शाम को वृंदावन से आई कथा वाचिका साध्वी देवी, रोशनी शास्त्री द्वारा श्रद्धालुओं के लिए कथा वाचन किया जाएगा। साथ ही भंडारे का भी आयोजन किया गया है। दूसरी ओर इस पांच दिवसीय यज्ञ की संपूर्ण क्रिया पंडित रमेश पौराणिक और उनकी टीम द्वारा किया जाएगा। मौके पर पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष राम बालक ठाकुर, अंबिका प्रसाद, चान्हो जीप सदस्य आशुतोष तिवारी, रामसेवक साहू, पिंटू तिवारी, विनोद साहू, अर्जुन महतो, संजय साहू, राम तिलक साहू, जितेंद्र साहू, कृष्णा साहू आदि मौजूद थे।

## पूर्णाहुति और भंडारे के साथ तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ का समापन

# धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता को ऐसे आयोजनों से मिलता है बल : सुदेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



पूर्णाहुति कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक सुदेश महतो।

**अनगड़ा।** प्रखंड के राजाडेरा शासनबेड़ा गांव में नवनिर्मित हनुमान मंदिर को लेकर आयोजित तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ अनुष्ठान पूर्णाहुति महाआरती और भव्य भंडारे के साथ शुक्रवार को समापन हुआ। बनारस से आए पुरोहितों ने वैदिक विधि-विधान से सभी धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए। हनुमत महायज्ञ के अंतिम दिन आजसू सुप्रीमो सह सिल्ली के विधायक सुदेश महतो भी शामिल हुए। उन्होंने पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं के बीच भंडारे के प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर कहा कि इस तरह के आयोजन से धर्म के प्रति लोगों की आस्था तो बढ़ती ही है। साथ में सामाजिक एकता को भी बल मिलता है। वहीं, आजसू के केंद्रीय सचिव पारसनाथ उरांव ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा से समाज में फैली बुराइयों का नाश नाश होता है और लोगों के हृदय में मानवता के प्रति सेवा और प्रेम का संचार होता है। इसके पूर्व 10 अप्रैल को नवनिर्मित मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई थी, जिसमें 501 महिलाओं के अलावा सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया था। मौके पर रोशनलाल मुंडा, जगरनाथ महतो, महाबीर महतो, साहेबराम महतो, मोहन महतो आदि उपस्थित थे। वहीं महायज्ञ को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष दुर्गा महतो, जगरनाथ महतो, मुनेश्वर महतो, मुनेश्वर सिंह, लालचंद बेदिया, राजेश महतो, आरती देवी, अनिता देवी और प्रतिमा देवी आदि का योगदान सराहनीय रहा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### ओरमांझी के गणेशपुर में लगा सरहुल मेला



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गणेशपुर जयडीहा में शुक्रवार को सरहुल मेला लगाया गया। जिसमें विभिन्न गांवों से आए अखाड़ा धारियों ने सरना स्थल पर नाचते गाते पहुंचे। मेला में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख अनुपमा देवी, जिला परिषद सदस्य सरिता देवी, पंसस प्रवेश भोक्ता, मुखिया सावित्री देवी, पूर्व मुखिया विनोद बेदिया, ओरमांझी उप मुखिया संतोष गुप्ता आदि शामिल हुए। मेला के सफल आयोजन में समिति के लोगों की भूमिका सराहनीय रही।

### लापुंग थाना परिसर में रामनवमी त्योहार को लेकर की गयी शांति समिति की बैठक



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में रामनवमी त्योहार को लेकर शुक्रवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ उषा मिंज ने की। बैठक में लापुंग प्रखंड के दर्जनों गांव के रामनवमी जुलूस निकलने वाले आखाड़ा के लाइसेंसधारियों को बीडियो ने जरूरी निर्देश दिया। इस दौरान जुलूस में डीजे में अश्लील गाना नहीं बजाने की हिदायत दी गई है। जुलूस में बाजा बजाने वाले के अलावे लाठी-डंडे और अस्त्र शस्त्र के अलाव अन्य प्रतिबंधित हथियार शामिल नहीं होंगें। लापुंग प्रखंड में शांति व सौहार्दय पूर्ण वातावरण में रामनवमी मनाने का निर्देश दिया। दोलौचा में जुलूस बेडो, लापुंग व भरनो प्रखंड सिमाना पर असमाजिक तत्वों द्वारा पत्थरबाजी किये जाने का मामला भी उठा। इसकी जानकारी लापुंग थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव के अलावे वरीय पुलिस अधीक्षक को भी दी गई है। मौके पर जिप सदस्य हिंदिया टोप्पो, प्रमुख कंचन उरांव, मंगल साहू, गंगाधर साहू, असमुदिन मिया, कंचन साहू, सुदामा महली, देवेंद्र वर्मा, जनमजय पाठक आदि मौजूद थे।

### शोभा की वस्तु बनी हाई मास्ट लाइट



**अड़की (आजाद सिपाही)।** अड़की मुख्य चौक में स्थित हनुमान मंदिर सामने एक वर्ष पहले हाई मास्क लाइट लगायी गयी थी। जो लगने के बाद एक दिन भी नहीं जला है। सिर्फ मंदिर के आगे हाई मास्क पीलर के नीचे झूला रहता है। अंधेरा होने के चलते रामनवमी पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को काफी परेशानी हो सकती है। इस वर्ष भी अड़की में रामनवमी की पूजा धूमधाम से मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान शोभायात्रा और झांकी भी निकाली जाएगी। पूजा के एक दिन पहले यानी 16 अप्रैल को कलश यात्रा निकाली जाएगी। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि रामनवमी के पहले इस हाई मास्ट लाइट को ठीक कराया जाए। बिरबांकी सीआरपीएफ कैंप के समीप, खूंटी तमाड़ पथ मादुकमपीड़ी में भी यही हाल है। जबकि नियमानुशार संवेदक को पांच साल तक इसकी मरम्मति व रेखरेख की जिम्मेदारी उठानी होती है।

### प्रभु श्रीराम के दिव्य अनुभव की महिमा को ध्यान मार्ग से ही प्राप्त कर सकते हैं : पंडित मुकेश शास्त्री



**इटकी (आजाद सिपाही)।** भगवान की प्राप्ति के लिए उनकी महिमा पर भरोषा की प्रबल इच्छा होनी चाहिए। जो लोग भगवान के नाम का सधारण नाम से प्रयोग करते है वे वास्तव में भगवान नाम की अपार महिमा से अनभिज्ञ है या फिर विश्वास नहीं है। प्रभु श्रीराम नाम की पहचान सबको नहीं होती है। रामनाम की महिमा आपार है। राम नाम जाप से आगे चलकर भगवान की प्राप्ति होती है। उक्त बातें पंडित मुकेश शास्त्री ने कही। वे इटकी में आयोजित श्रीराम चरित मानष पाठ महायज्ञ के 75वें अधिवेशन में रामकथा के चौथे दिन प्रवचन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रभु के साथ एकता का अनुभव करना तभी संभव है जब हम महसूस करते है कि हम सब एक है। मनुष्य अहंकार खोने के बाद अध्यात्मिक रूप से तरक्की करता है और खुद को परमात्मा के करीब पाता है।

### नाराज असंगठित मजदूरों ने किया प्रदर्शन

**धनसार (आजाद सिपाही)।** विश्वकर्मा परियोजना लोडिंग पॉइंट पर फॉरवड डीओ कोयला लोडिंग को लेकर असंगठित मजदूरों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को असंगठित मजदूरों ने संयुक्त मोर्चा के बैनर तले अनिश्चितकालीन लोडिंग पॉइंट से कोयला डिस्पैच को ठप कर दिया। इससे पूर्व बुधवार को भी असंगठित मजदूर ने धर्म बाउरी के नेतृत्व में प्रदर्शन कर पे लोडर लोडिंग बंद करने की मांग की थी। उनका कहना था कि बीसीसीएल प्रबंधन कुछ दबंग लोगों के इशारे पर असंगठित मजदूरों से उनका रोजगार छिनना चाहती है। इस मौके पर संयुक्त मोर्चा की ओर से गुड्डू सिंह, देशराज चौहान, किशोर मुर्मू ,राजेश मरांडी, मनोज पासवान, टुन्नू गुप्ता, राजू चौहान, महेंद्र भुईया, अकबर अंसारी और सुमन हेंब्रम आदि उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### गयासुद्दीन सिद्दीकी ने किया पत्रकारों को सम्मानित



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** कलम के सिपाही सालों भर अपनी लेखनी से समाज को जागरूक करने के साथ ही उनकी समस्याओं को सभी के सामने पेश करते रहते हैं। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ माने जाने वाले पत्रकारों को ईद के अवसर पर हुसैनाबाद शहर के वार्ड-2 के मेहदीनगर में पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी की ओर से समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। पूर्व नपं अध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी ने पत्रकारों को लोकतंत्र का प्रहरी बताया, जो समाज के मार्गदर्शक और आईना है। उन्होंने कहा कि रात में हम बेफिक्र सोते हैं, और कलम के सिपाही जान जोखिम में डालकर खबरें जुटाते हैं, तब हमें सुबह-सुबह ताजी खबरे नसीब होती है। इस मौके पर समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, हसनैन जैदी, मशरुर अहमद, जाकिर अली उर्फ राज अली, मनोज शर्मा, अजय गुप्ता, इजहार अंसारी, जनक पासवान, मोहिउदीन अंसारी, रविंद्र चौधरी आदि मौजूद थे।

### छिपकली काटने से बुजुर्ग की हालत गंभीर

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत पांडेपुर गांव निवासी इस्लाम अंसारी (60) को छिपकिली ने काट लिया। जिससे उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना शुक्रवार अहले सुबह की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार इस्लाम अंसारी गाय को खिलाने के लिए अपने घर में रखा भूषा निकल रहे थे। तभी उन्हें छिपकिली ने काट लिया। जिससे वे बेहोश हो कर जमीन पर गिर पड़े। आनन फानन में परिजन उन्हें विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां उनका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। डॉ धीरज कुमार, डॉ मनोज थॉमस, ड्रेसर गौतम कुमार व आदित्य कुमार उनका इलाज कर रहे हैं।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर-इटको मुख्य मार्ग पर शुक्रवार को एक युवक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। उसकी पहचान पप्पू यादव के रूप में हुई है, जो विश्रामपुर थाना क्षेत्र के छिपादोहर गांव का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार पप्पू यादव विश्रामपुर से अपने घर वापस जा रहा था। बाइक की रफ्तार तेज होने के कारण एक तीखे मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे वह जख्मी हो गया। स्थानीय लोग उसे विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए.जहां उसका इलाज चल रहा है।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन की चपेट में आकर 26 वर्षीय एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। उसकी पहचान मंतोष कुमार के रूप में हुई है। वह रेहला थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव का रहने वाला था। उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। घटना शुक्रवार सुबह की है। इसकी सूचना मिलते ही राजकीय रेल पुलिस और रेहला पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों की मानें तो मंतोष की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। वह सुबह में घूमते घूमते रेलवे ट्रैक पर चला गया और एक ट्रेन की चपेट मे आ गया।

### मालगाड़ी की चपेट आने से कार क्षतिग्रस्त

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत लालगढ़ रेलवे स्टेशन पर गुरुवार की शाम मालगाड़ी की चपेट में आने से एक कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। इसकी सूचना मिलते ही गढ़वा रोड़ से आरपीएफ की एक टीम घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार लालगढ़ गांव के पास कार से एक युवक रेलवे ट्रैक पार कर डंडा गढ़वा की ओर जा रहा था। तभी एक मालगाड़ी उसी ट्रैक पर से गुजरने लगी। जिसकी चपेट में कार आ गयी। हालांकि मालगाड़ी को देखकर चालक कार से नीचे कूद गया। जिससे उसकी जान बच गई। रेल पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को ट्रैक से दूर करते हुए उसे अपने कब्जे में ले लिया है। आरपीएफ के एसआई मुन्ना कुमार ने बताया कि कार के मालिक और चालक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

### नहाय खाय से आस्था का महापर्व चैती छठ शुरू



**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** नहाए खाए से साथ आस्था का चार दिवसीय महापर्व चैती छठ प्रारंभ हो गया। महापर्व छठ को लेकर पूरे कोलयांचल में लोगों में उत्साह है। फुसरो बाजार में छठ के गीत से पूरा क्षेत्र छठमय हो गया है। शुक्रवार को नहाए खाए के साथ चैती छठ प्रारंभ हुआ। वर्तियां पूरे विधि विधान का पालन करते हुए अरवा चावल, चने की दाल और कद्दू की सब्जी बनाकर प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। शनिवार को खरना (लोहंडा) होगा। इस दिन वर्तियां अरवा चावल का खीर नेम धर्म के साथ बनायेगें। खीर का प्रसाद चढ़ाने के उपरांत वर्तियां पहले खुद ग्रहण करेंगी उसके बाद अन्य लोग ग्रहण करेंगे। इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला व्रत प्रारंभ हो जाएगा। रविवार की संध्या को अस्त होते सूर्य को वर्तिया अर्ध्य देंगी और सोमवार को उदयीमान सूर्य को अर्ध्य देने के साथ ही महापर्व चैती छठ का समापन हो जाएगा।

## भाजपा प्रत्याशी वीडी राम ने पाटन प्रखंड के कई गांवों का किया दौरा

# सिंचाई और पेयजल के लिए केंद्र सरकार कटिबद्ध : वीडी राम

**24 अप्रैल को करेंगे नामांकन, सभी को आने का दिया न्यौता**

आजाद सिपाही संवाददाता

### मार्च 2025 तक कार्य को धरातल पर उतारा जायेगा



पाटन पहुंचे भाजपा के पलामू प्रत्यासी वीडी राम का स्वागत करते भाजपाई।

**मेदिनीनगर।** भाजपा के पलामू लोकसभा प्रत्याशी विष्णु दयाल (वीडी) राम ने शुक्रवार को पाटन प्रखंड के दो दर्जन से अधिक गांव का भ्रमण किया। वे 24 अप्रैल को नामांकन करने जा रहे हैं, जिसमें लोगों को आने के लिए आमंत्रित किया। वे नौडीहा, पाल्हे, किशुनपुर, काला पहाड़, नवा जयपुर समेत अन्य गांवों का भ्रमण किये। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने किसानों के लिए पानी की मांग की। ग्रामीणों ने किशनपुर में बंद आरो प्लांट का मामला भी उठाया। इस पर वीडी राम ने कहा कि सोन और कोयल नदी से किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाई जाएगी। इस योजना के लिए 454 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत हो चुकी है। काम शुरू हो चुका है। सिंचाई एवं पेयजल के लिए केंद्र सरकार कटिबद्ध है। गढ़वा जिला में इस योजना का शिलान्यास हो चुका है। मार्च 2025 तक कार्य को धरातल पर उतारा जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार के पास राशि का अभाव है। उन्होंने बताया कि 1200 करोड़ रुपये की योजना है। जिससे लोगों के खेतों तक पानी और पीने के लिए घर-घर पानी पहुंचाने की योजना पर काम चल रहा है। किशनपुर में लगा आरो प्लांट कई वर्षों से बंद है। सांसद ने कहा कि इस मामले को लेकर वह पलामू डीसी से मिल चुके हैं। बहुत जल्द ही लोगों को आरो का पानी मिलेगा। इस मौके पर विभाकर नारायण पांडे, प्रफुल सिंह, राकेश दूबे, सुरेंद्र उपाध्याय, शेखर दादा, अमलेश दूबे, पूर्व जिला परिषद सदस्य रमेश सिंह उर्फ भोला सिंह, मंडल अध्यक्ष किशनपुर संतोष पांडे, अखिलेश पांडे, मुकेश सिंह, अलख दूबे, मुखिया सुमन गुप्ता, प्रमोद सोनी, मंडल अध्यक्ष पाटन संजय सिंह, ध्रुव द्विवेदी, राजकुमार गुप्ता, अर्जुन तिवारी, चिंटू उपाध्याय, नीलिमा झा, मधु देवी, पीपी शर्मा, निर्मला देवी, रूबी कश्यप, ईश्वरी पांडे, लव सोनी, राजू उपाध्याय, कौशल कुमार झा आदि मौजूद थे।

# जेएसएलपीएस सखी मंडल की महिलाओं ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**हम सभी दीदी को रखना है याद, 13 मई चुनाव के बाद करना है कोई काम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** प्रखंड के विभिन्न पंचायत क्षेत्रों में कम मतदान प्रतिशत वाले बूथ पर जेएसएलपीएस की सखी मंडल के दीदियों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके तहत बनियाडीह, पोलडीह व ऊपरी खुर्द पंचायत में सखी मंडल से जुड़ी महिलाओं ने जागरूकता रैली, चुनाव पाठशाला और चुनाव मेहंदी प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम के माध्यम से सभी मतदातागण से अधिक से अधिक संख्या में 13 मई को लोकसभा चुनाव में मतदान में भाग लेने की अपील की। कहा कि कोई भी व्यक्ति चुनाव के दौरान अपने अधिकार से वंचित न हों। मतदान आपका अधिकार है। स्वच्छ और भयमुक्त मतदान करना आपका कर्तव्य है। मतदान के दिन पहले मतदान करें फिर, घर आकर जलपान करें का संदेश सभी ग्रामीण को दिया गया। इस अवसर पर जेएसएलपीएस के प्रखंड कोऑर्डिनेटर अंजनी कुमार ने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर प्रखंड क्षेत्र में लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को खिलपर व बेनिकला मीडिल स्कूल में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर रविरंजन कुमार, संजीदा खातून, मुन्नी कुमारी, उमेश कुमार, रिंकी कुमारी और पूजा देवी आदि शामिल थी।

## सुदेश महतो के नेतृत्व में होगा राज्य का चहुंमुखी विकास: जब्बार अंसारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**पांकी/पलामू।** अब्दुल जब्बार को युवा आजसू का प्रदेश संयोजक बनाएं जाने पर सगालीम के मंटू ढाबा में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर युवाओं को संबोधन करते हुए प्रदेश संयोजक ने कहा कि पांकी विधानसभा का चहुमुखी विकास सुदेश महतो के नेतृत्व में ही संभव है। आज तक जितने भी प्रतिनिधि चुनकर आए सभी ने सिर्फ अपनी कोठी भरने का काम किया है। पांकी विधानसभा के हर एक वर्ग चाहे वह नौजवान हो बुजुर्ग हो या महिलाएं सभी आज तक उपेक्षित है। विकास के नाम पर सिर्फ वादे हुए है। वर्तमान सरकार पर हमला करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार युवाओं के नौकरी को बेचने का काम कर रही है। युवा आज अपने भविष्य को लेकर काफी चिंतित है। इसका जवाब युवा वर्ग आने वाले समय पर जरूर देगी। कहा कि प्रत्येक गांव में सुदेश महतो के आदेश के अनुसार पार्टी का पिलर मेंबर बनाया जाएगा जो पार्टी का नेतृत्व गांव स्तर पर करेंगे। मौके पर राकेश पासवान, इमरान खान, एहतेशाम अंसारी, पंकज कुमार सिंह, गोपाल कुमार सिंह, रंजीत प्रजापति, राकेश सिंह, अभय कुमार आदि उपस्थित थे।

## एनएच-39 से अतिक्रमित भूमि को किया गया मुक्त

**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** सतबरवा सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की की चेतावनी के बाद भी सतबरवा के मेलाटांड़ में राष्ट्रीट राजमार्ग (एनएच) 39 के किनारे दुकानदारों द्वारा अतिक्रमीत किये गये भूमि को नहीं छोड़ने पर इस दिन अभियान चलाकर जेसीबी की सहायता से झुकी झोपड़ी खुटा तिरपाल आदि को कबाड़ कर शुक्रवार को अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराया गया। बताते चलें कि सड़क पर दुकान लगाने से प्रतिदिन जाम लग रहा था। जिसकी शिकायत सतबरवा सीओ को लगातार मिल रही थी। इसी आलोक में मंगलवार को सतबरवा सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की द्वारा दो दिनों के अंदर दुकानें हटाने की चेतावनी दी गई थी। इस मौके पर थाना प्रभारी अंचित कुमार, हल्का कर्मचारी जमुना पांडा समेत कई पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## मुगमा में दर्जनों युवकों ने थामा मासस का दामन पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने किया स्वागत



**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** मासस की ओर से शुक्रवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुगमा मोड़ के ब्रेक फुटबॉल ग्राउंड में दर्जनों युवकों ने पार्टी का दामन थामा। सभी युवकों को पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान पूर्व विधायक ने कहा कि मासस का जनाधार लगातार बढ़ रहा है। अगले महीने धनबाद में लोकसभा चुनाव होने वाला है। इस तरह युवकों को पार्टी से जुड़ना काफी सकारात्मक दिखाई पड़ रहा है। हमलोग इस बार लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर जिप सदस्य बादल चंद बाउरी, मुखिया मनोज राउत, रोशन मिश्रा, अंजू चटर्जी, उपमुखिया बलराम दास सहित कई मासस कार्यकर्ता मौजूद थे।

**उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी का कार्यालय, हजारीबाग**
**(विधि व्यवस्था कोषांग, सामान्य शाखा)**

**-: आदेश :-**

आगामी लोकसभा आम चुनाव, 2024 हेतु हजारीबाग से निर्गत शस्त्र अनुज्ञप्ति जो हजारीबाग जिले से बाहर रह रहें हैं एवं अबतक अपने अनुज्ञप्ति पर धारित शस्त्र को जमा नहीं किए हैं एवं हजारीबाग जिले से इत्तर अन्य जिलों से निर्गत शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी जो इस जिले में रह रहें हैं तथा शस्त्र अपने पास रखे हुए हैं वैसे अनुज्ञप्तिधारी को आदेश दिया जाता है कि वे अपने अनुज्ञप्ति पर धारित शस्त्र को दिनांक 15.04.2024 तक अपने निकटतम थाना/ओ0पी0/वैध शस्त्र एवं कारतुस विक्रेता के दुकान में जमा कराना सुनिश्चित करेंगें एवं इसकी सूचना स्थानीय थाना/ओ0पी0 एवं शस्त्र शाखा, हजारीबाग को उपलब्ध करायेंगे।

उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, हजारीबाग

PR 323756 Election(24-25)#D

**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**(सामान्य शाखा)**

**आम सूचना**

आगामी लोकसभा निर्वाचन, 2024 के मद्देनजर सुरक्षा के दृश्टिकोण से शस्त्र नियमावली 1962 के नियम (63) के तहत जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अपने स्थानीय थाना/ओ0पी0/आर्म्स डीलर के पास जमा करने हेतु अंतिम तिथि **दिनांक 16-04-2024** तक विस्तारित किया जाता है।

अनुज्ञप्तिधारी द्वारा शस्त्र आर्म्स डीलर के पास अपना शस्त्र जमा करने की स्थिति में पावती रसीद की छायाप्रति निश्चित रूप से स्थानीये थाना/ओ0पी0 को उपलब्ध करायेंगे। लोकसभा निर्वाचन, 2024 सम्पन्न होने के पश्चात संबंधित थाना/ओ0पी0 एवं आर्म्स डीलर से वापस प्राप्त कर सकते है।

उक्त निर्धारित तिथि तक शस्त्र जमा नहीं करने वाले अनुज्ञप्तिधारियों के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के तहत शस्त्र अनुज्ञप्ति निलंबित/रद्द करने की कार्रवाई की जायेगी।

ह0/-
उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, कोडरमा

PR 323767 District (24-25)_D

पत्रांक-34 दिनांक-12.04.2024 अतिआवश्यक

**कार्यालय, प्राचार्या,इंदिरा गाँधी बालिका विद्यालय,हजारीबाग**

**शारीरिक जाँच परीक्षा संबंधी आवश्यक सूचना**

इंदिरा गाँधी बालिका विद्यालय, हजारीबाग में सत्र 2023-024 के लिये छठा वर्ग में नामांकन हेतु झारखण्ड अधिविद्य परिषद, राँची द्वारा संचालित मुख्य प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा में उत्तीर्ण छात्राओं की शारीरिक जाँच निम्नांकित तिथियों को उनके क्रमांक के समक्ष अंकित समयानुसारश्शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज, अस्पताल, हजारीबाग में होगी। सभी अभिभावकों से अनुरोध है कि अंकित तिथियों को ससमय शारीरिक जाँच हेतु अपनी पुत्री को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज, अस्पताल, हजारीबाग में निश्चित रूप से उपस्थित कराने का कष्ट करें। सभी छात्रायें अपना मूल प्रवेश पत्र साथ ही बोर्ड के समक्ष हाल का खीचा हुआ एक पासपोर्ट साईज का फोटो लेती जायेंगी बिना इसके शारीरिक जाँच नहीं होगी।

| तिथि | प्रवेश परीक्षा क्रमांक | समय |
|---|---|---|
| 25-04-2024 गुरूवार | 2453789, 2453802, 2453804, 2312930, 2453786, 2453791, 2453807, 2242538, 2453790, 2453788, 2211835, 2453801, 2453787, 2453711, 2312954 ( 15 छात्राऐं ) | 09.00 A.M |
| 26-04-2024 शुक्रवार | 2413418, 2211829, 2211828, 2211824, 2242515, 2453792, 2211830, 2453796, 2313001, 2211833, 2211827, 2453797, 2453799, 2453803, 2211834, ( 15 छात्राऐं ) | 09.00 A.M |
| 27-04-2024 शनिवार | 2242549, 2413422, 2131206, 2534325, 2211832, 2242516, 2453712, 2453794, 2453800, 2242520, 2242621, 2272780, 2242594, 2131250, 2312931, ( 15 छात्राऐं ) | 09.00 A.M |
| 29-04-2024 सोमवार | 2333308, 2242537, 2222011, 2131263, 2242511, 2413423, 2453714, 2222028, 2232388, 2313002, 2221990, 2211852, 2222058 2333184, 2222094, ( 15 छात्राऐं ) | 09.00 A.M |
| 30-04-2024 मंगलवार | 2232361, 2221951, 2131200, 2232308, 2313003, 2131205, 2232362, 2413426, 2463878 2333163, 2333154, 2232355, 2131221, 2312971, 2513966 ( 15 छात्राऐं ) | 09.00 A.M |
| 02-05-2024 गुरूवार | 2333153, 2232296, 2131257, 2232422, 2232385, 2333189, 2333217, 2131296, 2131223, 2232375, 2333178, 2312919 , 2242620, 2232307, 2131246 ( 15 छात्राऐं ) | |
| 03-05-2024 शुक्रवार | 2312918, 2232309, 2312927, 2232377, 2312956, 2211825, 2131207, 2211836 ,2211846, 2413419 (10 छात्राऐं ) | |

कार्यालय दूरभाष संख्या 06546296531 पर आवश्यकता पड़ने पर शारीरिक जाँच हेतु जानकारी प्राप्त की जा सकती है। निर्धारित तिथि को यदि शारीरिक जाँच में छात्राएं उपस्थित नहीं होती हैं, तो अन्तिम तिथि दिनांक 04.05.2024 से 07.05.2024 तक प्रातः 09.00 बजे निश्चित रूप से शारीरिक जाँच करवा लेंगी अन्यथा अलग से शारीरिक जाँच हेतु तिथि निर्धारित नहीं की जायेगी।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

ह0/-
प्रभारी प्राचार्या,
इंदिरा गाँधी बालिका विद्यालय,हजारीबाग

PR 323770 School Education and Literacy(24-25).D

## स्पोर्ट्स



बॉक्सिंग लीजेंड मैरी कॉम ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देकर पेरिस ओलिंपिक 2024 के लिए भारत के शेफ डी मिशन के पद से इस्तीफा दे दिया है।



# मैरी कॉम ने शेफ-डी-मिशन पद से दिया इस्तीफा

**जल्द होगी रिप्लेसमेंट की घोषणा : आइओए अध्यक्ष**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बॉक्सिंग लीजेंड मैरी कॉम ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए आगामी पेरिस ओलिंपिक 2024 के लिए भारत के शेफ-डी-मिशन के पद से इस्तीफा दे दिया है। भारतीय ओलंपिक एसोसिएशन (आइओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। पीटी उषा को लिखे पत्र में कॉम ने कहा कि मैं हर संभव तरीके से अपने देश की सेवा करना सम्मान की बात मानती हूं और मैं इसके लिए मानसिक रूप से तैयार थी। हालांकि, मुझे अफसोस है कि मैं जिम्मेदारी को निभाने में सक्षम नहीं हो पाऊंगी और व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा देना चाहूंगी। पीटी उषा ने कहा कि हमें दुख है कि ओलिंपिक मेडल विनर बॉक्स और आइओए एथलीट कमिशन की अध्यक्ष मैरी कॉम ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए पद छोड़ दिया है। हम उनके फैसले और उनकी गोपनीयता का सम्मान करते हैं। मैं बोर्ड में चर्चा करने के बाद जल्द ही मैरी कॉम के रिप्लेसमेंट की घोषणा करूंगी। गौरतलब हो कि शेफ-डी-मिशन के रूप में मैरी कॉम की जिम्मेदारी ओलिंपिक गेम्स में नेशनल टीम का लीडर बनना था। कॉम को टीम लीडर और प्रतिनिधि के रूप में काम करना था, जो गेम्स में देश के सभी एथलीट की भागीदारी के साथ ही कॉर्डिनेशन और मैनेजमेंट के लिए जिम्मेदार होता। मैरी कॉम को 2024 के 21 मार्च में भारतीय ओलिंपिक एसोसिएशन ने शेफ-डी-मिशन के रूप में नियुक्त किया गया था। आइओए का मानना था कि मैरी कॉम पेरिस में होने वाले इवेंट में एथलीटों का मार्गदर्शन करने के लिए एक स्वाभाविक पसंद थीं। वहीं, शिवा केशवन को अपने डिप्टी के रूप में काम करने के लिए तैयार थीं। अब अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी और मौजूदा कॉमनवेल्थ गेम्स चैंपियन शरथ कमल भारत के लिए ध्वजवाहक होंगे। वहीं, महिला ध्वजवाहक का नाम बाद में अनाउंस किया जाएगा।

## साइकिल से विद्यार्थियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कतरासगढ़, झरिया राज प्लस टू हाई स्कूल, शिवाजी प्लस टू हाई स्कूल बेनागड़िया निरसा, प्रोजेक्ट प्लस टू हाई स्कूल मनियाडीह टुंडी, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय टुंडी, गर्ल्स हाई स्कूल गोमो, टीएपी प्लस टू हाई स्कूल तोपचांची, राजकीयकृत प्लस टू हाई स्कूल, प्लस टू हाई स्कूल तोपचांची आदि विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने शुक्रवार को मतदाता जागरूकता को लेकर साइकिल रैली निकाली।सभी विद्यार्थियों को शपथ ग्रहण करवाते हुए चुनाव में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने को लेकर प्रेरित किया। उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान के दिन अपने-अपने मत का प्रयोग करने की सभी से अपील की। वहीं, स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह नगर आयुक्त ने धनबाद के मतदाताओं से अपील की कि शत प्रतिशत मतदान कर एक सशक्त सरकार का निर्माण करने में भूमिका निभानी चाहिए। धनबाद जिला के हर नागरिक जिनकी उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक हो हो वे सभी 25 मई को अपना मतदान जरूर करें।

## गिरिडीह में बालू तस्करों का दुस्साहस : उकसावे पर जमा हो गये सैकड़ों लोग

# सीओ और थाना प्रभारी को बनाया बंधक, घंटों बाद छोड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** बिरनी प्रखंड के चानो गांव में शुक्रवार की सुबह 9 बजे बालू तस्कर चानो के बराकर नदी से बालू उठाव कर ले जा रहे थे। इसी दौरान स्थानीय सीओ सारांश जैन छापामारी करने पहुंचे और चार ट्रैक्टरों एवं एक चालक को बालू के साथ पकड़ लिया। ट्रैक्टर पकड़ने की सूचना पर बालू तस्करों के उकसावे पर ग्रामीण वहां पहुंच गये। उनके साथ बालू तस्कर भी थे। उन लोगों ने सीओ को चालक को छोड़ने को कहा। चालक को नहीं छोड़ने पर उन्होंने सीओ को घेर लिया। सीओ सारांश जैन ने इसकी सूचना थाना प्रभारी राजीव कुमार को दी। बिरनी थाना प्रभारी राजीव कुमार एवं भरकट्टा ओपी प्रभारी आकाश भारद्वाज अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। तभी बालू तस्करों के साथ सैकड़ों ग्रामीणों ने सभी को घेर कर बंधक बना लिया। कहा कि तब तक नहीं जाने देंगे, जब तक वरीय पदाधिकारी नहीं आयेंगे। सीओ ने घटना की जानकारी बगोदर-सरिया एसडीओ विपिन दूबे को दी। एसडीपीओ धनंजय राम, सरिया थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। सीओ सारांश जैन ने बताया कि वह अवैध बालू उठाव कर रहे लोगों को पकड़ कर ले जा रहे थे, पर बालू तस्कर और ग्रामीण इन्हें छोड़ने का दबाव बनाने लगे। उनकी बात नहीं मानने पर वे लोग मुझसे ही उलझने लगे। उन्होंने बताया कि सीताराम सिंह समेत कई लोगों ने मेरे साथ बदसलूकी एवं हाथापाई की।



थाना प्रभारी और सीओ का घेराव करते ग्रामीण।

### सीओ की सूचना पर पहुंचे वरीय अधिकारी

सीओ की सूचना पर बिरनी पुलिस, भरकट्टा ओपी पुलिस एवं सरिया पुलिस पहुंची। मगर ग्रामीण नहीं माने और सीओ के साथ सभी को बंधक बना लिया। बाद में सरिया बगोदर एसडीपीओ धनंजय राम भी मौके पर पहुंचे, लेकिन ग्रामीणों ने किसी की नहीं सुनी। मामला ठंडा नहीं होते देख सरिया-बगोदर एसडीएम विपिन कुमार दुबे मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से बात की और उनकी समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीण माने और अधिकारियों को मुक्त किया। उन्होंने 10 ग्रामीणों को अनुमंडल कार्यालय वार्ता के लिए बुलाया। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपना काम कर रहे हैं, उन्हें काम करने देना चाहिए, यदि कोई शिकायत थी तो ग्रामीणों को वरीय पदाधिकारी से संपर्क करना चाहिए था।

# जिला सुरक्षा समिति ने 13 लाइसेंसी आर्म्स को जमा कराने से किया विमुक्त

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला सुरक्षा समिति की बैठक हुई। जिसमें लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले के गणमान्य व्यक्ति एवं निजी व्यक्तियों की सुरक्षा और लाइसेंसी आर्म्स को सत्यापित कराकर संबंधित थाना में जमा कराने की विस्तृत समीक्षा की गई। इस क्रम में लाइसेंसी आर्म्स को जमा कराने से मुक्ति के लिए प्राप्त आवेदनों की भी समीक्षा की गई। इसके बाद 13 लाइसेंसी आर्म्स को जमा कराने से विमुक्ति प्रदान की गई। वहीं एक आवेदक के पास दो लाइसेंसी हथियार होने के कारण एक हथियार को संबंधित थाना में जमा कराने का आदेश दिया गया। साथ ही निजी अंगरक्षक की समीक्षा के बाद 5 अंगरक्षकों को क्लोज करने का निर्णय लिया गया। शेष अंगरक्षकों के भुगतान की समीक्षा के बाद समिति द्वारा निर्णय लिया जाएगा। बैठक में जिले के सभी बैंक, सीएमआरआई, सीएमआईएफआर, बीसीसीएल, टिस्को जामाडोबा एवं अन्य संस्थानों की सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से आर्म्स को थाना में जमा किए जाने से विमुक्त रखने का समिति ने निर्णय लिया।

बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक और पुलिस उपाधीक्षक (विशेष शाखा) मौजूद रहे।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 01/2024–25

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय | दिनांक 23.04.2024 को 1.00 बजे अपराह्न तक। |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | दिनांक 24.04.2024 (अपराह्न 03:00 बजे तक)। |
| 4. | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | दिनांक 24.04.2024 (अपराह्न 03:30 बजे)। |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 6. | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग |

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | बड़कागांव | प्रखण्ड बड़कागांव के पंचायत+ग्राम–हरली के राज्य संपोषित सरकारी विद्यालय +2 उच्च विद्यालय हरली में शौचालय एवं स्नानागार निर्माण। | 1761200.00 | 35300.00 | 2500.00 | 1 माह |
| 2. | बड़कागांव | प्रखण्ड बड़कागांव के उत्क्रमित मध्य विद्यालय नापोखुर्द में शौचालय एवं स्नानागार निर्माण। | 1761200.00 | 35300.00 | 2500.00 | 1 माह |
| 3. | बड़कागांव | प्रखण्ड बड़कागांव के सरकारी उत्क्रमित मध्य विद्यालय बलिया में शौचालय एवं स्नानागार निर्माण। | 2498400.00 | 35300.00 | 2500.00 | 1 माह |
| 4. | बड़कागांव | प्रखण्ड बड़कागांव के सरकारी उत्क्रमित मध्य विद्यालय सांड में शौचालय एवं स्नानागार निर्माण। | 1761200.00 | 35300.00 | 2500.00 | 1 माह |
| 5. | बड़कागांव | प्रखण्ड बड़कागांव के नव प्राथमिक विद्यालय अंबाटोला में शौचालय एवं स्नानागार निर्माण। | 1761200.00 | 35300.00 | 2500.00 | 1 माह |
| 6. | बड़कागांव | प्रखण्ड बड़कागांव के सरकारी उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरली में किचेन शेड निर्माण। | 247700.00 | 49600.00 | 5000.00 | 1 माह |

नोटः –1. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
2. निविदा शुल्क किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रुप में स्वीकार किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जाएगा। बैंक ड्राफ्ट कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग के पदनाम से देय होगा। बैंक ड्राफ्ट निविदा प्रकाशन के बाद की तिथि का मान्य होगा।
3. 10% प्रतिशत से न्यून निविदाओं के लिए additional performance security के रुप में परिमाण विपत्र की राशि से–
i. 10% से 20% below तक की राशि का 20% तथा
ii. 20% से अधिक below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा।
विस्तृत जानकारी के लिए निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
हजारीबाग।

PR.NO.323779 Rural Development(24-25):D


## महत्वपूर्ण न्यूज

## बगोदर, बिरनी व देवरी सहित अन्य प्रखंडों में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव के निमित्त स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को बगोदर, बिरनी और देवरी सहित अन्य प्रखंड के विभिन्न क्लस्टरों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं को जागरूक किया गया। सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा मतदान के महत्व और निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही 1950 मतदाता हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सभी को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो। यदि किसी का नाम मतदाता सूची में नहीं है तो उसे बीएलओ के माध्यम से या वोटर हेल्प लाइन एप के माध्यम से फॉर्म 6 अवश्य भरने और प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्हें शपथ दिलाई गई कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करेंगे। उन्हें अपने स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करने लिए अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया।

## रिफ्रैक्टरीज पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बीएसएल के मानव संसाधन विकास केंद्र में बोकारो स्टील प्लांट की मेजबानी में दो दिवसीय (शुक्रवार-शनिवार) 'नैनो टेक्नोलॉजी और टिकाऊ समाधानों के माध्यम से लौह और इस्पात उद्योग में रिफ्रैक्टरीज में प्रगति' विषय पर द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आरईएफ आईएस-4.0 का शुभारंभ हुआ। सम्मलेन में राउरकेला स्टील प्लांट के प्रभारी निदेशक व बोकारो स्टील प्लांट के अतिरिक्त प्रभारअतानु भौमिक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बोकारो स्टील प्लांट के अधिशासी निदेशक (संकार्य) वीरेंद्र कुमार तिवारी, महनिदेशक (एफआइआइ) डॉ दीपक जैन एवं डॉ चाको जैकब, प्रोफेसर (आइआइटी, खड़गपुर) उपस्थित थे। सम्मलेन में बीएसएल के अधिशासी निदेशक, मुख्य महाप्रबंधक (रिफ्रैक्टरीज) वीपी उपाध्याय आदि उपस्थित थे। सम्मलेन के उद्घाटन सत्र में सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश, निदेशक-प्रभारी भिलाई स्टील प्लांट ए दासगुप्ता और प्रभारी निदेशक दुगार्पुर एवं आईएसपी बर्नपुर बीपी सिंह ने भी प्रतिभागियों को ऑनलाइन संबोधित किया और रिफ्रैक्टरीज से जुड़े चुनौतियों एवं संभावनाओं पर अपने विचार रखे। बीएसएल के निदेशक प्रभारी अतानु भौमिक, अधिशासी निदेशक (संकार्य) वीरेंद्र कुमार तिवारी एवं महनिदेशक (एफआइआइ) डॉ दीपक जैन ने इस्पात उद्योग में रिफ्रैक्टरी की अहमियत और वर्ष 2030 तक देश में इस्पात उत्पादन क्षमता में वृद्धि के साथ-साथ रिफ्रैक्टरी की बढ़ती जरूरतों और सम्बंधित पहलुओं पर चर्चा की। डॉ चाको जैकब ने रिफ्रैक्टरी के क्षेत्र में नैनो टेक्नोलॉजी की संभावनाओं पर एक व्याख्यान प्रस्तुत किया। इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इंडिया एवं इंडियन सिरेमिक सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस सम्मलेन में रिफ्रैक्टरी के विशेषज्ञ, रिफ्रैक्टरी निमार्ताओं तथा उपयोगकर्ता सहित 350 से अधिक डेलिगेट भाग ले रहें हैं एवं लगभग 40 तकनीकी पेपर प्रस्तुत किये जायेंगे। उद्घाटन सत्र के बाद अतिथियों ने एक तकनीकी प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। अपराह्न तकनीकी सत्रों के दौरान रिफ्रैक्टरी से जुड़े तकनीकी आलेखों का प्रस्तुतीकरण किया गया। गौरतलब हो कि इस सम्मलेन के दौरान रिफ्रैक्टरी उद्योग से जुड़े विभिन्न चुनौतियों, विशेषकर वर्ष 2030 तक देश में इस्पात उत्पादन क्षमता 300 मिलियन टन के लक्ष्य को हासिल करने के परिप्रेक्ष्य में रिफ्रैक्टरी सेक्टर में देश को आत्म-निर्भर बनाने, इंडस्ट्री-4.0 टेक्नोलोजी के इस्तेमाल द्वारा कम लागत तथा उच्च गुणवत्ता वाले रिफ्रैक्टरी का निर्माण तथा इस्पात एवं रिफ्रैक्टरी उद्योग के परस्पर हितों से सम्बंधित सभी बिन्दुओं पर गहन मंथन कर भविष्य के लिए रोड मैप तैयार किया जायेगा।

## भाजपा निरसा विस प्रभारी ने किया चिरकुंडा का दौरा

**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** भाजपा निरसा विधानसभा प्रभारी चंद्रशेखर सिंह शुक्रवार को चिरकुंडा, मैथन व निरसा मंडल का दौरा कर पार्टी के वरिष्ठ व पुराने नेताओं-कार्यकर्ता से मिले। उन्होंने मोदी जी के संकल्प इस बार 400 पार को पूरा करने के लिए जुट जाने की अपील की। कहा कि विपक्ष को प्रत्याशी ही नहीं मिल रहे हैं। कहा कि पार्टी द्वारा घोषित प्रत्याशी ढुल्लू महतो को जिताने को लेकर पूरी ताकत से जुट गए हैं। मौके पर जयप्रकाश सिंह, प्रदीप अग्रवाल आदि थे।

# हथियारबंद नक्सलियों ने जेसीबी चालक से की मारपीट

## सब जोनल कमांडर वीरसेन के दस्ते ने दिया घटना को अंजाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरोचट्टी।** बोकारो जिले के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने एक फिर अपनी उपस्थिति दर्ज करने की कोशिश की है। सब जोनल कमांडर वीरसेन के दस्ते के हथियारबंद सदस्यों ने थाना क्षेत्र की बड़की सीधावारा पंचायत में पुल निर्माण में लगी जेसीबी के चालक की पिटाई कर दी। घटना गुरुवार की रात करीब नौ बजे की बताई जा रही है। इससे इलाके में दहशत का माहौल है। जानकारी के मुताबिक नक्सली निर्माण कार्य करा रहे सुपरवाइजर अनिल यादव को ढूंढ रहे थे। जेसीबी चालक से जब नंबर मांगा तो उसने नंबर नहीं होने की बात कही। इसी पर नक्सली नाराज हो गए और हथियार के कुंदे से उसकी पिटाई की। पुलिस ने मारपीट की घटना की पुष्टि की है। साथ ही मामले की जांच में जुट गई है। मामला लेवी वसूली से संबंधित हो सकता है।





निर्माण कार्य स्थल में मौजूद लोगों की माने तो सभी नक्सली हथियार से लैस वर्दी में थे। घटनास्थल उनकी संख्या 5 से 6 थी। दूर में भी नक्सलियों की होने की बात कही गई। बताते चलें कि चतरोचट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़की सीधावारा पंचायत के खखंडो गांव के समीप मोतियानाला पर पुल का निर्माण किया जा रहा है।

## अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की छापामारी, दो गिरफ्तार

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** एसएसपी एचपी जनार्दनन के निर्देश पर प्रशासन सक्रिय नजर आ रही है। लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए गोविंदपुर थाना प्रभारी रविकांत प्रसाद के नेतृत्व में गुरुवार की रात अवैध शराब के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान लगभग 20 हजार रुपये मूल्य के अवैध शराब के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। उनके नाम लखीकांत रूज (48) और साधन मंडल (48) है। लखीकांत गोविंदपुर के टुंडी रोड नियर हनुमान मंदिर के पास का रहने वाला है, जबकि साधन रतनपुर का रहने वाला है। दोनों को औपचारिता पूरी करने के बाद जेल भेज दिया गया। इसकी जानकारी रविकांत प्रसाद गोविंदपुर थाना प्रभारी ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन करके दी।



## संदेह के आधार पर पति को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी पुलिस

# गोविंदपुर में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, घर से शव बरामद

**मृतका बोल पाने में थी असमर्थ, 10 माह की है बच्ची**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र के लाल बंगला के जियालगोड़ा कंगारू बस्ती में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतका की पहचान अष्टमी देवी के रूप में हुई है। वह जियालगोड़ा की रहने वाली थी। शुक्रवार की सुबह घर से उसका शव बरामद हुआ। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना गोविंदपुर पुलिस को दी। उधर, मृतका के मायके वालों का आरोप है कि अष्टमी देवी के पति भरत मंडल पैसे को लेकर हमेशा उनकी बेटी पर दबाब बनाता था। कई बार उनकी बात मानकर पैसे दिए भी गए हैं। बतातें चलें कि मृतका अष्टमी देवी की 10 महीने की एक बेटी भी है।



वहीं, मृतका के पिता रंजीत मंडल गिरिडीह जिले के मतरूखा गांव के रहने वाले है। मृत महिला अष्टमी देवी की शादी 2022 में हुई थी। पिता रंजीत मंडल का कहना है कि उनकी बेटी अष्टमी देवी दिव्यांग है। जो बोल पाने में असमर्थ थी। पर पढ़ना और लिखना जानती थी। हालांकि मृतका के पिता का यह भी आरोप है कि उनकी बेटी के गले पर चोट के निशान है। मृतका का पति भरत मंडल पेशे से ऑटो चालक है। स्थानीय लोगों की मानें तो मृतका के देवर शिबू मंडल पर आरोप है कि वह पैसे को लेकर महिला के पिता रंजीत और अष्टमी देवी को जान से मारने की धमकी देता था। उधर, खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही गोविंदपुर पुलिस ने मृतका के पति भरत मंडल को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा**
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं० 822114 Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

आम सूचना
(प्रेस विज्ञप्ति)
ग्रीष्मकालीन बंद नलकूपों के मरम्मति हेतु आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा गढ़वा जिला के सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आसन्न गर्मी को देखते हुए जिला अन्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों में अवस्थित बन्द नलकूपों के साधारण मरम्मति कार्य हेतु शिकायतों को दर्ज करने के लिए प्रमण्डलीय (जिला स्तरीय) तथा अवर प्रमण्डलीय स्तर पर नियंत्रण कक्ष (**Control Room**) की स्थापना की गई है। नियंत्रण कक्ष में कार्यरत प्रभारी पदाधिकारियों के दूरभाष नं0 पर अपनी पेयजल समस्याओं/शिकायतों को अंकित कराया जा सकता है। ताकि त्वरित कार्रवाई करते हुए शिकायतानुसार बन्द नलकूपों की मरम्मति कर चालू कराया जा सके। संधारित नियंत्रण कक्ष का ब्योरा निम्नांकित रूप से प्रशारित किया जा रहा है :–

(1) राज्य स्तर पर स्पादित नियंत्रण कक्ष का टोल फ्री नं0 18003456502
(2) प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष हेतु कर्मी का नाम एवं दूरभाश संख्या :–

| क0सं0 | कार्यरत कर्मी का नाम/पदनाम | अपेक्षित प्रखण्ड | मोबाईल नम्बर | शिकायत का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री मंगल राम, उच्चवर्गीय लिपिक | जिला के सभी प्रखण्ड | 6206117078 | कार्यालय अवधि में |
| 2 | श्री उपेन्द्र प्रसाद पंडित, निम्नवर्गीय लिपिक | ,, | 9931557072 | ,, |
| 3 | श्री राकेश उरांव, निम्नवर्गीय लिपिक | ,, | 9939320302 | ,, |
| 4 | श्री रंजन कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर | ,, | 6204854087 | ,, |
| 5 | श्री श्याम राम, कम्प्यूटर ऑपरेटर | ,, | 7209368126 | ,, |

(3) अवर प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष के कर्मी एवं दूरभाष संख्या :–

| क0सं0 | कार्यरत कर्मी का नाम/पदनाम | अपेक्षित प्रखण्ड | मोबाईल नम्बर | शिकायत का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री उज्जवल कुमार, निम्नवर्गीय लिपिक (अवर प्र0 01 एवं 02 हेतु) | गढ़वा, डंडा, रंका, रमकण्डा, चिनियां, मेराल, डंडई, मझिऑव, बरडीहा, कांडी, भण्डरिया एवं बड़गड़ | 9693358878 | कार्यालय अवधि में |
| 2 | श्री रमेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, कार्यालय चपरासी (अवर प्रमंडल, नगर उंटारी हेतु) | नगर उँटारी, रमना, विशुनपुरा, भवनाथपुर, केतार, खरौन्धी, धुरकी एवं सगमा | 9939568084 | ,, |

(5) अवर प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष अभियंता का नाम एवं दूरभाष संख्या :–

| क्र0सं0 | प्रभारी का नाम/पदनाम | मोबाईल नं0 | प्रशाखा का नाम | प्रखण्ड का नाम | पदस्थापित कनीय अभियंता का नाम | मोबाईल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | – | – | गढ़वा (ग्रा0) | गढ़वा एवं डंडा | धर्मेन्द्र प्रसाद मेहता | 9110019117 |
| | | | रंका | रंका, रमकण्डा एवं चिनियां | श्री महाबीर प्रसाद | 6200951319/ 9472711979 |
| 2. | मो0 शहनवाज आलम सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल संख्या 02, गढ़वा | 8757494972 | मेराल | मेराल एवं डंडई | – | – |
| | | | गढ़वा (शहरी) | गढ़वा शहरी क्षेत्र, जलापूर्ति योजना | श्री सिकन्दर प्रसाद | 7050965555 |
| | | | मझिऑव | मझिऑव, बरडीहा एवं काण्डी | विवेक कुमार रवि | 7079376302 |
| | | | भण्डरिया | भण्डरिया एवं बड़गड़ | श्री अमर राज | 8340672613 |
| 3. | श्री राजेश कुमार, सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर नगर उँटारी। | 9661394979 | नगर उँटारी | नगर उँटारी, रमना एवं विशुनपुरा | श्री आशीष खलखो | 8210147568 |
| | | | भवनाथपुर | भवनाथपुर, केतार एवं खरौन्धी | श्री देवेन्द्र किस्कू | 9905326654 |
| | | | धुरकी | धुरकी एवं सगमा | श्री अजित रंजन | 7764051098 |

उपर्युक्त स्थापित नियंत्रण कक्ष (ब्वदजतवस त्ववउ) के अलावे आम नागरिक अपनी पेयजल/नलकूप मरम्मति संबंधी समस्याओं को अंकित करने हेतु प्रखंड स्तर पर भी संधारित शिकायत पंजी का उपयोग कर सकते हैं, जिसके संदर्भ में निम्नांकित निर्देश सभी कनीय अभियंता/सभी सहायक अभियंता को अनुदेशित है:–

1 सभी कनीय अभियंता को निर्देश है कि अपने–अपने प्रखंडों में एक–एक शिकायत पंजी को संधारित कर प्रखंड कार्यालय में रखना सुनिश्चित करेंगे।
2 सहायक अभियंता नलकूप मरम्मति गैंगों का गठन कर प्रमंडलीय कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।
3 सभी कनीय अभियंता/नलकूप मरम्मति गैंगों का यह दायित्व होगा कि प्रखंड कार्यालय मे संधारित शिकायत पंजी में दर्ज शिकायतों को प्राप्त कर पेयजल संबंधी शिकायतों को दूर करना सुनिश्चित करेंगे।
4 संसदीय आसन्न चुनाव के मतदान केन्द्रों पर अवस्थित नलकूपों के शिकायत को प्राथमिकता के साथ निश्पादन करेंगे।
5. नियंत्रण कक्ष के प्रभारी/नोडल पदाधिकारी उनके मोबाईल नम्बरों पर प्रतिदिन नलकूप मरम्मति हेतु प्राप्त शिकायतों को नलकूप मरम्मति गैंग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

"जल जीवन के अमृत है,
इसके एक–एक बूंद का सदुपयोग करें,
अनावश्यक वर्बाद न करें"

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।

PR.NO.323760 Drinking Water and Sanitation(24-25):D

# बीजेडी उम्मीदवारों की चौथी सूची की घोषणा

**बीजेडी ने भुवनेश्वर सेंट्रल सीट से अनंत नारायण जेना को फिर एक बार मैदान में उतारा है**

**दूसरी ओर, बीजेडी ने भूपिंदर सिंह की जगह कलाहांडी संसदीय क्षेत्र की नर्ला विधानसभा सीट से मनोरमा महांति को मैदान में उतारा है।**

**पार्टी ने चक्रमणि कन्हर को बालिगुडा सीट के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** बीजू जनता दल ने विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी कर दी है। इस बीच, भूपिंदर सिंह की जगह कलाहांडी संसदीय क्षेत्र की नर्ला विधानसभा सीट से मनोरमा महांति को मैदान में उतारा है। इसी तरह, बीजेडी ने संबलपुर से रासेश्वरी को हटाकर पूर्व सांसद प्रसन्न आचार्य को टिकट दिया। सम्बित की जगह उनकी पत्नी गीतांजलि को पारादीप से टिकट मिला। प्रेमानंद के पार्टी छोड़ने के बाद तेलकोई का टिकट माधव सरदार को दिया गया। पार्टी ने संबलपुर विधानसभा से पूर्व सांसद प्रसन्न आचार्य को टिकट दिया है। पार्टी ने रेढाखोल से रोहित पुजारी को दोहराया है। तालचेर से ब्रज प्रधान को एक बार फिर उम्मीदवार बनाया हैं, जबकि प्रभु जानी को लक्ष्मीपुर, संवित राउतराय की पत्नी गीतांजलि राउतराय को पारादीप सीट और माधव सरदार को तेलकोई से टिकट दिया गया है।

अनंत नारायण जेना को भुवनेश्वर सेंट्रल सीट से बिजेडी ने दोबारा चुना है। दूसरी ओर, बीजेडी ने भूपिंदर सिंह को निकाला कर कलाहांडी निर्वाचन क्षेत्र के नर्ला विधानसभा से मनोरमा महांति को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने चक्रमणि कन्हर को बालीगुडा सीट से उम्मीदवार घोषित किया है। इसके अलावा एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि बालेश्वर लोकसभा के लिए बीजेडी का टिकट लेखाश्रि सामंत सिंघार को दिया गया है। आज इन 9 को मिलाकर बीजेडी अब तक 117 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर चुकी है।

# राज्य में आज से फिर गर्मी की लहर बढ़ेगी, 14 और 15 के लिए येलो अलर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** आज से गर्मी फिर बढ़ेगी। राज्य में चार दिनों तक पारा ऊंचा रहेगा। मौसम विभाग ने दिन के तापमान में 6 से 8 डिग्री की वृद्धि और 43 से 44 डिग्री तक पहुंचने की पूर्वानुमान किया है। 14 और 15 तारीख को लू के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। लगभग 11 जिलों में 14 तारीख को गर्म और आर्द्र मौसम की स्थिति का अनुभव होगा। मौसम विभाग ने 15 जुलाई को 7 जिलों में संभावित गर्मी की स्थिति की चेतावनी दी है।

तटीय क्षेत्रों में तेज गर्मी होगा, जिससे रात का तापमान 3 से 4 डिग्री बढ़ जायेगा। इसी तरह 17 और 18 तारीख को गर्मी की लहर असहनीय हो सकती है। पिछले कुछ दिनों से राज्य में हो रही बेमौसम बारिश के कारण मौसम में बदलाव आया है। लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली।

## न्यूज रील्स

### पूर्व स्वास्थ्य मंत्री कमला दास का निधन



**भुवनेश्वर।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री कमला दास का निधन। भोगराइ की पूर्व विधायक और पूर्व मंत्री कमला दास का निधन हो गया। वह कई दिनों से फेफड़ों के संक्रमण से पीड़ित थी। हालांकि, आज कटक के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। उन्होंने 79 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। वह ओड़िशा की राजनीति में काफी सक्रिय थी। वह 1995–2000 में भोगराई विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से विधानसभा के लिए चुनी गयी थी।

# पूर्व तट रेलवे आरपीएफ ने 1060 किलोग्राम गांजा जब्त किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** आरपीएफ पूर्व तट रेलवे ने जनवरी से मार्च-2024 की अवधि के लिए प्रतिबंधित वस्तुओं के अवैध परिवहन के खिलाफ अभियान चलाया और ऐसे अभियानों के दौरान, 56 मामलों का पता चला, प्रतिबंधित सामग्री (गांजा) 1060 किलोग्राम, जिसका मूल्य 81,21,905/- रुपये है, जब्त किया गया। इस मामल में 88 लोगों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को सौंप दिया गया।

# कैलास कुलेसिका भाजपा में हुए शामिल

## उन्होंने कहा, मैं लक्ष्मीपुर के लिए बिजेडी के टिकट की घोषणा से निराश हूं, बीजू जनता दल ने वादे करके मुझे धोखा दिया है

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** कोरापुट लक्ष्मीपुर से पूर्व विधायक कैलाश कुलेसिका औपचारिक रूप से भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गये हैं। कैलाश प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए। उनके साथ ब्लॉक बीजेडी अध्यक्ष प्रमोद खरा और लक्ष्मीपुर निर्वाचन क्षेत्र के शताधिक समर्थको ने भी शामिल हुए। इससे पहले वे बीजेडी में थे।

सूचना मुताबिक कोरापुट लक्ष्मीपुर के पूर्व विधायक कैलास चंद्र कुलेसिका ने बीजेपी शिविर में बीजेपी में शामिल हुए। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि वह बीजू जनता दल (बीजेडी) का टिकट मिलने के बाद अगले 24 तारीख को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। हालांकि, कुलेसिका को टिकट न मिलने पर रातोंरात बीजेडी छोड़ दिया। बीजेडी द्वारा बुधवार को लक्ष्मीपुर विधानसभा सीट के लिए प्रभु जानी को अपना उम्मीदवार घोषित करने के बाद कैलाश कुलेसिका ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने पार्टी सुप्रीमो नवीन पटनायक को इस्तीफा भेज दिया है। उन्होंने कहा कि टीम ने उनकी मेहनत को नहीं समझा, इसलिए उन्होंने पार्टी छोड़ दी। प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष मनमोहन सामल और अरिंदम राय के उपस्थिति में बुधवार की रात को पार्टी में शामिल हुए।

# भारत की एडवाइजरी : नागरिक इरान और इजराइल नहीं जायें

## इरान दो दिन में इजराइल पर हमला कर सकता है

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** इरान-इजराइल में बढ़ते तनाव के बीच भारत समेत 5 देशों ने ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। इसमें नागरिकों को इरान और इजराइल न जाने की सलाह दी गयी है। एडवाइजरी जारी करने वाले देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, रूस और फ्रांस शामिल हैं। भारत ने शुक्रवार शाम को ट्रैवल एडवाइजरी में कहा है कि सभी भारतीय नागरिक अगली सूचना तक इरान और इजराइल की यात्रा न करें। विदेश मंत्रालय ने कहा, इरान या इजराइल में रहने वाले भारतीय वहां के दूतावासों से फौरन संपर्क करें और अपना रजिस्ट्रेशन करवायें। सभी अपनी सुरक्षा का ध्यान रखें और कम से कम बाहर निकलें। दरअसल, 1 अप्रैल को इजराइल ने सीरिया में ईरानी एम्बेसी के पास एयरस्ट्राइक की थी। इसमें इरान के दो टॉप आर्मी कमांडर्स समेत 13 लोग मारे गये थे। इसके बाद इरान ने इजराइल को बदला लेने की धमकी दी थी।



















# किंडर हेवन डे केयर सेंटर का उद्घाटन किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, खोरधा रोड द्वारा कार्यालय समय के दौरान रेलवे कर्मचारियों के बच्चों की देखभाल करने के लिए एक पहल की गयी है। उनके पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा खोरधा रोड मंडल के रेल कर्मचारियों के कल्याण के लिए एक और पहल की गयी है। रेल कर्मचारियों के कार्य समय में उनके बच्चों की देखभाल के लिए मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, खोरधा रोड में किंडर हेवन डे केयर सेंटर खोला गया। डे केयर सेंटर का उद्घाटन गुरसिमरन कौर, अध्यक्ष, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, खोरधा रोड और एच.एस.बाजवा, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधा रोड द्वारा किया गया। खोरधा रोड मंडल के पुरुष या महिला रेल कर्मचारी अपने 6 महीने से 6 साल तक के बच्चों को कार्यालय कार्य समय के दौरान यानी सुबह 9.30 बजे से शाम 6.30 बजे तक इस डे केयर सेंटर में बिना किसी शुल्क के रख सकते हैं। इस डे केयर सेंटर में बच्चों की आवश्यकता के अनुसार खेलने, सोने, खिलाने और सीखने की विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

उनके प्रवास के दौरान बच्चों की उचित देखभाल के लिए केयर टेकर नियुक्त किए गये हैं। किंडर हेवन डे केयर सेंटर के उद्घाटन के दौरान कल्याण पटनायक, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) शुभ्र ज्योति मंडल, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) शाखा अधिकारी एवं महिला कल्याण संगठन के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# केंद्रीय सूचना आयोग का चुनाव आयोग को नोटिस

## इवीएम-वीवीपैट से जुड़े आरटीआइ आवेदन पर जवाब नहीं दिया था

आजाद सिपाही संवाददाता







**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सूचना आयोग (सीआइसी) ने चुनाव आयोग (इसी) को नोटिस भेजा है। सीआइसी ने चुनाव आयोग पर कानून के उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए जवाब मांगा है। दरअसल, कुछ लोगों ने एक आरटीआइ लगायी थी, जिसमें चुनाव के दौरान इवीएम और वीवीपैट मशीनों की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया गया था। आयोग ने 30 दिन बीत जाने के बाद भी इस आरटीआइ का जवाब नहीं दिया. वरष्ठि अधिकारियों ने पहली अपील भी नहीं सुनी, जिस पर सूचना आयोग ने नाराजगी जाहिर की। पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा) अधिकारी एमजी देवसहायम ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों इवीएम, वीवीपैट और मतगणना की प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर को लेकर एक याचिका दायर की थी। इनमें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों और भारतीय प्रबंधन संस्थानों के प्रोफेसरों समेत मशहूर तकनीकी प्रोफेशनल्स, शिक्षाविदों, रिटायर्ड आइएएस, आइपीएस और आइएफएस अधिकारियों, आदि शामिल हैं।

# सीबीआइ को के कविता की 15 अप्रैल तक रिमांड मिली

**शराब नीति केस में कल तिहाड़ से गिरफ्तारी हुई थी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति केस से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में पूर्व सीएम केसीआर की बेटी के. कविता को दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 15 अप्रैल तक सीबीआइ की हिरासत में भेजा है। सीबीआइ ने कविता से पूछताछ करने के लिए 5 दिन की रिमांड मांगी थी। सीबीआइ का कहना है कि शराब नीति से जुड़ी साजिश का पदार्फाश करने के लिए कविता का सबूतों से सामना कराने की जरूरत है। उन्होंने आम आदमी पार्टी (आप) को रिश्वत के भुगतान के संबंध में संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उधर, के कविता के वकील ने सीबीआइ की इस कार्रवाई को अवैध बताया है। उन्होंने जांच एजेंसी पर मौलिक अधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगाया है। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। कविता मनी लाड्रिंग केस में 26 मार्च से न्यायिक हिरासत में थीं।

### सिसोदिया ने जमानत के लिए नयी याचिका दायर की



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। आम आदमी पार्टी के नेता और पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने जमानत के लिए नयी याचिका दायर की है। याचिका में इस बार उन्होंने लोकसभा चुनाव में प्रचार करने का हवाला दिया है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने मनीष की याचिका पर सुनवाई करते हुए सीबीआइ और इडी को नोटिस जारी किया है। मामले में अगली सुनवाई 20 अप्रैल को होगी। मनीष शराब नीति घोटाला केस में तिहाड़ में बंद हैं। सिसोदिया को केंद्रीय जांच ब्यूरो ने 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था।










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**